

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 धोनी की तरह अपनी कूल... | मोदी सरकार की विदेश नीति है जन... 12

वर्ष : 13 | अंक : 14 | नई दिल्ली, मंगलवार, 31 मई, 2022 | ज्येष्ठ, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.0°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज मौसम में हल्की ठंडक रहेगी, लू से भी मिलेगी राहत

## पोल

**क्या चार जुलाई को ज्ञानवापी मामले की सुनवाई में कुछ उचित फैसला आने की उम्मीद हैं ?**

| | |
|---|---|
| हां | 90% |
| नहीं | 05% |
| कह नहीं सकते | 05% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 52,720 |
| चांदी | 62,500 |
| सेंसेक्स | 55,925 |
| निफ्टी | 16,661 |

# हवाला मामले में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कोलकाता की एक कंपनी से जुड़े हवाला लेन-देन के मामले में की गई है। इससे पहले अप्रैल महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैन के परिवार और कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की थी। जिसके बाद दिल्ली भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने आप (आम आमदी पार्टी) सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना दिया और जैन को बर्खास्त करने की मांग की। सत्येंद्र को अरविंद केजरीवाल का करीबी माना जाता है। दो महीने पहले सीबीआई की तरफ से प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) में दर्ज एफआईआर के बाद जैन के परिवार और फर्मों से संबंधित 4.81 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया था। सीबीआई ने अगस्त 2017 में केस दर्ज किया था। बाद में ये मामला ईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था।



### सत्येंद्र जैन पर आरोप

- जैन ने कोलकाता के एंट्री आपरेटर को भेजी थी नकदी
- नकद ट्रांसफर के बदले शेल कंपनियों से मिले थे 4.81 करोड़ रुपए
- शेल कम्पनियों से मिली रकम से जैन ने जमीन खरीदी और कर्ज चुकाया

### शेल कंपनियों से मिले थे 4.81 करोड़ रुपए



- ईडी के मुताबिक जांच में पाया गया था कि 2015-16 के दौरान सत्येंद्र जैन एक लोकसेवक थे, तो उनके द्वारा लाभकारी स्वामित्व वाली और नियंत्रित कंपनियों को हवाला के जरिए कोलकाता बेस्ड एंट्री ऑपरेटरों को नकद ट्रांसफर के बदले शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। इस रकम का इस्तेमाल जमीन की सीधी खरीद या दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद को लिए गए कर्ज की अदायगी के लिए किया गया था।

**डॉ. ऋषिराज के साथ आया था नाम**

दिल्ली डेंटल काउंसलिंग के रजिस्ट्रार डॉ. ऋषि राज के घर पर पड़े सीबीआई छापे में सत्येंद्र जैन और उनकी कंपनियों से जुड़े दस्तावेज और दो करोड़ रुपए की बैंक डिपॉजिट स्लिप मिली थी। इससे पता चला था कि 2011 में जैन की कंपनियों के नाम पर दो करोड़ रुपए जमा कराए गए थे। इसके अलावा जैन के नाम पर दिल्ली के कराला गांव में 12 बीघा और 8 बीघा जमीन के बैनामा के साथ 14 बीघा जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी भी मिली थी।

## भारतीय जनता पार्टी नीति राजग सरकार के आठ साल पूरे

# मोदी है तो मुमकिन है : नड्डा

### पहले योजनाएं केवल कागज पर बनती थीं, अब ऐसा नहीं होता : भाजपा अध्यक्ष



### योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य

- उन्होंने कहा कि योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद पर हमने चोट की। हमारी योजनाएं गरीबों और अंतिम पायदान के व्यक्ति के लिए। पहले योजनाएं केवल कागज पर बनती थीं। अब ऐसा नहीं होता। कोरोना में सरकार ने पूरी ताकत से काम किया।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा सरकार की आठवीं वर्षगांठ के मौके पर कहा कि बीते आठ वर्ष जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के दंश से ग्रसित देश की राजनीति पर विकासवाद की जीत की अविरल यात्रा है। श्री नड्डा ने यहां ट्वीटर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के आठ सफल वर्ष पूरे हो रहे हैं। आठ वर्षों की यह यात्रा जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के दंश से ग्रसित देश की राजनीति पर विकासवाद की जीत की अविरल यात्रा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में काम करने के तरीकों में बदलाव आया है। पीएम ने भारतीय राजनीति की संस्कृति बदली है। सरकार के काम करने की शैली भी आज बदल गई है। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक हमने एक लंबी यात्रा तक की है। आज हम देश में एक जिम्मेदार सरकार देखते हैं, आज हम प्रो-एक्टिव, प्रो-रिस्पोंसिव सरकार देखते हैं। आज स्पष्ट है कि मोदी है तो मुमकिन है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण, ये मोदी सरकार के काम करने का तरीका है, ये मोदी सरकार की आत्मा है। भाजपा अध्यक्ष ने इस दौरान नमो एप का नया संस्करण भी लांच किया। नमो एप पर सरकार की उपलब्धियों का ब्योरा है।

## 2014 से पहले के 'दुष्चक्र' से उबर रहा देश : पीएम मोदी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत ने कोरोना महामारी से निपटने के लिए अपनी क्षमताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, युवाओं पर भरोसा दिखाया और दुनिया के लिए चिंता नहीं, बल्कि आशा की एक किरण बनकर उभरा। महामारी के नकारात्मक प्रभाव से उबरकर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है। देश भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय भेदभाव के दुष्चक्र से बाहर निकल रहा है, जिसमें वह 2014 से पहले फंस हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले आठ वर्ष में जो मुकाम हासिल किया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन' के तहत बच्चों के लिए कई सुविधाएं शुरू करते हुए एक कार्यक्रम में यह बयान दिया। कार्यक्रम में मोदी ने स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्कॉलरशिप भी जारी की। बच्चों को योजना के तहत पासबुक और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य कार्ड भी दिए गए। मोदी ने इस मौके पर कहा कि कोरोना महामारी के नकारात्मक माहौल के दौरान भारत ने अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखा।

### अनाथ बच्चों को हर माह मिलेंगे 4,000 रुपये

उन्होंने कहा, 'हमने अपने वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, युवाओं पर भरोसा दिखाया और हमारा देश दुनिया के लिए चिंता नहीं, बल्कि आशा की एक किरण बनकर उभरा। हम कोई समस्या नहीं बल्कि समाधान देने वाले बने।' कोरोना के कारण अनाथ हुए बच्चों को हर महीने 4,000 रुपये दिए जाएंगे, जिससे उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

**विश्व में भारत का गौरव बढ़ा**

उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले आठ वर्ष में जो मुकाम हासिल किया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज, विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है, वैश्विक मंचों पर हमारे भारत की ताकत बढ़ी है। मुझे खुशी है कि युवा शक्ति भारत की इस यात्रा का नेतृत्व कर रही है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय भेदभाव के दुष्चक्र से बाहर निकल रहा है, जिसमें वह 2014 से पहले फंस हुआ था।

"मोदी ने सत्ता को सेवा का माध्यम मानकर गरीबों, किसानों, महिलाओं व वंचितों को उनके अधिकार दिए जिससे लोकतंत्र में उनका विश्वास जगा और वो देश की विकास यात्रा में सहभागी बने। गरीबों वंचितों को हक दिला कर लोकतंत्र में विश्वास जगा पाये हम ।



**-अमित शाह**

"आठ सफल वर्षों में भारत की विश्व में एक नई पहचान बनी है। आज भारत पूरे विश्व में एक स्वाभिमानी और मजबूत नेतृत्व वाले देश के रूप में पहचाना जा रहा है। जन-विश्वास को आधार बना कर, सरकार ने विकास, सुशासन और जन कल्याण के नए प्रतिमान स्थापित किए गए हैं।



**-राजनाथ सिंह**

"'मोदी विदेश नीति' के आठ वर्षों में जनता केंद्र में रही है। यह ऐसी कूटनीति है जो हमारे विकास, सुरक्षा और सभ्यता के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देकर वैश्विक प्रभाव बढ़ाना, हमारी विदेश नीति के नये आयाम हैं।



**-एस जयशंकर**

"नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई अनेकों जनहितकारी योजनाओं के आशातीत परिणाम आ रहे हैं। देश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र एवं संतुलित विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक काम किया जा रहा है।



**-नरेन्द्र सिंह तोमर**

## किसान सम्मान योजना की 11वीं किस्त आज

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 31 मई को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला से देश के किसानों को किसान सम्मान निधि की 11वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद भी करेंगे। इस संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय योजनाओं के कुछ लाभार्थी भी सीधे जुड़ेंगे। पीएम मोदी ने खुद सोमवार को एक ट्वीट के जरिए इसके बारे में बताया है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम-किसान योजना के तहत 31 मई को करीबन 10 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर करेंगे। पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि कल 31 मई को 'गरीब कल्याण सम्मेलन' में भाग लेने के लिए शिमला में रहूंगा। यह एक विशेष पहल है जो लोगों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच संबंध को गहरा करती है। इस दौरान पीएम किसान की 11वीं किस्त भी जारी की जाएगी।

# सिविल सेवा परीक्षा में श्रुति शर्मा बनी टॉपर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

यूपीएससी ने सोमवार को सिविल सेवा परीक्षा-2021 के परिणाम घोषित किये, जिसमें पहले तीन स्थानों पर महिलाएं हैं। श्रुति शर्मा पहले स्थान पर रही जबकि अंकिता अग्रवाल और गामिनी सिंगला ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। आयोग ने बताया कि 508 पुरुष और 177 महिलाओं समेत कुल 685 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और आयोग ने विभिन्न केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिये उनके नामों की अनुशंसा की है। आयोग ने कहा, "सफल परीक्षार्थियों में पहले तीन पायदानों पर महिलाएं रहीं।" दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातक शर्मा का परीक्षा में एक वैकल्पिक विषय इतिहास भी था। दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई कर चुकीं अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहीं।



### पीएम मोदी ने दी बधाई

मोदी ने सफल परीक्षार्थियों को बधाई दी और परीक्षा पास न करने वालों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने ट्वीट किया, "सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2021 पास करने वालों को बधाई। इन युवाओं को मेरी शुभकामनाएं, जो भारत की विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण समय में अपने प्रशासनिक करियर की शुरूआत कर रहे हैं, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।"

# जैश व लश्कर का प्रशिक्षण शिविर अफगानिस्तान में : संराष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद के नेतृत्व वाले लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अफगानिस्तान के कुछ प्रांतों में प्रशिक्षण शिविर हैं और इनमें से कुछ पर तालिबान का सीधा नियंत्रण है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी दल की 13वीं रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य देश के हवाले से कहा गया है कि वैचारिक रूप से तालिबान के करीबी देवबंदी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के नंगरहार में आठ प्रशिक्षण शिविर हैं, जिनमें से तीन पर तालिबान का सीधा नियंत्रण है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस तिरुमूर्ति ने तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष के तौर पर सुरक्षा परिषद के सदस्यों के संज्ञान में लाने के लिए रिपोर्ट पेश की और परिषद का दस्तावेज जारी किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मसूर अजहर के नेतृत्व वाला जैश-ए-मोहम्मद वैचारिक रूप से तालिबान का करीबी है।

### सूचना

- कारी रमजान अफगानिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद का नवनियुक्त प्रमुख

# बदल रहा है युद्ध का तरीका : वायु सेना प्रमुख

पुणे, एजेंसी

वायुसेना प्रमुख वी.आर चौधरी ने सोमवार को कहा कि नई प्रौद्योगिकी और नये सिद्धांतों के आने के साथ युद्ध का तरीका मूलभूत परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। साथ ही, भारत के सुरक्षा परिदृश्य में बहुआयामी खतरे और चुनौतियां शामिल हैं, जिनसे निपटने के लिये लिए बहु-स्तरीय क्षमताओं और कम समय में अभियानों के क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। उन्होंने यहां महाराष्ट्र में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में 142वें पाठ्यक्रम की 'पासिंग आउट' परेड का निरीक्षण करने के बाद यह बात कही।



## आज हो सकती है पेट्रोल-डीजल की किल्लत!

**नई दिल्ली** पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर एक्साइज ड्यूटी घटने के बाद से पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन नाराज चल रहे हैं। पेट्रोल पंप चलाने वालों के मुताबिक, लगातार कीमतें स्थिर होने और फिर एक्साइज ड्यूटी घटने के चलते उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। वे अपने कमीशन में कोई संशोधन नहीं होने के विरोध में देशभर में कल प्रदर्शन करेंगे। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के बयान के मुताबिक, 24 राज्यों के लगभग 70,000 पेट्रोल पंप कल यानी मंगलवार 31 मई को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों से पेट्रोल और डीजल नहीं खरीदेंगे।

## संक्षिप्त खबर

### नेपाल विमान हादसे में सभी 22 लोगों की मौत

काठमांडू। नेपाल के पर्वतीय मुस्तांग जिले में विमानन कंपनी तारा एअर के दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार कोई भी व्यक्ति अभी तक जीवित नहीं मिला है। नेपाली मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। नेपाल की सेना ने सोमवार को बताया कि रविवार की सुबह दुर्घटनाग्रस्त हुए यात्री विमान का मलबा नेपाल के मुस्तांग जिले में मिला है। यह विमान करीब 20 घंटे से लापता था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि 14 शव बरामद किए गए हैं।

### बेंगलुरु में किसान नेता राकेश टिकैत पर स्याही फेंकी, कार्यक्रम में बवाल

बेंगलुरु। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत पर सोमवार को बेंगलुरु में स्याही फेंकी गई। स्याही फेंके जाने से टिकैत का चेहरा लगभग पूरी तरह काला हो गया। टिकैत के कार्यक्रम में मारपीट की भी खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बेंगलुरु के गांधीभवन में किसान नेता राकेश टिकैत के कार्यक्रम में मारपीट की खबर भी सामने आई है। वायरल हो रहे वीडियो में लोग एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि टिकैत के कार्यक्रम में हंगामा करने वाले कौन थे या उन्हीं के समर्थक आपस में भिड़ गए, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### 'सार्वजनिक नहीं जा सकती सीएम की सुरक्षा'

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा संबंधी जानकारियां सार्वजनिक नहीं की जा सकतीं। न्यायालय ने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर सुरक्षा इंतजाम को लेकर दिल्ली पुलिस की ओर से पेश की गई स्थिति रिपोर्ट आप विधायक सौरभ भारद्वाज को देने से इनकार करते हुए की है। हालांकि, न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को अदालत में पेश की गई स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में मुख्यमंत्री सचिवालय के साथ साझा करने का निर्देश दिया है।

### 13 देश मिलकर चीन को देंगे मात

नई दिल्ली। एशिया में चीन के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के बीच टोक्यो में 13 देशों के इंडो-पैसिफिक इकोनमिक फ्रेमवर्क (आइपीईएफ) नाम के नए आर्थिक मंच की घोषणा की गई। इसमें अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के अलावा प्रमुख आसियान देश भी शामिल हैं। चीन ने इसे इकोनमिक नाटो बताया है। वह क्वाड को भी एशियाई नाटो कह चुका है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या है आइपीईएफ ? यह कैसे चीन की विस्तारवादी नीतियों पर लगाम लगाएगा। इसके भारत से क्या लिंक है।

# ज्ञानवापी मामले की सुनवाई चार जुलाई को

वाराणसी/ मथुरा, एजेंसी

ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जिला अदालत याचिका की पोषणीयता पर विचार कर रही है। अदालत ने प्रतिवादी पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 04 जुलाई को मुकर्रर की। इसके पहले प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से मुकदमें को खारिज करने के पक्ष में दलीलें पेश की गईं। प्रतिवादी पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर के अंदर सर्वे के दौरान मिले शिवलिंगनुमा आकृति और उनकी पूजा करने के दावे पर आपत्ति जताई। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सिविल जज की अदालत में चल रहे श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह प्रकरण में सोमवार को दो अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की गयीं। पेश की गईं याचिकाओं में विवादित परिसर में मौजूद कथित साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की संभावना को समाप्त करने के लिए अदालत द्वारा कमिश्नर नियुक्त किए जाने तथा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में निरीक्षण करने के लिए वादी को परिसर में प्रवेश की अनुमति दिए जाने का आग्रह किया गया है।

### सुनवाई

- प्रतिवादी पक्ष का दावा- ज्ञानवापी परिसर वक्फ की संपत्ति
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण में दो अलग-अलग याचिकाएं दाखिल

विस्तृत समाचार पृष्ठ 8 पर

## एलजी ने किया गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने गाजीपुर में सैनिटरी लैंडफिल साइट का दौरा किया और अधिकारियों को अगले तीन दिनों के भीतर गाजीपुर, भलस्वा और ओखला स्थित तीनों कचरा पहाड़ों को पूरी तरह से हटाने के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्य पूरा करने की एक निश्चित तिथि का उल्लेख करते हुए कार्य योजना तैयार करने के लिए अधिकारियों की एक समर्पित टीम का गठन किया जाए। उन्होंने रिवर्स इंजीनियरिंग मॉडल को अपनाने का भी सुझाव दिया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि तय समय सीमा पर पूरी हो और लक्ष्यों को हासिल किया जा सके।

**मौसम ने ली करवट** दिल्ली-एनसीआर में तूफानी हवा व गरज के साथ करीब आधा घंटा हुई बारिश

# राहत के साथ आसमां से बरसी आफत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता





दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को मौसम ने करवट ली और गरज के साथ करीब आधा घंटा बारिश हुई। इससे लोगों को प्रचंड गर्मी से काफी राहत मिली है। लेकिन बारिश के साथ आई आंधी ने भारी नुकसान किया। उत्तर-पश्चिम भारत में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इसका असर दिल्ली-एनसीआर में भी देखने को मिल रहा है। चार बजते ही दिल्ली एनसीआर में एकाएक मौसम ने करवट ली और बारिश शुरू हो गई। हालांकि, 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा ने दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में भारी नुकसान किया है। पेड़ गिरने से भाजपा सांसद परवेश साहिब सिंह की कार क्षतिग्रस्त हो गई।

**आठ उड़ानें डायवर्ट**

खराब मौसम के कारण दिल्ली में आठ उड़ानों को जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, अहमदाबाद और देहरादून के लिए डायवर्ट किया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक दिल्ली में आंधी-बारिश के चलते 70 उड़ानों में देरी हुई। वहीं, पांच उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि 30 विमान दिल्ली लेट से पहुंची। खराब मौसम के कारण आठ उड़ानों को जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, अहमदाबाद, देहरादून के लिए डायवर्ट कर दिया गया है।

**बारिश से तापमान में गिरावट**

राजधानी में बारिश के चलते कई सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। कई जगहों पर भीषण जाम लग गया। हालांकि, बारिश से राजधानी के लोगों को थोड़ी राहत भी मिली। कई इलाकों में तापमान में मामूली गिरावट आई।

## संक्षिप्त खबरें

### टॉप टेन सूची में शामिल दो आरोपियों का चालान किया

अमरोहा। देहात थाना पुलिस ने टॉप टेन सूची में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर जिले के थानों में 53 मुकदमे दर्ज हैं। सोमवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान किया।एसओ बृजेश कुमार के मुताबिक मोहम्मद रफी पुत्र शबाबुल व नईमउद्दीन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी गांव कांकर सराय के खिलाफ जिले के थानों में गोवध,अवैध शराब तस्करी, अवैध शस्त्र, लूट, चोरी व दुष्कर्म के लगभग 53 मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर व गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई की गई है। दोनों काफी समय से फरार चल रहे थे लिहाजा दोनों को टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल किया गया था। सोमवार को दोनों आरोपियों को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

### यज्ञ आयोजन के साथ उपनयन एवं वेदारंभ संस्कार कार्यक्रम संपन्न

अमरोहा। श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा में उपनयन एवं वेदारंभ संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। सोमवार को कार्यक्रम के समापन अवसर पर यज्ञ आयोजित किया गया ।मुख्य अतिथि गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत व उनकी पत्नी दर्शना देवी रहे। एम बीके त्रिपाठी, एसपी विनीत जायसवाल, गुरुकुल प्रबंध समिति सदस्यों व बालिकाओं ने भी सहभागिता की। इस दौरान डीएम बीके त्रिपाठी ने अमरोहा की पहचान ढोलक उत्पाद महामहिम को भेंट किया। महामहिम के माध्यम से गुरुकुल के विकास के लिए 51 हजार रुपये की धनराशि का चेक भी प्रदान किया। समापन अवसर पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ महामहिम को विदाई दी गई। गुरुकुल की संस्थापिका आचार्या सुमेधा ने सभी का आभार जताया।

### पांच लिटर देशी शराब के संग तीन धंधेबाज को किया गिरफ्तार

गायघाट ।थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिस टीम एसआई मोनू कुमार के नेतृत्व में शराब कारोबारी के विरूद्ध छापेमारी करने गई ।जिसमें के बाद आसपास के सभी इलाकों में हड़कंप मच गया। अलग अलग जगहों से छापेमारी कर पांच लिटर देशी शराब के संग तीन धंधेबाज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि शिवदाहा से रामू मंडल और शिवदाहा बरैल से रौशन दास एवं भूसरा मलटोली से वकील सहनी को गिरफ्तार कर लिया हैं।

# रेलवे आधारभूत संरचना में नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण की कई परियोजनाएं पूरी : महाप्रबंधक

## पूर्व मध्य रेल ने पिछले 8 वर्षों में बिहार में रेल विकास के लिए पूरा कराएं कई बड़ी परियोजनाएं

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री के विजन एवं मार्गदर्शन में भारतीय रेल नई उंचाईयों को छू रहा है। इस क्रम में बिहार में पिछले 8 वर्षों में रेलवे के आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए नई लाइन, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण और विद्युतीकरण के क्षेत्र में कई कार्य पूरे किए गए हैं। जिससे इस क्षेत्र में विकास को एक नई दिशा मिली है। बिहार में रेलवे के आधारभूत संरचनाओं एवं यात्री सुविधा के विकास के लिए 2014-2022 तक प्रतिवर्ष औसतन 3960 करोड़ का आवंटन किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि काफी तेजी से लंबित रेल परियोजनाओं के साथ ही नई परियोजनाओं को पूरा किया जा सका है।

गंगा नदी बिहार राज्य को उत्तरी और दक्षिणी भागों में विभाजित करती है तथा उत्तर बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र को कोसी नदी पुनः पूर्वी एवं पश्चिमी हिस्से में विभक्त करती है। बिहार में गंगा नदी पर मात्र तीन पुल ही थे। भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में एक बिहार राज्य में अपर्याप्त रेल पुल, राज्य के विकास को बाधित करने वाले कारकों में से एक था। बिहार के एकीकरण हेतु रेलवे द्वारा गंगा नदी पर एक दीघा, पटना में एवं दूसरा मुंगेर में दो महासेतु का निर्माण किया गया जिससे उत्तरी बिहार एवं दक्षिणी बिहार के बीच आवागमन में काफी मदद मिली है। इसके साथ ही कोसी नदी पर भी एक पुल का निर्माण कार्य पूरा किया गया जिससे 88 वर्षों के बाद कोसी और मिथिलांचल के बीच रेल संपर्क पुनः स्थापित हो पाया। इसके साथ ही विगत वर्षों में सोन नदी पर डेहरी-ऑन-सोन और सोननगर के बीच नये पुल, हाजीपुर एवं सोनपुर के बीच गंडक नदी पर दूसरा रेल पुल तथा कोसी नदी पर कटरिया और कुरसेला के बीच एक नया पुल का निर्माण कार्य भी पूरा किया गया। प्रधानमंत्री ने 12 मार्च 2016 को नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल, पटना तथा रेल सह सड़क पुल, मुंगेर के रेलवे का भाग राष्ट्र को समर्पित किया। इसके साथ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्तमान राजेन्द्र पुल के समानांतर एक नए रेल पुल की आधारशिला भी रखी थी। 18 सितम्बर 2020 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कोसी महासेतु को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। पिछले 8 वर्षों में 2014 से 2022 तक रेलवे द्वारा बिहार में 309 किमी नई रेल लाईन, 370 किमी रेल लाइन का आमान परिवर्तन, 243 किमी लाइन का दोहरीकरण पूरा करते हुए उनपर ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया जा चुका है। उपरोक्त आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से न केवल इस क्षेत्र के लोगों को सस्ती, सुलभ एवं आरामदायक आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो पाई बल्कि इस क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है जो भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।

**विकास**

● यात्री सुविधा के विकास के लिए 2014-2022 तक प्रतिवर्ष औसतन 3960 करोड़ का आवंटन किया जा रहा है

पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने बताया कि वर्ष 2018-2019 में 8 किमी लंबे बिरौल-हरनगर नई रेल लाइन एवं 14 किमी लंबे रामदयालू-कुढ़नी एवं 14 किमी लंबे कुढ़नी-भगवानपुर रेलखंड दोहरीकरण का कार्य पूरा किया गया । इसके साथ ही, 42 किमी लंबे रक्सौल-नरकटियागंज, 11 किमी लंबे सकरी-मंडन मिश्र, 16 किमी लंबे सहरसा-गढ़बरूआरी एवं 16 किमी बनमनखी-बड़हरा कोठी रेलखंड का आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया गया। वर्ष 2019-2020 में 30 किमी लंबे घोसवर-वैशाली नई रेल लाइन एवं 21 किमी लंबे इसलामपुर-नटेसर नई रेल लाइन तथा 10 किमी लंबे समस्तीपुर-किशनपुर, 14 किमी लंबे भागवनपुर-घोसवर, 20 किमी लंबे बछवारा-मोहीउद्दीनगर, 13 किमी लंबे मोहीउद्दीनगर-शाहपुर पटोरी, 18 किमी लंबे मानपुर-वजीरगंज तथा 14 किमी लंबे बख्तियारपुर लिंक-बाढ़ रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया गया। इसके साथ ही, 25 किमी लंबे सुपौल-सरायगढ़, 11 किमी लंबे गढ़बरूआरी-सुपौल एवं 09 मंडन मिश्र-झांझरपुर रेलखंड का आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया गया।

वर्ष 2020-2021 में 13 किमी लंबे सरायगढ़-आसनपुर कुपहा नई रेल लाइन एवं 9 किमी लंबे दरभंगा-थलवारा रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया गया। इसके साथ ही 11 किमी लंबे सरायगढ़-राघोपुर एवं 9 किमी लंबे झांझरपुर-तमुरिया रेलखंड का आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया गया। 2021-2022 में 9 किमी लंबे निर्मली-आसनपुर कुपहा नई रेल लाइन एवं 7 किमी लंबे कटरिया-कुरसेला, 11 किमी लंबे साठी-नरकटियागंज, 12 किमी लंबे सहदेई बुर्जुग-शाहपुर पटोरी तथा 11 लंबे हाजीपुर-अक्षयवट राय नगर एवं 11 किमी लंबे पटलीपुत्र-पहलेजा रेलखंड रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया गया। इसके साथ ही, 20 किमी लंबे राघोपुर-ललितग्राम, 12 किमी लंबे बड़हरा कोठी-बिहारीगंज, 22 किमी लंबे तमुरिया-निर्मली का आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया गया।

इसके साथ ही 2 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा ने भारत-नेपाल रेल परियोजना के तहत प्रथम चरण में नव आमान परिवर्तित जयनगर-जनकपुर धाम-कुर्था रेलखंड पर डेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत के जयनगर और नेपाल के कुर्था के बीच डेमू सेवा के परिचालन प्रारंभ हो जाने के दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में बढ़ोतरी होगी। साथ ही दोनों देशों के बीच पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# बीयूएमएस डॉक्टर एसोसिएशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



पत्रकारिता दिवस पर बीयूएमएस डॉक्टर एसोसिएशन अमरोहा द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक जिला अस्पताल अमरोहा में किया गया। इस रक्तदान शिविर का विशिष्ट मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था और उसके साथ-साथ हमारे जो स्वास्थ्य कर्मचारी पत्रकार बंधु और सैनिक जो शहीद हुए हैं उनको सलाम पेश करना था। इस विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन अमरोहा के जिला अधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी द्वारा किया गया ।उन्होंने कहा कि बीडीए अमरोहा के द्वारा यह जो मुहिम चलाई गई है इसकी बहुत प्रशंसा की और सभी रक्तदान करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। बीडीए अमरोहा के अध्यक्ष डॉक्टर बिलाल तुर्की ने सभी लोगो को संबोधित करते हुए बताया कि रक्तदान करने से किसी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती और एक स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है। सचिव डॉ वसीम अकरम सैफी ने बताया कि बीडीए अमरोहा समय-समय पर इस तरह के प्रोग्राम करती रहती है जिससे मानव जाति का भला हो। डॉ फैज मोहम्मद ने बताया कि हमें बिना किसी जाति भेदभाव के इस तरीके के आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। बीडीए अमरोहा के ज्यादातर चिकित्सकों ने इस रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया और रक्तदान किया।इसके अलावा सभी चिकित्सकों से जुड़े हुए उनके मरीज हैं उन्होंने भी रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया और काफी बड़ी मात्रा में रक्तदान किया। अमरोहा इंचार्ज डॉ मनोज जी और उनकी पूरी टीम ने इस रक्तदान शिविर पूरी तरीके से सहयोग किया और सभी रक्तदान करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। डॉक्टर शहंशाह हैदर ने बताया कि बीडीए अमरोहा हर समय लोगों की भलाई के काम करने के लिए तत्पर रहती है अगर किसी को ब्लड की जरूरत पड़ती है तो उसका इंतजाम कराती है। और अगर किसी गरीब मरीज को किसी भी तरह की इलाज की जरूरत पड़ती है तो उसके लिए भी हमेशा आगे रहती है। इन सबके अलावा डॉ माज, डॉ गय्यूर हसन, डॉ कसीम, डॉ शारीक, डॉ अजीम डॉ आदिल इस मुहिम का मुख्य हिस्सा रहे।

### गंगा में नहाने गए भाई-बहन समेत सात लोग डूबे, एक की मौत

**बृजघाट।** गंगा में नहाते समय भाई-बहन समेत सात लोग डूब गए। भीड़ के शोर मचाने पर गोताखोरों ने छह लोगों को बमुश्किल सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि एक युवक की मौत हो गई। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद उसका शव बाहर निकाला जा सका। युवक की मौत के बाद से उसके परिवार में कोहराम मचा है ।दिल्ली के कौशिकपुरी सीलमपुर निवासी गौरव भारद्वाज अपने परिवार के साथ सोमवार को गंगा स्नान करने के लिए बृजघाट आया था। उसके मामा का बेटा अमन तथा बेटी पिंकी भी साथ थे। तीनों गंगाघाट के किनारे स्नान कर रहे थे। इसी बीच अठखेलियां करते हुए तीनों गहरे पानी में चले गए। तीनों डूबने लगे तो आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया। गोताखोर मौके की ओर दौड़े। पिंकी और अमन को काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला गया जबकि गौरव पानी में डूब गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने उसके शव को बाहर निकाला। गौरव की मौत की जानकारी से बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया ।इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी निवासी विकास, मेरठ के मेडिकल कालेज निवासी आदित्य राज और हापुड़ निवासी प्रिया भी नहाते समय पानी में डूब गए।

# महंगाई, बेरोजगारी व बुलडोजर राज के खिलाफ वामदलों का जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर,प्रात : किरण संवाददाता



महंगाई, बेरोजगारी व बुलडोजर राज के खिलाफ वामदलों के देशव्यापी अभियान के तहत भाकपा-माले, सीपीआई, सीपीएम ने संयुक्त रूप से मुजफ्फरपुर जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान दाम बांधो काम दो-वरना गद्दी छोड़ दो, रोको महंगी बांधो दाम -नहीं तो होगा चक्का जाम, बुलडोजर राज नहीं चलेगा जैसे नारे लगाए गये। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को दस सूत्री मांग-पत्र भी प्रस्तुत कर पेट्रोल, डीजल,रसोई गैस सहित अन्य पेट्रोलियम उत्पादों पर से सभी टैक्स वापस लेने, बेतहाशा बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाने, सभी रिक्त पदों को भरने व बेरोजगारी भत्ता के लिए कानून बनाने, राशन कार्ड सूची से गरीबों के नाम काटने पर रोक लगाने, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी कानून बनाने, अतिक्रमण के नाम पर गरीबों व अल्पसंख्यकों के घरों पर बुलडोजर चलाना बंद करने तथा सभी उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान समाहरणालय परिसर में आयोजित सभा की अध्यक्षता माले नेता रामनंदन पासवान, सीपीआई नेता चंदेश्वर चौधरी व सीपीएम के जिला सचिव अब्दुल गफ्फार ने की। सभा को माले नेता प्रो.अरविंद कुमार डे, सूरज कुमार सिंह, शत्रुघ्न सहनी, आफताब आलम, सीपीआई नेता व पूर्व विधायक जनकधारी प्रसाद कुशवाहा, रामकिशोर झा, अजय कुमार सिंह, सीपीएम नेता मदन प्रसाद, नमिता सिंह, दिनेश कुमार सहित महिला नेत्री शारदा देवी, रानी प्रसाद, शर्मिला देवी, ट्रेड्यूनियन नेता मनोज कुमार यादव, शंभू शरण ठाकुर,परशुराम पाठक सहित रामबालक सहनी, रामबली मेहता, होरिल राय, विन्देश्वर साह, विमलेश मिश्र, रामविलास राय,मोहम्मद इस्लाम, सुरेश यादव, अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, दिनेश भक्त व अन्य ने संबोधित किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। सभा को संबोधित करते हुए वाम नेताओं ने कहा कि जब देश आजादी का 75वां साल मना रहा है आमलोग बेलगाम महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त हैं। अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ी महंगाई और बेरोजगारी के कारण गरीबी तेजी से बढ़ी है। जीना दूभर हो गया है।

**प्रदर्शन**

● प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा गया मांग-पत्र

# 'जमीन खा गई आस्मां कैसे-कैसे' किताब का विमोचन

नौगांवा सादात, प्रात : किरण संवाददाता



कस्बा नौगांवा सादात में शाह रजाशाही के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नौगांवा सादात के गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता शिया जामा मस्जिद के मौलाना मसरूर हैदर ने किताब का हिजरा किया और संचालन गोहर नौगवी ने किया। नौगांवा सादात की हिस्ट्री पर सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखें इसके बाद मुख्य अतिथि और उर्दू किताब जमी खा गई, आसमा कैसे कैसे,

किताब के लेखक व प्रोफेसर सैयद अमीर हैदर आब्दी नौगावी ने उर्दू में लिखें नौगांवा सादात के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब नौगांवा सादात में रहकर पढ़ते थे और हिंदू मुसलमान सभी एक साथ खेलते और खाते थे ।वह दिन बहुत याद आते हैं और इस किताब में नौगांवा सादात के हिंदू मुस्लिम एकता और महिलाओं के पर्दे का भी जिक्र किया गया है उस समय मुस्लिम समाज में बुर्खा और हिंदू समाज में साड़ी के ऊपर चादर ओढ़ कर महिलाएं बाहर निकलती थी ।ईद होली दिवाली सभी त्योहारों को हिंदू और मुसलमान मिलकर मनाते थे। आज भी नौगांवा सादात में यही प्रथा कायम है। मैं भले ही चाहे युगांडा में रह रहा हूं लेकिन मुझे अपने वतन और नौगांवा सादात की बहुत याद आती है। इसलिए मैंने नौगांवा सादात के इतिहास को और यहां पर रहने वाले जन समुदाय और उनके प्रेम भाव उन सब पुरानी यादों का जिक्र किया है। जिससे आने वाली पीढ़ी अपने पूर्वजों के इतिहास को और यहां की परंपरा को किताब के माध्यम से पढ़कर समझ सकें। फिर सभी को किताबों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाह राजा शाही, असलम अंसारी, छोटे अंसारी, इनायत हैदर, जियाअब्बास, रिजवान हैदर, आदि मौजूद रहे।

### बुद्ध के विचारों को अपनाने की भिक्षुकों ने की अपील

**बोधगया।** शांति व अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं बोधगया क्षेत्र में विभिन्न मुद्राओं में स्थापित है। सोमवार को एक और बुद्ध मूर्ति का चिल्ड्रेन पार्क के पास अनावरण किया गया। यह अनावरण बोधगया के कई बौद्ध भिक्षुओं के द्वारा किया गया। नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मा सम्बुद्धस्स के साथ त्रिशरण बुद्धं सरणं गच्छामि, धम्म सरणं गच्छामि, संघ सरणं गच्छामि की ध्वनि गुंजायमान हो गई। बुद्ध वंदना करते हुए उनकी शिक्षाएं बताई गईं। बताया कि दुखों का निवारण मुमकिन है। दुखों की मूल वजह अज्ञान है। अज्ञानता के कारण ही इंसान मोह-माया और तृष्णा में फंसा रहता है। अज्ञान से छुटकारा पाने के लिए अष्टांग का पालन करना चाहिए। भिक्षु धम्मानंद ने बताया कि भगवान बुद्ध की विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मूर्ति का अनावरण कराया गया। बताया कि बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचारों को अपनाकर ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। समाज में शांति, करुणा, प्रेम और भाईचारा उनके विचारों के बदौलत ही लाया जा सकता है।

# सैकड़ों करोड़ रुपयों से चमकेगा तिगांव विधानसभा क्षेत्र : राजेश

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने गांव पलवली में आयोजित जन संवाद रैली में लोगों से सीधी बात की। उन्होंने लोगों को बताया कि सैकड़ों करोड़ रुपयों की योजनाओं से तिगांव क्षेत्र को चमकाने की तैयारी है।

हमारी दर्जनों योजनाओं पर काम चल रहा है और दर्जनों योजनाओं की प्लानिंग फाइनल स्टेज में है ।विधायक राजेश नागर ने कहा कि मोदी मनोहर सरकार के आठ साल के समय में इतना काम हुआ है जितना पहले कभी नहीं हुआ। सरकार की पॉलिसी भ्रष्टाचार मुक्त विकास है। हरियाणा में नौकरियों से भ्रष्टाचार, पर्ची खर्ची का हिसाब खत्म हो गया है। अब विकास कार्यों में भ्रष्टाचार पर कड़ा चाबुक चल रहा है। आएदिन गिरफ्तारियां हो रही हैं। भ्रष्ट अधिकारी जेल जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि मार्च में हुई तिगांव की प्रगति रैली के बाद विकास की योजनाएं मूर्त रूप लेने लगी हैं। पिछले दो साल का अध्याय हम भूलना चाहते हैं जिसमें पूरा ध्यान लोगों के जीवन को बचाने पर था। विकास कार्यों पर विभिन्न कारणों से भी रोक लगी थी। लेकिन अब हमने अपना ध्यान विकास की योजनाओं पर लगाया है। चल रहे निमार्णों को जल्द जनता को सौंपने पर हम काम कर रहे हैं। इसके साथ ही केंद्र, राज्य और निगम की योजनाओं के द्वारा भी हम तिगांव क्षेत्र को विकास की राह पर ले जा रहे हैं। नागर ने कहा कि विपक्ष केवल लोगों को बहकाने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष का काम होता है सरकार के गलत कार्यों के खिलाफ आवाज उठाना और नए प्रस्तावों को लाना लेकिन हमारा विपक्ष केवल झूठी बातों के प्रचार तक ही सीमित है। यही कारण है कि जनता अब इनकी बातों को सुनना तक पसंद नहीं करती है। विधायक राजेश नागर ने बताया कि तिगांव क्षेत्र वासियों ने मुझे सबसे ज्यादा वोट देकर जिताया था, मैं भी तिगांव को सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाने के लिए संकल्पित हूं। इसमें हमारे सीएम मनोहर लाल ने मुझे पूरा आशीर्वाद दिया है। उन्होंने हमारे यहां सडकों, पानी, सीवर, एजुकेशन आदि अनेक कार्यों के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है। इस अवसर पर प्रमोद भारद्वाज, गिर्राज शर्मा, प्रहलाद शर्मा, राजेश तंवर, लोकेश बैंसला, शीशराम अवाना, बृजेश ठाकुर, लाल मिश्रा, रीटा यादव, पं जयपाल शर्मा, डॉ राजेश्वर,बालकिशन भारद्वाज, ओमपाल आदि लोग मौजूद रहे।

### कोविड -19 मे अपना आश्रय दाता खो चुके 6 बच्चों को मिली सहायता

**मुजफ्फरपुर।** प्रधानमंत्री केयर फार चिल्ड्रेन योजना के तहत कोविड -19 मे अपने आश्रयदाता को खो चुके 6 बच्चों प्रधानमंत्री केयर फार चिल्ड्रेन योजना के तहत सहायता राशि दी गई । इस क्रम में जिला पदाधिकारी मुजफ्फरपुर के द्वारा उक्त योजना के तहत आच्छादित जिले के 6 बच्चों को स्नेह पत्र, वित्तीय लाभ संबंधी दस्तावेज, आयुष्मान कार्ड आदि प्रदान किया गया। लाभान्वात होने वाले बच्चों मे आकांक्षा कर्ण , आयुष मिश्रा , रागेश बनर्जी , सपना कुमारी ,काजल कुमारी और सिंपल कुमारी वामदलो ल है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन के लाभार्थियों को संबोधित करने के साथ यह कार्यक्रम आयजित हुआ। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी मुजफ्फरपुर के द्वारा उन सभी 6 बच्चे जो कोविड-19 के प्रकोप से प्रभावित हुए ,उन्हें वित्तीय लाभ से संबंधित दस्तावेज(पास बुक जिसमे 10 लाख रुपया क्रेडिट किया गया) एवं आयुष्मान कार्ड आदि उपलब्ध कराया गया।

### चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा किसानों के नए मसीहा : विजय कौशिक

**फरीदाबाद।** आंध्र प्रदेश की जनता और कांग्रेसियों की तरफ से दिए गए स्मृति चिन्ह व उपहारों को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय कौशिक ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को उनके दिल्ली आवास पर सौंप दिया। चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सम्मानित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय कौशिक ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि हुड्डा आज देशभर के किसानों की आवाज बनकर उभरे हैं और मोदी सरकार से देश के किसानों के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए हुड्डा ने जो कार्य किए हैं उसके कारण देशभर के किसानों में उनके प्रति आज भी श्रद्धा और विश्वास बना हुआ है। विजय कौशिक ने कहा कि आंध्र प्रदेश में संगठन चुनाव की जिम्मेदारी निभाने के लिए वहां जाने पर जब कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को यह पता चला कि मैं हरियाणा से हूं तो सभी लोग हुड्डा के बारे में पूछने लगे और हरियाणा की राजनीति के बारे में चर्चा करने लगे। श्री कौशिक ने कहा कि जब मैंने उन्हें बताया कि पार्टी हाईकमान ने हरियाणा में मजबूत संगठन के निर्माण के लिए चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा में भरोसा जताया है तो वह लोग बड़े खुश हुए।

# डीएम व एसएसपी की संयुक्त अध्यक्षता में शराबबंदी कानून को लेकर बैठक आयोजित

गया, प्रात : किरण संवाददाता




● शराबबंदी कानून को और सख्ती से पालन करवाने हेतु निर्देश दिया

जिला पदाधिकारी, गया डॉ. त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना अध्यक्ष, चौकीदार सहित अन्य पदाधिकारियों को शराबबंदी कानून को और सख्ती से पालन करवाने हेतु बैठक में निर्देश दिया गया।* अवैध शराब की बिक्री, शेवन, संग्रहण आदि को हर हाल में अंकुश लगाना आपकी पूरी जिम्मेदारी है, इसके पूरी कड़ाई से अनुपालन करावे।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जो आमस प्रखंड में जहरीली शराब की घटना घटी है, वैसे घटना दुशरे किसी अन्य टोले में पूर्णविरती ना हो, यह सुनिश्चित करावे। किसी भी स्तर पर कोई भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार में पूर्णता शराबबंदी कानून लागू है। यदि कहीं भी चोरी छुपे शराब की सूचना मिलती है तो त्वरित गति से छापेमारी करें। साथ ही जिले में कहीं भी जहरीली शराब, स्प्रीट या अन्य कोई मादक पदार्थ की सूचना मिलती है तो बिना समय गवाएं जांच करवाएं। डोभी चेक पोस्ट पर और कठोर निगरानी की आवश्यकता है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी को हर सप्ताह के कम से कम 2 दिन अलग-अलग समय औचक निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें साथ ही विगत कुछ दिन पहले अपर मुख्य सचिव श्री के के पाठक द्वारा डोभी चेक पोस्ट के निरीक्षण के क्रम में यह बताया गया था कि झारखंड राज्य से गया जिला होते हुए दूसरे राज्य जाने वाले रुट में गया बोर्डर का लगभग 13 रूट चिन्हित किए गए हैं, उन सभी रूट में जब तक चेकपोस्ट का निर्माण ना हो जाए तब तक तत्काल बैरिकेडिंग एवं ड्रॉपगेट लगाकर चेकिंग अभियान की व्यवस्था करें।

उन्होंने सभी अंचलाधिकारी, थाना अध्यक्ष एवं चौकीदार को सख्त हिदायत दिया कि यदि किसी गांव या टोले से शराब की सूचना मिलती है तो तुरंत छापेमारी का कार्य करवाएं साथ ही चौकीदारों के माध्यम से टोलों एवं गांव के आसूचनाओं को संग्रह करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह शनिवार के दिन भूमि विवाद के समीक्षा के दौरान चौकीदारों को भी संबंधित थानों में बुलाकर पैरेड करवाएं तथा अपने क्षेत्र में शराब की जानकारी लें तथा संबंधित चौकीदार से अनिवार्य रूप से शराब सम्बंधित शपथ पत्र लेना सुनिश्चित करे।

# वंछित चल रहे अपराधी रजनीश शर्मा एवं प्रदीप शर्मा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

प्रात : किरण संवाददाता,मनोज शर्मा

**गजरौला।** योगी सरकार की पुलिस प्रदेश में दबंग, बहुबली, अपराधी, भूमाफिया जैसे अपराधियों पर बढ़ते अपराध को रोकने के लिए कहर बनकर टूट रही हैं ।हां हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसे अपराधियों की कहानी जो जनपद सहारनपुर के रहने वाले हैं लेकिन जनपद अमरोहा में अमन चैन को बिगाड़ कर गुंडागर्दी ,अपराध भूमाफिया गर्दी का संगठित गिरोह स्थानीय भू माफियाओं से मिलकर चला रहे हैं।

एक ऐसे अपराधीयो की कहानी जिसने सरकारी कर्मचारी को फसाने के लिए उसके फर्जी कागजात तैयार कर डालें और उसका इस्तेमाल अपनी सुविधा के अनुसार अपने काले कारनामे करने लगा। फिर क्या था मामला पकड़ में आने के बाद थाना गजरौला में मुकदमा अपराध संख्या 279 /17 धारा 420, 467 ,468 ,471 में तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के पश्चात दर्ज किया गया। जिसमें कड़ी पैरवी एवं वादी मुकदमा के विधिक सलाहकार व अधिवक्ता डॉ.रविंद्र शुक्ला एडवोकेट द्वारा कड़ी पैरवी किए जाने पर उपरोक्त अपराधियों के विरुद्ध दायर चार्जशीट पर संज्ञान ग्रहण करते हुए न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए गए एवं लगातार अपराधियों द्वारा न्यायालय आदेशों की अवहेलना करने पर रजनीश शर्मा , प्रदीप शर्मा पुत्र गीताराम शर्मा निवासी ग्राम दीनारपुर ,थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर के विरुद्ध सी.आर.पी.सी 82 की कार्यवाही करते हुए उद्घघोषित अपराधी घोषित किया ।उसके बावजूद भी लगातार न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने पर कार्रवाई जारी है ।इसके बावजूद भी अभी तक उपरोक्त वांछित अपराधी पुलिस गिरफ्त से दूर संगठित अपराध को अंजाम देने में सक्रिय हैं तथा अपने मंसूबों में कामयाब होने के लिए वादी मुकदमा ,अधिवक्ता तथा अधिवक्ता परिवारजनों केस छोड़ने व केस से ना हटने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने व कातिलाना हमला , हत्या तक की धमकी दी गई है इस संदर्भ में जब अधिवक्ता डॉ.रविंद्र शुक्ला से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि वह कभी भी न्याय के रास्ते से पीछे हटने वाले नहीं हैं ऐसे अपराधी, माफियाओं ,भू माफिया की जगह योगी सरकार में सिर्फ जेल की सलाखें हैं , जेल की सलाखों में तत्काल भिजवा कर ही शुक्ला दम लेंगे ।साथ ही डॉ.रविंद्र शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि संगठित भू -माफिया व हमसाज मुजफ्फरनगर का हिस्ट्रीशीटर गिरोह मेरे व परिवारजनों पर कातिलाना हमला, हत्या ,साजिश को उतारू हैं किसी भी कीमत पर शुक्ला चुप बैठने वाले नहीं है ।गजरौला क्षेत्र से भू-माफिया गर्दी, माफियागर्दी का नामोनिशान खत्म कर दिया जाएगा अब देखना यह है कि जनपद अमरोहा पुलिस वांछित रजनीश शर्मा व प्रदीप शर्मा जो कई अन्य आपराधिक मुकदमों में भी सनलिप्त हैं को कब तक गिरफ्तार करके जेल की सलाखों में ठूसस्ती है ।



● जनपद सहारनपुर के रहने वाले वांछित अपराधी रजनीश शर्मा, प्रदीप शर्मा जनपद की शांति व्यवस्था को संगठित भू-माफिया गिरोह से मिलकर खूलेआम दे रहे चुनौती

## संक्षिप्त खबरें

### गाजीपुर सैनिटरी लैंडफिल साइट का दौरा करने पहुंचे उपराज्यपाल

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने गाजीपुर में सैनिटरी लैंडफिल साइट का दौरा किया और अधिकारियों को अगले तीन दिनों के भीतर गाजीपुर, भलस्वा और ओखला स्थित तीनों कचरा पहाड़ों को पूरी तरह से हटाने के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्य पूरा करने की एक निश्चित तिथि का उल्लेख करते हुए कार्य योजना तैयार करने के लिए अधिकारियों की एक समर्पित टीम का गठन किया जाए। उन्होंने रिवर्स इंजीनियरिंग मॉडल को अपनाने का भी सुझाव दिया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि तय समय सीमा पर पूरी हो और लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। साइट पर जैव-उपचार के चल रहे कार्य की समीक्षा करते हुए, जिसमें कचरे को अलग करना और पुनर्नवीनीकरण कचरे को उठाना भी शामिल है, उपराज्यपाल ने निर्देश दिया कि गाजीपुर अपशिष्ट-से-उर्जा संयंत्र को जल्द से जल्द चालू किया जाए ताकि राशि की मात्रा साइट पर जोड़ा जा रहा ताजा कचरा कम हो गया है। वहीं, पिछले साल गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत 2.0 के शुभारंभ के अवसर पर इन कचरे के टीले को साफ करने के प्रधान मंत्री के आह्वान को याद करते हुए, उपराज्यपाल ने दिल्ली में पूरी सरकारी मशीनरी को इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। यह रेखांकित करते हुए कि इसमें हुई चूक को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा और उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उपराज्यपाल ने एमसीडी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तीनों स्थलों गाजीपुर, भलस्वा और ओखला पर अपने प्रयासों के परिणामस्वरूप प्राप्त टीलों की ऊंचाई में कमी को नियमित रूप से सार्वजनिक करें।

### चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर युवक की हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के आदर्श नगर इलाके में हमलावर ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी जान ले ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक का मोबाइल फोन मौके से गायब मिला है। पुलिस अधिकारी लूटपाट की घटना से इंकार कर रहे हैं। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर हमलावर की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, युवक के पास से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान रीवा मध्य प्रदेश निवासी दुर्गेश शुक्ला के रूप में हुई है। वह लालबाग इलाके में रहता था और पार्किंग में काम कर रहा था। रविवार रात 10.58 बजे पुलिस को सूचना मिली कि हंस सिनेमा के पास एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस घायल युवक को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस को युवक के जेब से एक पर्स मिला। जिसमें छह हजार रुपये और उसका आधार कार्ड था। आधार कार्ड से उसकी पहचान दुर्गेश शुक्ला(22) के रूप में हुई। घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की छानबीन में पुलिस को पता चला कि घटना के समय दुर्गेश जीटी करनाल रोड हंस सिनेमा के सामने से पैदल जा रहा था। उसके हाथ में दो बीयर का बोतल था। इसी दौरान एक व्यक्ति पीछे से आया और उसपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गया।

# दिल्ली में झमाझम बारिश से राहत

## बारिश के बीच धूल भरी आंधी में कहीं गिरे पेड़ तो कहीं जाम ने बढ़ाई मुसीबत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली-एनसीआर में शाम 4 बजे के बाद अचानक मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। तेज धूल भरी आंधी के बीच दिल्ली-एनसीआर में दिन में ही रात हो गई। दिल्ली- एनसीआर में धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई है। इससे लोगों को बारिश से थोड़ी राहत मिली है। सोमवार को शाम को दिल्ली एनसीआर के मौसम में खासा बदलाव देखने को मिला। शाम होते ही आसमान में बादल छा गए और हल्की बारिश हुई। कई हिस्सों में धूल भरी आंधी भी चल रही है। दिल्ली में रात का नजारा दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी के बीच बारिश ने दिन में ही रात का नजारा पैदा कर दिया। दिल्ली के अलावा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत अन्य शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश जारी है। कई जगह गिरे पेड़ तेज आंधी के चलते दिल्ली-एनसीआर में कई इलाकों में पेड़ गिरने की भी खबर है। वहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, इस पूरे सप्ताह गर्मी व बढ़ता तापमान लोगों को परेशान करेंगे। इसी कड़ी में मंगलवार और बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। तीन तथा चार जून को मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले कुछ सालों में 31 मई से 4 जून के बीच अधिकतम तापमान 40.5 और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस तक रहा है। अगले कुछ दिन इस अवधि में अधिकतम तापमान 41 से 42 और न्यूनतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस तक रहने के आसार हैं। वहीं, इससे पहले रविवार को दिन भर तेज धूप और गर्मी का आलम रहा जबकि शाम के वक्त धूल भरी आंधी और हल्की वर्षा से मौसम खुशगवार हो गया। मौसम में अचानक आई इस तब्दीली से दिल्ली वासियों को गर्मी से तो राहत मिली ही, छुट्टी का दिन होने के कारण उन्होंने खूब एंजाय भी किया। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर 40.7 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 66 से 31 प्रतिशत रहा। यद्यपि पीतमपुरा, नजफगढ़, मुंगेशपुर व स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का अधिकतम तापमान 42 डिग्री पार कर गया। खराब मौसम के कारण छह विमानो को किया गया डाइवर्ट रविवार शाम छह बजे धूल भरी तेज आंधी का असर विमान सेवाओं पर भी पड़ा। आंधी के कारण आइजीआइ एयरपोर्ट के रनवे पर दृश्यता कम होने के कारण विमानों को डाइवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दिल्ली आ रहे छह विमानों को जयपुर और लखनऊ की ओर डाइवर्ट किया गया। सूत्रों का कहना है खराब मौसम के कारण कुछ विमान के उड़ान भरने में भी देरी हुई। हालांकि, देर शाम विमानों का परिचालन सामान्य हो गया। खराब श्रेणी में रही दिल्ली एनसीआर की हवा रविवार को भी दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में ही दर्ज की गई। सफर इंडिया का कहना है कि अभी कमोबेश यही स्थिति बनी रहेगी।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक रविवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 273 रहा। एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 252, गाजियाबाद का 267, ग्रेटर नोएडा का 266, गुरुग्राम का 254 व नोएडा का 304 दर्ज किया गया।

# नौकरशाही में बड़ा फेरबदल 34 आईएएस अधिकारियों सहित 40 अफसरों के तबादले

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




● दिल्ली की नौकरशाही में बड़ा फेरबदल, 34 कअर अधिकारियों सहित 40 अफसरों के तबादले, देखें पूरी लिस्ट

राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल के दौरान 40 वरिष्ठ नौकरशाहों के ट्रांसफर कर दिए गए। ट्रांसफर किए गए इन नौकरशाहों में 34 आईएएस अधिकारी हैं, जबकि 6 दानिक्स सेवा के अफसर हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के सेवा विभाग की ओर से ट्रांसफर ऑर्डर जारी किए गए हैं। दिल्ली के नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के कार्यभार संभालने के बाद अचानक इतने बड़े पैमाने पर आईएएस और दानिक्स अफसरों के ट्रांसफर और पोस्टिंग को काफी अहम माना जा रहा है। सक्सेना ने पिछले गुरुवार को ही नए उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के त्यागराज स्टेडिटम में कुत्ता टहलाने को लेकर चर्चा में आए आईएएस अधिकारी संजीव कुमार खिरवार के स्थान पर अब 1993 बैच के आईएएस अधिकारी के.आर मीणा को प्रिंसिपल सेक्रेटरी (रेवेन्यू) कम डिवीजनल कमिश्नर के रूप में तैनात किया गया है। वहीं, 1994 बैच के आईएएस अधिकारी संजीव कुमार खिरवार को केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख में ट्रांसफर कर दिया गया था। वहीं, 1995 बैच के आईएएस अधिकारी एच राजेश प्रसाद को शिक्षा विभाग से प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग लगाया गया है। 1997 के पी. कृष्णमूर्ति को दिल्ली जल बोर्ड का सीईओ नियुक्त किया गया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार एजेंसी है। उदित प्रकाश राय, 2007 बैच के आईएएस अधिकारी, जो वर्तमान में सीईओ डीजेबी के रूप में तैनात हैं, को विशेष सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया है। 1995 बैच के आईएएस अधिकारी एच. राजेश प्रसाद को शिक्षा विभाग से प्रमुख सचिव से हटाकर लोक निर्माण विभाग में लगाया गया है। वहीं, 1997 बैच के आईएएस अधिकारी के पी. कृष्णमूर्ति को दिल्ली जल बोर्ड का सीईओ नियुक्त किया गया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार एजेंसी है। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी उदित प्रकाश राय जो वर्तमान में सीईओ डीजेबी के रूप में तैनात हैं, उन्हें विशेष सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया है। बता दें कि, राष्ट्रीय राजधानी की प्रशासनिक व्यवस्था में एक पखवाड़े से भी कम समय में एक बड़ा बदलाव आया है, जिसमें दिल्ली को नरेश कुमार के रूप में नया मुख्य सचिव मिला। वहीं, एमसीडी को एकीकृत के बाद 1992 बैच के आईएएस अधिकारी और नव नियुक्त विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार द्वारा चलाया जा रहा है।

# उपचुनाव के मद्देनजर दुर्गेश पाठक ने पांडव नगर व बुध नगर में की पदयात्रा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने राजेंद्र नगर उपचुनाव के मद्देनजर आज (सोमवार, 30 मई) को पांडव नगर और बुध नगर में पदयात्रा की। वहां की जनता ने राजेंद्र नगर उपचुनाव प्रभारी दुर्गेश पाठक का हर्षोउल्लास के साथ स्वागत किया। संवाद के दौरान लोगों ने अपनी पसंद स्पष्ट कर दी। सभी ने दुर्गेश पाठक को गले लगाकर आम आदमी पार्टी को समर्थन का आश्वासन दिया है। लोगों का कहना है कि हम भाजपा के भ्रष्ट लोगों से पहले ही बहुत परेशान हो चुके हैं इसलिए राजेंद्र नगर में सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी को ही लाना है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर उपचुनाव प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि राजेंद्र नगर विधावसभा उपचुनाव में अधिक वक्त नहीं बचा है। जल्द ही जनता को अपना नया विधायक मिलने वाला है। इसी के मद्देनजर हमने राजेंद्र नगर क्षेत्र में पदयात्रा कर जनसंवाद किया। जिस प्रकार से जनता ने आम आदमी पार्टी का स्वागत किया, उससे मन बेहद प्रसन्न है। हमने लोगों से पूछा कि राजेंद्र नगर में किस प्रकार की राजनीति चाहते हैं, तो सभी का यही कहना था कि हमें अरविंद केजरीवाली की काम की राजनीति चाहिए। उन्होंने दिल्लीवासियों के लिए जो काम किए हैं, उन्हें नकारा या नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की दशा बदलकर रख दी है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की एमसीडी ने दिल्ली में जबर्दस्त भ्रष्टाचार किया। अपनी लूट की स्कीमें चलाकर दिल्ली को बर्बाद कर दिया। वहीं आम आदमी पार्टी के लिए जनता की खुशी सबसे अधिक मायने रखती है। आम आदमी पार्टी का मुख्य उद्देश्य जनता की सहूलतों का ख्याल रखना है। और इस प्रकार पदयात्रा कर हमें जनता के मन की सुनने का अवसर मिलता है। जहां लोग अपनी समस्याएं भी खुलकर साझा कर पाते हैं और अपनी इच्छाएं भी खुलकर बता बाते हैं। आम आदमी पार्टी हर प्रकार से इस बात को सुनिश्चित करती है कि जो भी काम हो रहे हैं उनसे जनता को लाभ मिल रहा है।

# भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई जमीन पर बनेगा मार्डन स्कूल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तर पूर्वी जिले के सुंदर नगरी क्षेत्र में दिल्ली शिक्षा निदेशालय द्वारा नए माडर्न स्कूल का निर्माण होने जा रहा है। शिक्षा निदेशालय की इस जमीन पर कई वर्षों से भूमाफियाओं का कब्जा था, लेकिन अब यहां से अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाकर, शिक्षा का मंदिर बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए शिक्षा निदेशालय एस्टेट ब्रांच ने पीडब्ल्यूडी को आदेश भी जारी कर दिया है। इसके साथ ही समय- समय पर शिक्षा विभाग को निर्माण कार्य की स्टेटस रिपोर्ट देने के लिए भी कहा गया है। नया स्कूल भवन तैयार होने से इस घनी आबादी वाले क्षेत्र के बच्चों को काफी लाभ होगा, उन्हें दाखिले के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। आबादी बढ़ने पर बढ़ी स्कूल की जरूरत उत्तर पूर्वी जिले (द्वितीय) के उप शिक्षा निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि सुंदर नगरी के एफ एक व एफ दो ब्लाक में पहले से ही एक स्कूल है। लेकिन आबादी बढ़ने के साथ एक और स्कूल की जरूरत यहां नजर आ रही है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग की खाली पड़ी जमीन पर एक और नया स्कूल बनेगा। यह नया स्कूल भवन कई सुविधाओं से संपन्न होगा। यहां बच्चों के बैठने की अच्छी व्यवस्था होगी। 50 करोड़ रुपये का हुआ है बजट आवंटन इसके निर्माण के लिए शिक्षा निदेशालय एस्टेट ब्रांच की ओर से करीब 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटन कर दिया गया है और पीडब्ल्यूडी को जल्द ही इस भवन का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है। पीडब्ल्यूडी को हर माह निर्माण कार्य की स्टेटस रिपोर्ट शिक्षा विभाग के पास भेजनी होगी। यहां ग्राउंड फ्लोर सहित चार मंजिला भवन का निर्माण होगा। इसमें 160 कमरों सहित एक बहुउद्देशीय हाल, 16 शौचालय ब्लाक, फर्नीचर व एक लिफ्ट का निर्माण किया जाएगा। साथ ही आसपास की जगह का सुंदरीकरण भी किया जाएगा। पिछले साल स्कूल की जमीन हुई थी अतिक्रमण मुक्त सुंदर नगरी में शिक्षा विभाग की इस जमीन को हमने पिछले वर्ष अतिक्रमण मुक्त कराया था, यहां भूमाफियाओं का कब्जा था। अब यहां एक माडर्न स्कूल बनाया जाएगा। यहां बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# 100 फीसद नेत्रहीन दिल्ली की आयुषी ने हासिल किया 48वां स्थान



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

संघ लोक सेवा आयोग का परिणाम घोषित हो चुका है और हर तरफ टॉपर्स की चर्चा हो रही है। देश की सबसे प्रतिष्ठित इस परीक्षा के पहले तीनों पायदान पर लड़कियों ने बाजी मारी है। हालांकि, सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है 48वां स्थान प्राप्त करने वाली दिल्ली की आयुषी शर्मा की। आयुषी देख नहीं सकती हैं। वह 100 फीसद नेत्रहीन हैं, बावजूद उन्होंने अपने हौसलों की उड़ान से सामान्य वर्ग के टॉप 50 में जगह बनाई है। दिल्ली की आयुषी पूरी तरह से नेत्रहीन है लेकिन इनके हौसले की कहानी किसी से भी कमजोर नहीं हैं। हर दिन को खास बना कर जीने वालीं आयुषी के लिए आज का दिन दिन भी बेहद खास है। इन्होंने अपने हौसल की दम पर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के परिणाम में 48वां रैंक हासिल किया है। दिल्ली के रानीखेड़ा की रहने वालीं आयुषी बचपन से ही टॉपर रही हैं। उनकी पढ़ाई दिल्ली से ही हुई है। दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन और इग्नू से पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाली आयुषी हमेशा से ही पढ़ाई में आगे रही हैं। उन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से बीएड की पढ़ाई भी की है। बता दें कि वह अभी इतिहास की लेक्चरर हैं।

# संत दर्शन सिंह जी की 33वीं पुण्यतिथि पर भण्डारा आयोजित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने यू-ट्यूब पर शिकागो, अमेरिका से लाइव टेलीकास्ट के जरिये दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज (14 सितंबर, 1921-30 मई, 1989) की 33वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उन्हे याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दिव्य-प्रेम, दया और अपनी जिंदगी के जीते-जागते उदाहरण के द्वारा लाखों लोगों को अध्यात्म और ध्यान-अभ्यास के मार्ग पर चलाया। उन्होंने कहा कि संत दर्शन सिंह जी महाराज दिव्य-प्रेम, दया और करुणा के प्रतीक थे। उन्होंने हमारे अंदर छुपे हुए प्रभु-प्रेम को जागृत किया और लाखों भाई-बहनों को अंधकार से भरी जिंदगी से निकालकर प्रभु की चेतनता, प्रकाश व प्रेम की ओर ले गए। सत्संग के ऑन लाइन कार्यक्रम से पूर्व पूजनीया माता रीटा जी ने 16वीं शताब्दी की भक्त मीरा बाई जी की वाणी से दरस बिन दूखन लागे नैन शब्द का गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने संत दर्शन सिंह जी महाराज की शिक्षा जोकि जीवन को बदलने वाली है, के बारे समझाते हुए कहा कि वे चाहते थे कि हम अपने सच्चे आत्मिक स्वरूप को जानते हुए अपने जीवन के प्रमुख उद्देश्य अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को इसी जन्म में पूरा करें। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि आज से 33 साल पहले संत दर्शन सिंह जी महाराज शारीरिक रूप से इस धरती को छोड़कर चले गए लेकिन आज भी उनकी शिक्षाएं और प्रेम सदा-सदा के लिए हमारे साथ हैं। उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालते हुए हम अपनी जिंदगी के उद्देश्य को पूरा करें। दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज के 30 मई, 1989 को महासमाधि में लीन होने के पश्चात उनके रूहानी कार्यभार को संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने संभाला और आज वे उनके द्वारा दी गई संत-मत की शिक्षाओं को संपूर्ण विश्वभर में फैला रहे हैं। जिसके फलस्वरूप उन्हें विभिन्न देशों द्वारा अनेक शांति पुरस्कारों व सम्मानों के साथ-साथ पाँच डॉक्टरेट की उपाधियों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### रातों रात बनना था अमीर, गैंग बनाकर करने लगे वारदात

नई दिल्ली। रातों रात अमीर बनने का ख्वाब देखकर घरों में चोरी की वारदात करने वाले एक शातिर गैंग का बाहरी जिले के रनहौला थाना पुलिस ने पदार्फाश करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान सुनील, विकास और अनुज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान बरामद कर दर्जनभर वारदातों का खुलासा किया है। डीसीपी समीर शर्मा ने बताया कि बाहरी जिले में चोरी और सेंधमारी की लगातार हो रही घटनाओं पर रोक लगाने के लिए थानास्तर पर कई ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। जिसमें सरप्राइज चैकिंग, प्राईवेट वाहनों में सादे कपड़ों में गश्त,तिहाड़ जेल से बाहर आए बदमाशों की लिस्ट तैयार कर उनकी लोकेशन को ट्रेस करना आदी हैं। इसी बीच रनहौला थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अरुण कुमार और कांस्टेबल जोगिन्द्र जब इलाके में गश्त पर थे। उनको सूचना मिली कि चोर चोरी का सामान बेचने के लिये इलाके में आएगें।

# जल्द दिल्ली की सड़कों पर चलने वाली डीटीसी की बसों में दिखेंगी महिला ड्राइवर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उन्नाव की लक्ष्मी, छत्तीसगढ़ की लता, दिल्ली की पिंकी, बुलंदशहर की रेखा और समस्तीपुर की आरती जैसी 38 लड़कियां और महिलाएं जल्द ही दिल्ली की सड़कों पर डीटीसी की बसें चलाती दिखेंगी। इनका बस चलाने का प्रशिक्षण पूरा हो गया है और अब हैवी लाइसेंस व बैज बनाए जाने का काम पूरा होना है। इस काम में करीब दो माह लग सकते हैं। दिल्ली सरकार की योजना इन्हें इलेक्ट्रिक बस देने की है, जो बसें पूरी तरह आटोमेटेड हैं। बसें चलाने के लिए ये सभी उत्साहित हैं। दिल्ली सरकार ने बुराड़ी में ड्राइवर प्रशिक्षण संस्थान में भारी मोटर वाहन लाइसेंस हासिल कराने के लिए महिलाओं के लिए मुफ्त प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया था, जिससे महिलाओं के लिए डीटीसी बसों को चलाने में सक्षम होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रशिक्षण लेने के बाद सभी खुश हैं। उनका कहना है कि अब लोग कहेंगे कि देखो लड़की बस चला रही है। उनका बस चलाने का सपना पूरा होगा और डीटीसी में नौकरी मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। महिला बस चालकों में उन्नाव के राजापुर के अचलगंज की लक्ष्मी हैं, जिनका मायका हरदोई के अजीजपुर में है। वह कहती हैं कि पिछले आठ साल से टैक्सी चला रही हैं। अब बस चलाएंगी तो अच्छा लगेगा। लता लाठौर छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा के गांव असौंदा की रहने वाली हैं। वह दिल्ली के बदरपुर इलाके में रहती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बस चलाना बहुत अच्छा लगा है। कैब चलाने वाली प्रीति अन्य महिलाओं के लिए एक उदाहरण स्थापित करना चाहती हैं। कानपुर के पास तेरवा औरैया गांव की हैं, यहां बदरपुर में अपने माता-पिता के साथ रहती हैं। वह कहती हैं कि अब मेरे माता-पिता को गर्व महसूस होता है कि उनकी बेटी बस चलाने जा रही है। चालक पिंकी ने कहा मैं आर्थिक तंगी के कारण 12वीं के बाद पढ़ाई नहीं कर पाई। इसलिए मैंने एक कैब सर्विस ज्वाइन की और ड्राइविंग सीखी। मैं बस ड्राइवर बनना चाहती थी, लेकिन बुराड़ी में प्रशिक्षण शुल्क महंगा था। जब मुझे पता चला कि सरकार मुफ्त में प्रशिक्षण दिला रही है, तो मैंने आवेदन कर दिया। बुलंदशहर के गांव घुंघरावली की रहने वाली रेखा अपने पिता के साथ दिल्ली में मदनपुर खादर में रहती हैं। वह कहती हैं कि जब लड़कियां हवाई जहाज चला सकती हैं, तो बस क्यों नहीं? हमें बस चलाने के प्रशिक्षण में कोई परेशानी नहीं हुई।

**प्रदर्शन** कांग्रेस ने मूसेवाला की हत्या के लिए आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है

# सिद्धू मूसेवाला की हत्या से आक्रोशित कांग्रेसियों ने केजरीवाल के घर के पास किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मशहूर पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या को लेकर पंजाब से दिल्ली तक आक्रोश है। कांग्रेस कार्यकताओं ने इसे पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की नाकामी बताते हुए सोमवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के घर के पास प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने मूसेवाला की हत्या के लिए आम आदमी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी सहित प्रदर्शनकारियों ने सुश्रुत ट्रामा सेंटर से केजरीवाल के आवास की ओर मार्च किया, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पुलिस अनिल चौधरी समेत कई नेताओं को हिरासत में लेकर सिविल लाइंस थाने ले गई। चौधरी ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या के लिए 'आप' सरकार जिम्मेदार है। अरविंद केजरीवाल को इसका जवाब देना होगा कि मूसेवाला की सुरक्षा वापस क्यों ली गई, जबकि उनकी जान को खतरा था और यह बात पंजाब में खुफिया एजेंसियों को पता थी। दूसरी ओर पंजाब में कांग्रेस नेता व गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का एक आरोपित को देहरादून से गिरफ्तार किए जाने की सूचना मिल रही है। पंजाब एसटीएफ ने उत्तराखंड पुलिस के साथ संयुक्त आपरेशन के बाद शिमला बाईपास नयागांव पेलियो से आरोपित को पकड़ा है। सिद्धू मूसेवाला रविवार शाम अपने चचेरे भाई व दो साथियों के साथ अपनी थार गाड़ी से जा रहे थे। तभी एक गाड़ी उनकी गाड़ी के सामने आकर रुकी और उसमें से उतरे अज्ञात लोगों ने गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियों के चलने की आवाज सुनकर गांव में दहशत का माहौल हो गया। गोलियां ऐसे चलाई गईं, जैसे शादी में पटाखे चलते हों। मूसेवाला की मौत पर देश विदेश में बैठे पंजाबी गमगीन व हर एक आंख नम मालवा सभ्याचारक मंच पंजाब के चेयरमैन कृष्ण कुमार बावा, पूर्व मंत्री मलकीत सिंह दाखा और समाज सेवी गुरमीत सिंह गिल ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के गायक सिद्दू मूसेवाला की मौत पर दुख का इजहार करते हुए कहा कि मूसेवाला की मौत पर देश-विदेश में बैठे हर पंजाबी गमगीन व हर एक आंख नम है। उक्त नेताओं ने कहा कि देश की एकता अखंडता हेतु लड़ने वालों की सुरक्षा वापस लेना पंजाब सरकार की प्राप्ति नहीं, नालायकी है।


## CATVISION LIMITED

CIN: L92111DL1985PLC021374
Regd. Office : H-17/202, Second Floor, Main Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092
Tel.: +91(120) 4936750, Fax: +91(120) 4936776, Website: www.catvisionindia.com Email: catvision@catvisionindia.com

**Extract of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2022**

(Rs. in lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 31.03.2022 (Audited) | Quarter ended 31.03.2021 (Audited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) | Year ended 31.03.2021 (Audited) | Quarter ended 31.03.2022 (Audited) | Quarter ended 31.03.2021 (Audited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) | Year ended 31.03.2021 (Audited) |
| 1 | Total Income from operations | 505.36 | 603.42 | 2166.50 | 2171.11 | 505.36 | 603.42 | 2166.50 | 2171.11 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (5.41) | 22.84 | 18.39 | 30.61 | (5.41) | 22.84 | 18.39 | 30.61 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (5.41) | 22.84 | 18.39 | 30.61 | (10.60) | 10.35 | 18.37 | 18.93 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (4.57) | 41.95 | 13.03 | 47.71 | (9.77) | 29.47 | 13.02 | 36.03 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | (4.57) | 41.95 | 13.03 | 47.71 | (9.77) | 29.47 | 13.02 | 36.03 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 |
| 7 | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10/- each) Basic: (in Rs.) Diluted: (in Rs.) | (0.08) (0.08) | 0.77 0.77 | 0.24 0.24 | 0.87 0.87 | (0.18) (0.18) | 0.54 0.54 | 0.24 0.24 | 0.66 0.66 |

Note:
1) The above is an extracts of Audited Standalone & Consolidated Financial Results which were reviewed by the Audit Committee and thearefter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 30th May, 2022.
2) The above results are prepared in accordance with the Indian Accounting Standards as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules issued thereunder, as amended.
4) The above is an extract of the detailed format of the Audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2022, filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above financial results are available on the website of the Stock Exchange **www.bseindia.com** and on the Company's website **www.catvisionindia.com.**

Place: Noida, U.P
Date: 30.05.2022

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
S.A. Abbas
Managing Director
DIN:00770259

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### राजधानी में डेंगू के अब तक 111 मामले मिले

नई दिल्ली। राजधानी में डेंगू के मामलों में हर सप्ताह बढ़ोतरी हो रही है। इस साल जनवरी से लेकर 28 मई तक डेंगू के 111 मामले सामने आए हैं। दिल्ली नगर निगम ने सोमवार को डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया को लेकर रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी से लेकर 28 मई तक मलेरिया के 18 मामले और चिकनगुनिया के आठ मामले सामने आए हैं। जबकि वर्ष 2021 में जनवरी से 28 मई 2021 तक 29 मामले सामने आए थे। वहीं मलेरिया के आठ मामले तथा चिकनगुनिया के चार मामले सामने आए थे। दिसंबर 2021 तक डेंगू के 9613 मामले थे और डेंगू से 23 लोगों की मौत हुई थी। जन स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस साल डेंगू की बीमारी से किसी मरीज की मौत दर्ज नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि निगम डेंगू के मामलों को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है, 200 डार्क चिन्हित किए गए हैं और इन स्थानों पर मच्छर मार दवाई और लार्वा को नष्ट करने के लिए छिड़काव कराया जा रहा है। रोकथाम के लिए जिन नए स्थानों पर डेंगू के मामले सामने आते हैं वहां डीबीसी कर्मचारियों को भेज कर लार्वा नष्ट करने के लिए दवाई का छिड़काव कराया जा रहा है।

### खराब श्रेणी में रही दिल्ली की हवा

नई दिल्ली। वातावरण में मौजूद धूल कणों के चलते राजधानी की हवा सोमवार को खराब श्रेणी में रही। दिल्ली का समग्र तौर पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 अंक से ऊपर रहा। सफर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के बीच वायु की गुणवत्ता इसी के आसपास रहेगी। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 201 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। दिल्ली के कई इलाकों की हवा 200 के अंक से ऊपर चल रही है। एक दिन पहले रविवार को यह 273 के अंक पर था। चौबीस घंटे के भीतर इसमें 72 अंकों की गिरावट आई है। लेकिन, अब भी यह खराब स्तर पर ही बना हुआ है। सफर के मुताबिक, इस समय दिल्ली की हवा में मौजूद पीएम 2.5 कणों से ज्यादा बड़े आकार वाले कणों में 75 फीसदी तक मात्रा धूल कणों की है। अगले तीन दिनों के बीच भी ऐसा ही रहने की संभावना है।

### दयालपुर में झगड़े का बचाव करने पर छात्र को चाकू घोपा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर में झगड़े का बचाव करना एक किशोर को भारी पड़ गया। तीन युवकों ने उसकी गर्दन व सीने में चाकू घोप दिया। घायल 16 वर्षीय शानिब मलिक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित शानिब परिवार के साथ दयालपुर के मुस्तफाबाद स्थित नेहरू विहार में रहता है। वह एक स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र है। रात 8 बजे वह घर के पास किराने की दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त सुहैल से तीन युवक झगड़ रहे थे। वह झगड़े का बचाव करने लगा। इस पर तीनों युवक भड़क गए और उसकी पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद एक युवक ने चाकू निकाल कर उसके गर्दन पर मारा। फिर सीने में घोप दिया। शानिब खून से लथपथ जमीन पर गिर गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे जीटीबी अस्पताल लेकर गए। पुलिस केस दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कोंडली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट दिसंबर तक होगा तैयार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कोंडली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को पुनर्विकसित करने का काम दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 45 एमजीडी सीवेज को साफ करने की है। जल बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट को अपग्रेड करने का 76 फीसदी काम पूरा कर लिया गया है। अपग्रेड होने के बाद केमिकल के जरिये वॉटर को ट्रीट किया जाएगा। इससे सिविल कार्य और भारी मशीनरी खरीदने के लिए उपयोग की लागत को कम करने में मदद मिलेगी। दरअसल, जल बोर्ड 2025 तक यमुना नदी की सफाई पूरी करने पर काम कर रहा है। इस कड़ी में ओखला, कोंडली व रिठाला संयंत्र को अपग्रेड किया जा रहा है। कोंडली संयंत्र में शाहदरा ड्रेन से सीवेज पहुंचता है। जल बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, पानी की बायोलॉजिकल ऑक्सीडेशन डिमांड 300 तक होती है।

# चौ0 अनिल के नेतृत्व में मूसेवाला की हत्या के विरोध में केजरीवाल निवास का किया घेराव

## मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए भगवंत सरकार तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे:चौ0 अनिल कुमार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- सत्ता में आने से पूर्व अरविन्द केजरीवाल ने यह दावा किया था कि उन्हें सुरक्षा, सरकारी बंगला और कार की कोई जरुरत नही है, परंतु अब ने केवल उन्होंने सभी सुविधाऐ ली हुई है

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की नृशंस हत्या के विरोध में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के निवास स्थान का घेराव किया क्योंकि पंजाब सरकार ने उनके सुरक्षा गार्डों को एक दिन पहले ही हटा लिया था। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कुछ नेताओं और अधिकारियों की सुरक्षा को केजरीवाल के इशारे पर कम कर दिया। सोची समझी साजिश के तहत चुनिंदा विशेष लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को हटाया गया, जिसका परिणाम मूसेवाला की हत्या हुई। उन्होंने मांग की कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे क्योंकि हाल ही में पंजाब मे कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भगवंत मान सरकार यह बताए कि सिद्धू मूसेवाला का सुरक्षा दायरा बिना सिक्यूरिटी ऑडिट के कैसे हटाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रामॉ सेन्टर चंदगीराम अखाड़ा पर एकत्रित होकर केजरीवाल निवास कीओर विरोध प्रदर्शन करने जा रहे है परंतु पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार सहित कार्यकताओं को पुलिस ने आगे नही जाने नही दिया और हिरासत में ले लिया। आक्रोषित कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में प्ले कार्ड लेकर केजरीवाल विरोधी नारे सिद्धू मूसेवाला को न्याय दो, प्रचार नही-पंजाब की जनता को सुरक्षा दो, पंजाब में बढ़ो अपराध का ग्राफ, केजरीवाल जवाब दो आदि नारे लगा रहे थे। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के साथ पूर्व सांसद श्री रमेश कुमार, पूर्व विधायक एवं कम्यूनिकेशन विभाग के चैयरमेन श्री अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, श्री विजय लोचव, श्री अमरीश गौतम, श्री वीर सिंह धींगान, प्रदेश उपाध्यक्ष अली मेंहदी, दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अमृता धवन, सभी जिला अध्यक्ष, सहित ब्लाक अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि सत्ता में आने से पूर्व अरविन्द केजरीवाल ने यह दावा किया था कि उन्हें सुरक्षा, सरकारी बंगला और कार की कोई जरुरत नही है, परंतु अब ने केवल उन्होंने सभी सुविधाऐ ली हुई है बल्कि दिल्ली और पंजाब से भारी सुरक्षा ली हुई है, जबकि उनकी जान को कोई खतरा नही है इस बात को दिल्ली पुलिस भी कह चुकी है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली की राजेन्द्र नगर विधानसभा के पूर्व विधायक राघव चढडा जिन्हें आम आदमी पार्टी ने पंजाब से राज्यसभा सांसद चुना गया है। उन्हें जान का कोई खतरा नही है फिर भी पंजाब सरकार ने भारी भरकम सिक्यूरिटी दी हुई है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार केजरीवाल के इशारे पर काम करके सुरक्षा व्यवस्था कम कर रहे है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भगवंत मान सरकार ने न सिर्फ जनसेवकों की सिक्युरिटी वापस ली बल्कि उसका भरपूर प्रचार भी किया जिसके कारण अपराधों में तेजी आई और सिद्धू मूसेवाला की राजनीति कारणों और मान सरकार की औछी राजनीति के तहत हत्या हो गई।

# कूड़े की समस्या पर चर्चा के लिए एलजी से समय मांगा : दुर्गेश

नई दिल्ली। आप ने दिल्ली को स्वच्छ रखने के तरीकों पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल विनय सक्सेना को पत्र लिखा है। पार्टी के निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली में साफ-सफाई और कूड़े का पहाड़ गंभीर समस्या है। इन मुद्दों पर चर्चा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि निगम की मुख्य जिम्मेदारी, दिल्ली की स्वच्छता को लेकर हमारे पास कई सुझाव हैं जो प्रभावी साबित हो सकते हैं। मुझे आशा है कि उपराज्यपाल थोड़ा समय निकालकर चर्चा के लिए अवश्य बैठेंगे। आप के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को शुभकामनाएं। मेरी यही आशा है कि दिल्ली की जनता के हित में हम मिलकर काम करें। दिल्ली में सफाई करना, निगम की मुख्य जिम्मेदारी है। आज मैंने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर उनसे मिलने का समय मांगा है। उनसे मिलकर मुख्यतौर पर दो मुद्दों पर बात करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि खुद केंद्र सरकार के सर्वे में दिल्ली देश का सबसे गंदा राज्य बताया गया है। हमारी चर्चा का पहला मुद्दा यही है। मैं और मेरी टीम पिछले तीन वर्षों से निगम पर काम कर रहे हैं और हमारे पास कई सुझाव हैं, जिसपर हम उपराज्यपाल से चर्चा करना चाहेंगे।

# फेसबुक फ्रेंड का संकट में फंसे होने का आए फोन तो हो जाएं होशियार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




मध्य जिला साइबर सेल की टीम ने तीन नाइजीरियाई को गिरफ्तार किया है। तीनों आनलाइन ठगी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े हैं। गिरोह फर्जी वैवाहिक साइट और इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म के जरिये युवक-युवतियों और उनके स्वजन से संपर्क कर शिकार बनाता था। दोस्ती करने के बाद किसी संकट में फंसे होने का झांसा देकर भी रुपये ऐंठ लेते थे। डीसीपी मध्य जिला श्वेता चौहान के मुताबिक इनके विभिन्न बैंक में अलग-अलग नाम से 25 खाते मिले हैं, जिनमें चार लाख रुपये जमा हैं। रकम को फ्रीज करा दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि गिरोह आठ साल के दौरान एक हजार लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। इनके पास से दो लाख रुपये नकद, 15 मोबाइल, 20 सिमकार्ड, दो लैपटाप व चार डोंगल बरामद किए गए हैं। इनकी गिरफ्तारी से मेघालय और आंध्रप्रदेश के मामले भी सुलझा लिए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम पाल ओनेजी अतुह, सैमुअल अनियागोर चिबुजोर और चार्ल्स पायस चुकवुएबुका हैं। इस शिकायत पर शुरू हुई थी जांच मनविंदर कौर ने नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत कर कहा था कि उन्होंने एक वैवाहिक साइट पर प्रोफाइल बनाया था। साइट के माध्यम से अंकित वर्मा नाम के एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया। उसने बताया कि वह कनाडा में रहता है और पेशे से डाक्टर है। बाद में वाट्सएप नंबर का आदान-प्रदान कर चैटिंग शुरू की। पिछले साल 22 दिसंबर को उसने कहा कि वह एयर कनाडा की फ्लाइट से आइजीआइ एयरपोर्ट पर दिल्ली पहुंचा है, लेकिन उसके पास ज्यादा डालर होने के कारण कस्टम अधिकारी ने रोक लिया है। कुछ ही देर में एक महिला ने दूसरे मोबाइल नंबर से फोन कर बताया कि अंकित वर्मा को एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया है। उसे छोड़ने के एवज में 55,900 रुपये का भुगतान करना होगा। उस पर यकीन करते हुए उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में दो किश्तों में रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में फोन करने वाली महिला ने डेढ़ लाख और भेजने की मांग की। तब शक होने पर आगे भुगतान करने से इन्कार कर दिया।

# दिल्ली की तिहाड़ जेल से जुड़े मूसेवाला की हत्या के तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




पंजाब कांग्रेस के नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे इसमें नए-नए खुलासे भी हो रहे हैं। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, लॉरेंस बिश्नोई और उनके सहयोगियों, काला जठेड़ी और काला राणा से दिल्ली पुलिस विशेष प्रकोष्ठ द्वारा सिद्धू मूसेवाला की हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि पंजाबी सिंगर और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की मौत की साजिश का संबंध दिल्ली की तिहाड़ जेल से हो सकता है। इस सिलसिले में जेल से एक फोन नंबर मिला है। कुछ दिन पहले शाहरुख नाम के एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह गैंगस्टर गोल्डी बरार के साथ संवाद करने के लिए एक मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल कर रहा था। पंजाब में मूसावाला की हत्या में लारेंस बिश्नोई का नाम आने पर जेल प्रशासन हुआ सतर्क लॉरेंस बिश्नोई दिल्ली की तिहाड़ के जेल नंबर आठ में बंद है और अब उस पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही जेल से कनाडा में अपने गैंगस्टर साथी गोल्डी बराड़ से बात करने के मामले में जेल प्रशासन जांच में जुट गया है। वहीं, सूत्रों की मानें तो दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ही हत्या की साजिश रची और फिर सिद्धू मूसेवाला को रविवार शाम को पंजाब में मरवा दिया। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि सिद्धू मूसेवाला की हत्या में दर्ज त्रफ्रक में लॉरेंस बिश्नोई का भी नाम है, इसलिए पंजाब पुलिस रिमांड पर लेने के लिए दिल्ली पुलिस से जल्द ही संपर्क कर सकती है। बताया जा रहा है कि हत्या की साजिश इतनी पुख्ता ढंग से रची गई थी, जिससे सिद्धू मूसेवाला जिंदा नहीं बचने पाए। हुआ भी यही बदमाशों ने सिद्धू मूसेवाला पर 30 राउंड फायरिंग की। कांग्रेस नेता की गाड़ी फुल प्रूफ नहीं इसलिए गोलियां उनके शरीर में लगीं। इसके बाद अस्पताल में डाक्टरों ने सिद्धू मूसेवाला को मृत घोषित कर दिया। हत्या की जिम्मेदारी गोल्डी बराड़ द्वारा लेने के साथ ही यह भी तय हो गया है कि कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश दिल्ली की तिहाड़ जेल में रची गई थी। दरअसल, लॉरेंस बिश्नोई दिल्ली की तिहाड़ जेल में ही बंद है। इससे पहले वह पूर्वी दिल्ली स्थित मंडोली जेल में बंद था, लेकिन पिछले कुछ महीने से वह तिहाड़ में है। बताया जा रहा है कि तिहाड़ जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई ने वर्चुअल नंबरों के जरिये विदेशी मुल्क कनाडा में रह रहे गोल्डी बराड़ से कई बार बात की थी। बातचीत के दौरान ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या का पूरा प्लान बना और फिर रविवार को इस साजिश को अंजाम दिया गया। सिद्धू मूसेवाला किसी भी हाल में नहीं बचे, इसलिए 30 राउंड से ज्यादा की फायरिंग की गई। वहीं, गोल्डी बराड़ ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए लिखा-, ह्यसभी भाइयों को राम राम, सत श्री अकाल, आज जो मूसेवाला की हत्या हुई है, उसकी जिम्मेदारी मैं गोल्डी बरार, सचिन विश्नोई, लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप लेते हैं। पोस्ट में आगे लिखा है कि इसने हमारे भाई विक्की मिड्डूखेड़ा की हत्या में मदद की थी। उसी का हमने आज बदला ले लिया है।

# अच्छे मतों के अंतर से चुनाव जीतने के लिए भाजपा इस रणनीति पर कर रही काम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता भी लगातार बैठकें कर रहे हैं साथ ही पोल खोल अभियान के तहत राजेंद्र नगर में जनसंपर्क कर रहे हैं
- सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए इन पार्षदों को शहरी केंद्र प्रमुख की जिम्मेदारी दी जाएगी।

राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। साथ ही रणनीतिक तरीके से विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक बूथ पर निगम से लेकर प्रदेश नेतृत्व के धुंरधरों की जिम्मेदारी तय की जा रही है। इनको पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार करने से लेकर घर-घर जाकर मतदाताओं और पार्टी के कार्यकताओं को एकजुट करना है। ताकि सीट पर तय होने वाला उम्मीदवार अच्छे मतों के अंतर से विजयी हो सके। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता भी लगातार बैठकें कर रहे हैं साथ ही पोल खोल अभियान के तहत राजेंद्र नगर में जनसंपर्क कर रहे हैं। दरअसल, बीते दिनों प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा और प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें वर्ष 2007 वर्ष 2012 और वर्ष 2017 में चुने गए कुल 50 पार्षदों को बुलाया था। इसमें निवर्तमान महापौर मुकेश सुर्यान और राजा इकबाल सिहं, पूर्व महापौर कमलजीत सहरावत और अवतार सिंह व स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता और अन्य पूर्व पार्षद शामिल थे। बैठक में इन सभी को शहरी केंद्र प्रमुख के तौर पर जिम्मेदारी देने का निर्णय हुआ। इसमें सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए इन पार्षदों को शहरी केंद्र प्रमुख की जिम्मेदारी दी जाएगी। विधानसभा में 177 बूथ है। भाजपा के संगठनात्मक ढांचे के अनुसार एक शहरी केंद्र पर दो से तीन बूथ होते हैं। इसमें निगम के इन धुरंधरों को अपने-अपने बूथ जिताने का दायित्व होगा। दरअसल, बीते दिनों प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा और प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें वर्ष 2007 वर्ष 2012 और वर्ष 2017 में चुने गए कुल 50 पार्षदों को बुलाया था। इसमें निवर्तमान महापौर मुकेश सुर्यान और राजा इकबाल सिहं, पूर्व महापौर कमलजीत सहरावत और अवतार सिंह व स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता और अन्य पूर्व पार्षद शामिल थे। बैठक में इन सभी को शहरी केंद्र प्रमुख के तौर पर जिम्मेदारी देने का निर्णय हुआ।


# नौसेना से रिटायर होने के बाद करने लगा ड्रग्स की तस्करी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

द्वारका जिला पुलिस के वाहन चोरी निरोधक दस्ते ने नशा तस्करों के गिरोह के दो बदमाशों जितेंद्र और धर्मबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे गांजा खरीदने वाले अमित नामक आरोपित को भी दबोचा है। जितेंद्र नौसेना से सेवानिवृत्त होने के बाद ड्रग्स तस्करी करने लगा। नौसेना में वह विशाखापत्तनम में तैनात था। विशाखापत्तनम में तैनाती के दौरान ही वह आंध्रप्रदेश व ओडिशा के गांजा तस्करों के संपर्क में आया और तस्करी करने लगा। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी ने बताया कि आरोपितों के पास से लगभग 90 किलो गांजा बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि 21 मई को दस्ते के प्रभारी इंस्पेक्टर कमलेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को सूचना मिली कि गांजा तस्करी करने वाला एक शख्स नंगली इलाके में आने वाला है। इस सूचना के आधार पर टीम ने इलाके में घेराबंदी कर जितेंद्र को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से 21.3 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस को जितेंद्र से धर्मबीर के बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने धर्मबीर को भी पकड़ लिया। धर्मबीर के पास से 64 किलो गांजा मिला। इसके बाद पुलिस ने अमित नामक व्यक्ति को दबोचा जो इनसे गांजा खरीदता था। इसके पास से से करीब चार किलो गांजा बरामद हुआ।

# युवती से मात्र दोस्ती के नाम पर युवकों के दो गुटों में हो गई मारपीट, एक युवक की मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



मधु विहार इलाके के एक पार्क में रविवार शाम युवती से दोस्ती को लेकर युवकों के दो गुटों में मारपीट हुई। आरोप है कि एक गुट ने दूसरे गुट के एक युवक के सीने में धारदार हथियार घोंपकर उसकी हत्या कर दी और उसे बचाने आए दोस्त को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मधु विहार थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पार्क पास लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। अमान परिवार के साथ गाजियाबाद की खोड़ा कालोनी में रहता था। परिवार में माता-पिता समेत कई लोग हैं। रविवार शाम को वह कालोनी में रहने वाले तीन दोस्तों अरमान, हमीदुल और राम सागर के साथ आइपी एक्टेंशन स्थित पृथ्वीराज चौहान वाटिका पार्क में गया था। पुलिस के मुताबिक पार्क में पहले से कुछ युवक बैठे हुए थे। यहां अमान और उसके दोस्तों का युवकों से एक युवती से दोस्ती को लेकर झगड़ा हो गया। बात बढ़ने पर युवकों के दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच एक गुट के किसी युवक ने अमान के सीने में धारदार हथियार घोंप दिया। अरमान ने अमान को बचाने की कोशिश की तो युवकों ने उसके पैर पर हमला कर दिया। यह देख पार्क में भगदड़ मच गई। वारदात के बाद आरोपित युवक मौके से फरार हो गए। हमीदुल व रामसागर ने किसी तरह अमान और अरमान को एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया।

सूचना — ग्रेजुएशन करने वालीं श्रुति शर्मा ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन 2021 परीक्षा में टॉप किया है

# डीयू से जुड़ी हैं यूपीएससी टॉपर श्रुति शर्मा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




संघ लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2021 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन करने वालीं श्रुति शर्मा ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन 2021 परीक्षा में टॉप किया है। वहीं, दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कालेज के छात्र विकास धाकड़ की 39वीं रैंक आई है। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन 2021 के घोषित परिणाम के अनुसार, डीयू से जुड़ीं श्रुति शर्मा ने परीक्षा में टॉप किया है तो उनके अलावा टॉप तीन पर लड़कियों ने ही इस बार कब्जा किया है। इस परिणाम में अंकिता अग्रवाल दूसरे और गामिनी सिंगला तीसरे नंबर पर रहीं। इस बार 685 उम्मीदवारों ने परीक्षा पास की है। सेंट स्टीफेंस कालेज से ग्रेजुएशन की है श्रुति शर्मा ने मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की रहने वालीं श्रुति शर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यायल के सेंट स्टीफेंस कालेज से इतिहास की छात्रा रही और उन्होंने इतिहास आनर्स में ग्रेजुएशन किया है इसके बाद श्रुति शर्मा दो साल से जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी से जुड़ कर तैयारी कर रही थीं। बता दें कि जामिया आरसीए से जुड़े कुल 23 प्रतिभागी यूपीएससी की परीक्षा में सफल हुए हैं, जबकि पिछले साल 52 छात्र सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हुए थे। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी के 23 छात्रों का हुआ संघ लोक सेवा आयोग में चयन। टापर श्रुति शर्मा भी आरसीए की छात्रा हैं। जामिया की कुलपति नजमा अख्तर ने श्रुति के घर पहुंचकर बधाई दी। यहां पर बता दें कि जामिया आरसीए ने सिविल सेवा परीक्षा-2022-2023 की प्रिलिमनरी और मेन परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रावास सुविधा के साथ फ्री कोचिंग के लिए आवेदन मांगे हैं। आनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 15 जून है। टाप 3 में छात्राएं संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा परिणाम में टाप तीन पर लड़कियों ने कब्जा जमाया है। वहीं, सफल परिक्षार्थियों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन सभी को बधाई जिन्होंने सिविल सेवा परीक्षा, 2021 को पास किया है। इन युवाओं को मेरी शुभकामनाएं जो भारत की विकास यात्रा के एक महत्वपूर्ण समय में अपने प्रशासनिक करियर की शुरूआत कर रहे हैं, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। श्रुति शर्मा के अलावा, दिल्ली विश्वविद्यालय से जुड़े दयाल सिंह कालेज से भी एक छात्र ने भी अपना लोहा मनवाया है। दयाल सिंह के छात्र विकास धाकड़ की 39वीं रैंक आई हैं। कालेज प्रशासन ने अपने छात्र की इस उपलब्धि पर उसे बधाई है। बता दें कि दयाल सिंह कालेज राजनीतिक गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है, लेकिन इस साल यहां से जुड़े छात्र विकास धाकड़ ने 39वीं रैंक लाकर न केवल दयाल सिंह कालेज बल्कि दिल्ली विश्वविद्यालय का नाम भी रौशन किया है।

# वीडियो से पुलिस ने दो घंटे में बदमाशों को दबोचा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी में चाकू की नोक पर दो बदमाश एक शख्स से लूटपाट करने लगे। वहां थोड़ी दूरी पर सादे कपड़ों में गश्त कर रही महिला पुलिसकर्मियों ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया तो वह चाकू से उन्हें मारने व चेहरा खराब करने की धमकी देने लगे। आसपास मौजूद कोई भी व्यक्ति मदद करने नहीं आया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने उनका वीडिया बना लिया और नंद नगरी थाने के स्टाफ को भेज दिया। नंद नगरी थाना पुलिस ने वीडियो के आधार पर दोनों बदमाशों को दो घंटे के भीतर दबोच लिया। पुलिस पकड़े गए आरोपी राजेश व नौशाद से पूछताछ मामले की जांच कर रही है। डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि शिष्टाचार योजना के तहत महिला कांस्टेबल सुख दर्शन व रूपा नंद नगरी में गगन सिनेमा बस स्टैण्ड के पास सादे कपड़ों में गश्त कर रही थीं। तभी दो बदमाशों ने बस में चढ़ रहे एक शख्स को खींचकर नीचे उतार लिया और चाकू की नोक पर लूटपाट करने लगे।

## क्लासिफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
फोन न. 011- 4909 4643
8130691217

### PUBLIC NOTICE

It is to inform the public at large that Mrs. Urminder Kaur, W/o Mr. Jagpreet Singh, (Aadhar No. 658135446583) R/o House No. 2B-35B, NIT, Faridabad, Haryana who is the joint owner with Mrs. Manpreet Kaur of the property i.e. Property bearing No. 1-B/123, area measuring 85 sq. yards, situated at NIT, Faridabad, Haryana, hereinafter referred to as "the said property", having acquired the same by virtue of Relinquishment Deed dated executed by Mrs. Sant Kaur, Mrs. Inderjeet Kaur, Mrs. Simran Kaur and Mr. Harmeet Singh (Document No. 4759 dated 4.09.2019). Against said Property, Tata Capital Housing Finance Limited (a Non-Banking Financial Company) is giving a Housing Loan to Siddhi Upadhyay & Shashi Kant Upadhyay, who would purchase the said property from the Present owner. It is hereby declared that title of the said Property, is absolutely valid, clear and marketable and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property. Any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

VIPUL KR. RAHEJA
(D/103IA/2000) Advocate
Chamber no. 55, Civil Side,
Tis Hazari Courts, Delhi

### PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that one Jasbir Malik s/o Sh. Hari Kishan Malik r/o A-2/42, Sector-18, Rohini, Northwest Delhi, Delhi, (Adhar- 3260-0358-9282), (GPA Holder of Jogendra Pal Sharma vide Regd. GPA dated 30.12.1998, doc. no. 71997), who is the owner of property i.e. Flat No. 42 on Ground Floor in Block-A, Pocket-2, Sector-18, Rohini, Delhi, hereinafter referred to as "said property" and said Jogendra Pal Sharma had acquired the same by virtue of Conveyance Deed dated 17.12.1998 executed by POI through DDA (Document No. 1901). Against said Property L&T Finance Limited is giving a Housing Loan to one Jagvesh Babu s/o Sh. Bhoop Singh R/o A-2/62, Sector-18, Rohini, Northwest Delhi, Delhi, (ADHAR- 4394 1859 6297), who would purchase said property from the Present owner i.e. Jasbir Malik (GPA of Jogendra Pal Sharma). It is hereby declared that title of the said Property, is absolutely valid, clear and marketable and there is no dispute / Litigation pending in any court of law, in respect of said Property. Whosoever, is having any objection to said mortgage OR any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 15 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

VIPUL KR. RAHEJA
(D/103IA/2000)
Advocate
Chamber no. 55, Civil Side,
Tis Hazari Courts, Delhi
Mob-9873150663

# गुरुग्राम की 60 अनाधिकृत कॉलोनियां होंगी नियमित: सीएम मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने हरियाणा प्रगति रैली में गुरुग्राम को 2711 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की दी सौगात

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता





यहां आयोजित हरियाणा प्रगति रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुरुग्राम जिला के लिए अब तक हुई रैलियों में सबसे अधिक राशि 2711 करोड़ रुपये की घोषणाएं इस रैली में की हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करोड़ों रुपये की घोषणाओं के साथ गुरुग्राम की 60 अनाधिकृत कॉलोनियों को भी नियमित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं में पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, सीवरेज व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल आदि क्षेत्रों से संबंधित विकास कार्य शामिल हैं, जिनमें लगभग 1275 करोड़ रुपये के विकास कार्य गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के माध्यम से करवाए जाएंगे। इनमें गुरुग्राम नगर निगम को विकास कार्यों के लिए सरकार से दी जाने वाली 200 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। उन्होंने अपनी घोषणाओं में गुरुग्राम के मुख्य बस स्टैंड के स्थान पर पांच एकड़ में सिटी बस स्टैंड बनाने और गुरुग्राम का अंतरराज्यीय मुख्य बस अड्डा गांव सिही में 15 एकड़ भूमि पर बनवाए जाने को शामिल किया। आज की घोषणाओं में उन्होंने खेलों से संबंधित 68 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूर की हैं। इसी प्रकार, सड़क निर्माण से संबंधित लोक निर्माण विभाग की 458 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मुख्यमंत्री द्वारा मंजूर की गई। एनसीआर में इलैक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा में जहां निकाय चुनाव हैं, उन क्षेत्रों को छोड़कर बाकी में 800 पुराने डीजल व पेट्रोल ऑटो को ई-ऑटों से बदलने की योजना लागू की जाएगी। ऐसी ही योजना गुरुग्राम जिला में पहले ही लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हर जिला में मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। गुरुग्राम जिला शीतला माता मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए टेंडर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले 3 सालों में सभी मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगे और मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीट बढ़कर 2900 हो जाएंगी, जो कि वर्तमान में 1650 हैं।इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने अपने संबोधन की शुरूआत में लोकप्रिय पंजाबी गायक सिद्धू मुसेवाला की सुरक्षा हटाने के बाद हुई उनकी हत्या पर उन्हें अपनी भावांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी जिन आदर्शों पर चल रही है उससे आने वाले समय मे निश्चित ही समाज की हानि होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रैली स्थल से ही सेक्टर-52 में नवनिर्मित राजकीय महिला महाविद्यालय का उद्घाटन किया। यह महाविद्यालय 10 एकड़ भूमि पर 14.5 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया हैं।

# गुरुग्राम में शुरू किया गुड मॉर्निंग गुरुग्राम अभियान

## डीपीएसजी एसएल व नगर निगम ने मिलकर शुरू किया यह अभियान



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

नगर निगम गुरुग्राम के सहयोग से डीपीएसजी सुशांत लोक द्वारा स्थानीय मालिबु टाऊन में स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत थीम पर आधारित गुड मॉर्निंग गुरुग्राम कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त-4 सुमित कुमार ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में निगम पार्षद कुलदीप यादव, बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी, इकोग्रीन एनर्जी सहित मालिबु टाऊन आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। इस प्रकार के कार्यक्रम गुरुग्राम के सभी वार्डों में अलग-अलग दिनों में आयोजित करने की योजना है। यह पहल डीपीएसजी सोसायटी द्वारा सामुदायिक आऊटरीच कार्यक्रम के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य जनकल्याण की भलाई के लिए समाज के साथ हाथ मिलाना है।इस मौके पर संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार ने अपने संबोधन में गुरुग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि सभी लोग स्वच्छ, सुंदर, ग्रीन एवं बेहतर गुरुग्राम बनाने में अपना योगदान दें। अपने घरों में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करें। गीले कचरे से खाद तैयार करके उसका उपयोग पौधों में करें तथा हरियाली बढ़ाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर निगम पार्षद कुलदीप यादव, मालिबु टाऊन आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, हैप्पी सोल्स क्लब के सदस्य और नगर निगम गुरुग्राम के ब्रांड एंबेसडर कुलदीप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनिन्दर एंड ग्रुप द्वारा भंगड़ा प्रस्तुत किया गया, जबकि स्कूल योग प्रशिक्षक द्वारा योग सत्र के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। डीपीएसजी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक और कंट्री क्लब रेस इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे।

# रविंद्र जैन ने मुख्यमंत्री से करवाया घोंसले का उद्घाटन



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्र संत तरुण सागर के आगामी जन्म दिवस पर अहिंसा क्रांति अभियान के तहत जैन समाज-14 के प्रधान और रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर एवं जीतो के सलाहकार रविंद्र जैन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से घोंसले का उद्घाटन कराते हुए दाना-पानी घोंसला लगवाया। मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रयास की सराहना की। पशु पक्षी बचाव अभियान के तहत रविंद्र जैन द्वारा यह मुहिम चलाई जा रही है। गर्मी में पक्षी प्यास और दाना के अभाव में ना रहें, इसलिए इन घोंसलों में ही दाना-पानी रखने की भी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उनके इस कार्य को नेक कार्य बताते हुए इसे सभी को करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन छोटे छोटे प्रयासों से हम बेजुबानों की जान भी बचा सकते हैं और खुद भी पुण्य कमा सकते हैं। इस अवसर पर हरियाणा ट्रेडर वेल्फेयर बोर्ड के सदस्य नवीन गुप्ता भी मौजूद रहे।

# गुरुग्राम को मिला दूसरा महिला कालेज, बस स्टैंड, मेडिकल कालेज भी जल्द: सुधीर

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा यहां 2711 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की जो घोषणाएं की गई हैं, उनसे निश्चित ही गुरुग्राम का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि लम्बे अर्से बाद मुख्यमंत्री की इतनी बड़ी रैली जिला में आयोजित की गई है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा प्रगति रैली हकीकत में ही हरियाणा की प्रगति को पंख लगा रही है। जिलावार रैलियों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री सौगात बांट रहे हैं। गुरुग्राम में अन्य जिलों में अब तक हुई रैलियों में सबसे अधिक राशि से विकास कार्यों की घोषणा मुख्यमंत्री ने की हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले एक-दो महीने में ही गुरुग्राम में कई बड़े प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो जाएंगे, जिन पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इनके शुरू होने के बाद गुरुग्राम में कई और समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सबसे ज्यादा समस्या यातायात जाम की रहती है। बस अड्डे के पास बनकर लगभग तैयार हो चुके अंडरपास से जाम की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी।

रैली में ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गुरुग्राम में दूसरे राजकीय महिला महाविद्यालय का भी उद्घाटन किया। अब गुरुग्राम की बेटियों को यहां से बाहर पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा। उनकी प्राथमिकता अगर गुरुग्राम होगा तो उन्हें यहां दाखिले मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में मुख्य बस स्टैंड के स्थान पर पांच एकड़ जमीन पर सिटी बस स्टैंड बनाने और गुरुग्राम का अंतरराज्यीय मुख्य बस अड्डा गांव सिही में 15 एकड़ भूमि पर बनवाए जाने की भी घोषणा की है। खेलों के लिए मुख्यमंत्री ने 68 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी। वहीं, लोक निर्माण विभाग की 458 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूर की। गुरुग्राम में श्रीमाता शीतला मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए टेंडर होने की बात भी मुख्यमंत्री ने जनता के बीच कही। सबसे बड़ी घोषणा गुरुग्राम की 60 अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करने की है, इससे इन कालोनियों में हजारों निवासियों को लाभ मिलेगा। उन्हें अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाएं मिल सकेंगी।

## सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर मनाया वट सावित्री का पर्व

गुरुग्राम। सुहागिनों ने सोमवार को वट सावित्री का व्रत रखकर अपने पति की दीघार्यु के लिए कामना की। सुहागिनों ने अपने घरों में ही सत्यवान सावित्री की जहां कथा सुनी, वहीं ईश्वर से भी कामना की कि ईश्वर उनके पति को दीघार्यु दे। व्रतियों ने वटवृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा भी की। धार्मिक क्रंथों में उल्लेख है कि सावित्री ने प्राचीन काल में अपने पति सत्यवान के प्राण वापिस लाने के लिए यमराज तक से भी भिड़ गई थी और पति के शव को वट वृक्ष के नीचे रखकर यमराज से आग्रह किया था कि उनके पति को जीवित किया जाए। यमराज को भी पतिव्रता सावित्री के सामने झुकना पड़ा था और उसके पति सत्यवान को जीवित भी कर दिया था। तभी से सुहागिनें व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करती आ रही हैं। इसलिए वट वृक्ष में भी धार्मिक आस्थाएं अधिक हैं। वट वृक्ष की पूजा को पर्यावरण से भी जोडकर देखा जाता है। वटवृक्ष जोकि प्रकृति की देन है, उसकी पूजा कर सुहागिनें सौभाग्य का वरदान भी मांगती हैं। वेद कालीन मनीषियों ने पर्यावरण को शुद्ध व संरक्षित रखने के तमाम नियम बनाकर उन्हें धार्मिक कर्मकांडों से जोड़ दिया था।

# नगर परिषद चुनाव के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

नगर परिषद सोहना के अध्यक्ष व सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार 30 मई से आरंभ हो गई है। एसडीएम न्यायालय में आगामी चार जून तक चलने वाली नामांकन प्रक्रिया के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे का समय निर्धारित है। नगर परिषद सोहना के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने नगर परिषद के आम चुनाव 2022 सुचारू रूप से कराने के लिए सोहना के तहसीलदार की सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्ति की है। वहीं एक अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति के लिए उन्होंने उपायुक्त से निवेदन किया है। गर्ग ने बताया कि 30 मई से शुरू हुई नामांकन प्रकिया चार जून को दोपहर तीन बजे तक जारी रहेगी। ये नामांकन इन दिनों के दौरान सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक ही भरे जा सकते हैं। इसके बाद 6 जून सोमवार को सुबह 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच होगी। प्रत्याशी 7 जून मंगलवार को सुबह 11 बजे से सांय 3 बजे तक अपना नामांकन वापिस ले सकते हैं। दो जून को सरकारी अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि सोहना नगर परिषद में 21 वार्डों में 44 बूथ पर मतदान होना है। जिसमें 12 बूथ संवेदनशील श्रेणी व 11 बूथ अति संवेदनशील श्रेणी के हैं। वहीं इच्छुक उम्मीदवारों की सहायता के लिए उपमंडल कार्यालय परिसर में एक सहायता कक्ष (हेल्प डेस्क) भी बनाया गया है। हेल्प डेस्क से नामांकन पत्र के फार्म की प्रति प्राप्त कर सकते हैं और नामांकन पत्र भरने संबंधित जानकारी व पूछताछ कर सकते हैं।इसके बाद 7 जून को ही शाम 3 बजे के बाद चुनाव मैदान में रहने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नगर परिषद सोहना के इस आम चुनाव के लिए मतदान 19 जून रविवार को होगा।

# कानूनी विकास की गतिशीलता पर संगोष्ठी का आयोजन

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण , गुरुग्राम और स्कूल ऑफ लॉ, सुशांत विश्वविद्यालय, गुरुग्राम ने 30 मई 2022 को ह्लकानूनी विकास की गतिशीलताह्व पर संगोष्ठी 5.0 का आयोजन किया। सुश्री ललिता पटवर्धन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम मुख्य अतिथि थीं, जिन्होंने उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। ऑनलाइन संगोष्ठी में और ह्लहोमोसैपियंसह्व पुस्तक के बारे में बात करते हुए समाज की गतिशीलता के साथ कानून के विकास और परिवर्तन पर प्रतिबिंबित किया और मौजूदा सीओवीआईडी -19 लॉकडाउन और प्रभावी कानूनों की आवश्यकता जैसे मौजूदा मुद्दों पर प्रकाश डाला ताकि सौदा किया जा सके। सही दृष्टिकोण के साथ स्थिति के साथ। उन्होंने आने वाली सदी में बदलती परिस्थितियों और समाज की बढ़ती जरूरतों के साथ नए कानूनों की आवश्यकता पर भी विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को बहुत उत्साह के साथ संबोधित किया और उन्हें नीति निर्माण और नए कानूनों के विकास और उनके कार्यान्वयन में लीक से हटकर सोच के साथ उनकी सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया।डॉ. जगबीर सिंह दहिया, डीन स्कूल ऑफ लॉ, सुशांत विश्वविद्यालय ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में डीएलएसए की भूमिका पर प्रकाश डाला और युवा पीढ़ी को होने वाले लाभ पर जोर दिया। डॉ. कानू प्रिया, एसोसिएट डीन, स्कूल ऑफ लॉ ने एक कानूनी पेशेवर के लिए अनुसंधान और विकास की बढ़ती आवश्यकता पर जोर देते हुए धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

# सोमवती अमावस्या पर किया शीतल जल की प्याऊ व विशाल भण्डारे का आयोजन




गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

सोमवती अमावस्या व वट सावित्री पर्व पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व समाजसेवियों द्वारा किया गया। जहां विशाल भण्डारों का आयोजन किया गया, वहीं भीषण गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए मीठा व शीतल जल भी वितरित किया गया। इसी क्रम में पालम विहार रोड स्थित अशोक विहार फेस 3 क्षेत्र में भारद्वाज मार्किट में भारद्वाज परिवार द्वारा राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ को समर्पित भी किया गया। भारद्वाज परिवार के सत्यदेव शर्मा ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता व ब्राह्मण समाज के अग्रणी जीएल शर्मा इस अवसर पर मुख्य रुप से मौजूद रहे। उन्होंने भारद्वाज परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि परिवार ने आम लोगों के लिए जो शीतल जल की व्यवस्था की है, वह सराहनीय है। दिन-रात लोगों को शीतल जल मिलेगा, जिससे वे अपनी प्यास बुझा सकेंगे। जल उपलब्ध कराने से बड़ी कोई और सेवा नहीं है। उन्होंने अन्य संस्थाओं व समाजसेवियों से भी आग्रह किया है कि उन्हें भी इस तरह की जनसेवा के कार्य करने चाहिए ताकि इनका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। उन्होंने बताया कि विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, कुलराज कटारिया, एसएस थिरियान, गजे सिंह कबलाना, महताब सिंह, सुनील शर्मा, ओपी शर्मा, किशन, पंडित जसवंत, बाबूलाल, शीतला मंदिर के वरिष्ठ पुजारी जयभगवान शर्मा, हरिओम शर्मा सहित क्षेत्रवासी भी बडी संख्या में शामिल रहे।

# देश को आजाद कराने में हिंदी पत्रकारिता का बड़ा योगदान: मुकेश वशिष्ठ

## मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया समन्वयक पहुंचे गुरुग्राम विवि

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि 30 मई 1826 को कलकत्ता में भारत का पहला हिंदी अखबार उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन शुरू हुआ। तब से इस दिन को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में पत्रकारिता चुनौती भरा कार्य हो गया है। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां गुरुग्राम विश्वविद्यालय में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विशेष व्याख्यान में कही। कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में कलाम कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों एवं विवि. के शिक्षकों ने भाग लिया। इस विचार संगोष्ठी में पत्रकारिता के समक्ष उत्पन्न समस्याओं व चुनौतियों पर चर्चा की गई।

मुकेश वशिष्ठ ने आगे कहा कि देश को आजाद कराने में हिंदी पत्रकारिता का बड़ा योगदान है। आजाद भारत में वर्तमान में हिंदी पत्रकारिता का बहुत अहम भूमिका है। उन्होंने कोरोना काल में पत्रकारों के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्धारित मापदंडों को स्थापित करते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप अपनी लेखनी का सामाजिक विकास की दिशा में सदुपयोग करना ही पत्रकारिता है। गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष व्याख्यान में प्रो. प्रताप, प्रो. नीरा वर्मा, डॉ. मीनाक्षी श्योराण, डॉ. श्वेता चौधरी, प्रो. विक्रम और डॉ. दीपिका उपस्थित रहे।

## टमाटर होता जा रहा है लाल, आम के भी बढ़ते जा रहे हैं दाम

गुरुग्राम। भीषण गर्मी व बेमौसम की बारिश ने हरी सब्जियों व फलों का राजा कहलाए जाने वाला आम की पैदावार को भी प्रभावित कर रख दिया है। सब्जियों के दाम दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। टमाटर भी आम लोगों की पहुंच से दूर होता नजर आ रहा है। फुटकर में टमाटर 70-80 रुपए प्रतिकिलो तक मिल रहे हैं। इसी प्रकार आम के दाम भी 100 रुपए प्रतिकिलो को पार कर गए हैं। लंगड़ा व दशहरी और केसर आमों की आवक एनसीआर में कम ही दिखाई दे रही है। 100 रुपए के आस-पास ही आमों की विभिन्न वैरायटियां मिल रही हैं। इस बार दक्षिण क्षेत्र में भी आम की पैदावार कम हुई है। उधर आढ़तियों का कहना है कि पैदावार कम होने से आम की आपूर्ति पर असर तो पड़ेगा ही। इस वर्ष आम की बोर भी कम हुई है। पिछले 2 दशक में आम का उत्पादन इस बार अधिक ही प्रभावित रहा है। आढ़तियों का कहना है कि पहले भीषण लू से और अब कीड़ों से टमाटर की फसल बर्बाद हो गई है।

# निगम पार्षद सीमा पाहूजा ने पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



नगर निगम वार्ड 15 की पार्षद सीमा पाहूजा वार्ड के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वार्डवासियों को सडक, सीवर, पेयजल, बिजली, पार्क आदि की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं, ताकि वार्डवासियसों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में सोमवार को नगर निगम वार्ड 15 की पार्षद सीमा पाहूजा ने सैक्टर 7 क्षेत्र स्थित पार्क के खाली पड़े स्थान में जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया, जिसमें टाईल्स व जिम लगाने का कार्य किया जाएगा। सीमा पाहूजा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड 15 के अन्य 3 क्षेत्रों के पार्कों का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा, जिसमें लोगों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बैंच, बच्चों के लिए झूले, जिम आदि की व्यवस्था की जाएगी ताकि पार्कों में भ्रमण के लिए आने वाले लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि वे वार्ड के विकास में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने देंगी। सीमा पाहूजा ने कहा कि रविवार को गुरुग्राम में मुख्यमंत्री मनोहरलाल की आयोजित हरियाणा प्रगति रैली में लोगों के भारी संख्या में पहुंचने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम के विकास के लिए कई करोड़ रुपए की सौगातें दी हैं, जिनसे गुरुग्राम को और गति मिलेगी। शिक्षा, रोजगार आदि पर भी मुख्य रुप से ध्यान दिया गया है। सरकारन परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के उत्थान के लिए अंत्योदय मेलों का आयोजन कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडने का काम कर रही है। पिछले 7 वर्षों में नई तकनीकों के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर प्यारेलाल वर्मा, अरविंद बजाज, नंदलाल, किशोर पाहूजा, शर्मा जी, राजेश नासा, ओपी कुकरेजा, गुगलानी जी, रविकांत शर्मा, बीके चोपड़ा, मनीष, गंगाधर, किशन ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम

## जिला के 5 प्रभावित बच्चों को दिया योजना के माध्यम से सहयोग

गुरूग्राम, प्रात: किरण संवाददाता




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से कोरोना संकट में अपने माता-पिता खो चुके अनाथ बच्चों से संवाद किया। अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय स्थित वीडियो कॉफ्रेंस कक्ष में अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बच्चों को एक-एक बैग दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पत्र, उपायुक्त का स्नेह पत्र, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री की तरफ से पोस्ट ऑफिस में बच्चे के खाते की कॉपी तथा पीएम केयर की गाइडलाइन, कलर पेन व पेंसिल बॉक्स तथा अन्य अध्यापन संबंधी जरूरत का सामान शामिल हैं।वीडियो कॉफ्रेंस के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन बच्चों के लिए बहुत सी घोषणाएं की है। सरकार ने इन बच्चों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा है, 23 वर्ष आयु तक इन बच्चों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा , पीएम केयर फंड के तहत इन बच्चों के नाम एफडी करवाई गई है, बच्चों के 18 वर्ष आयु पूर्ण करने पर यह राशि बढ़कर 10 लाख रुपये हो जाएगी। इसी प्रकार ,18 वर्ष से 23 वर्ष की उम्र तक इन बच्चों को उक्त राशि में से मासिक आधार पर स्टाइफंड दिया जाएगा, बच्चे के 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत ये बच्चे यह राशि प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को प्रतिवर्ष 20 हजार रुपये शिक्षा व दूसरे खर्चों के लिए दिए जाएंगे। यदि ये बच्चे केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, कस्तुरबा गांधी स्कूल, मॉडल संस्कृतिक स्कूल या आरोही स्कूलों में भी शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं तो उन्हें निःशुल्क शिक्षा व आवास सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, उच्च शिक्षा के लिए इन बच्चों को शिक्षा ऋण मुहैया करवाया जाएगा, ऋण पर ब्याज की अदायगी पीएम केयर फंड के माध्यम से किया जाएगा। इन बच्चों को स्वनाथ स्कॉलरशिप के तहत तकनीकी शिक्षा के लिए प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नेहा दहिया सहित कई अन्य अधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर कोरोना काल में अभिभावक खो चुके बच्चे व उनके संरक्षक भी मौजूद थे।

सम्पादकीय

# बुकर को छूता हिंदी साहित्य

साहित्य की जमीन पर कांटे महकते हैं और फूल भी कई बार शूल हो जाते हैं, लेकिन शब्द की अपनी मर्यादा और गरिमा है, जो करीने से अगर बिछ जाए तो शताब्दियां अपनी हसरत लिए इसी सफर से गुजरती हुई उस नाम का स्मरण करती हैं, जो वक्त के दर्पण पर ईजाद हुए। गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि के अंग्रेजी रूपांतरण टॉम्ब ऑफ सैंड को मिला बुकर पुरस्कार दक्षिण एशिया के साहित्य को उसके हर संदर्भ में विस्तृत कर देता है। भारतीय भाषाओं और खासकर हिंदी के परिप्रेक्ष्य में यह पुरस्कार इसकी पृष्ठभूमि संवार देता है और उन संभावनाओं को आगे बढ़ा देता है जहां लेखकीय ऊर्जा का ध्येय अपने नजदीकी संसार के हर पहलू में सादगी, सहजता और यथार्थ को छूना है। रेत समाधि में ऐसा सब कुछ है, जो भारतीय अनुभूतियों का संसार रच देता है। यह औरत के मन को पढ़ती हुई ऐसी शब्दावली का प्रयोग है, जो मानस पटल पर अंकित विकृतियों, टकरावों और मध्यमवर्गीय नोंकझोंक को अनावृत करता है।

बुकर पुरस्कार की अहमियत में रेत समाधि अपने विषय वस्तु, संवाद, भाव, रंग और काव्यात्मकता का श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है, लेकिन सर्वोच्च पुरस्कार की अपनी शर्तों का मुकाबला उस अनुवाद से भी है जो अंग्रेजी व ब्रिटिश अनिवार्यता के प्रकाशन में डेजी रॉकवेल को सेतु बनाता है। जिन ताने-बानों में गीतांजलि, पुरस्कृत उपन्यास को अपनी साहित्यिक रचना की जीवंतता सौंपती हैं, उस भावना, पारिवारिक व्याकुलता और स्त्री मनोभाव में उपजते संघर्ष की खड़ाऊं पहनकर अनुवाद चलता है। ऐसे में जिस दुनिया को भारत की साहित्यिक चेतना, मर्म और लेखन से डेजी रॉकवेल परिचित करवा रही हैं, वह यह भी अंगीकार कर रही है कि भारतीय चिंतन की धारा में मौलिक अभिव्यक्ति कितनी परिपूर्ण व गहरी है। चौंसठ वर्षीया लेखिका गीतांजलि श्री अपने ही उपन्यास के भीतर रेत के ढेर पर ऐसे मकबरों को रेखांकित कर रही हैं, जो भारत विभाजन की पीड़ा का एहसास भी है। उन्हीं के अनुसार, यह उस दुनिया के लिए शोकगीत है जिसमें हम रहते हैं।

एक अस्सी वर्षीय महिला के जीवन से जुड़ा घटनाक्रम उस संवेदना से तड़प रहा है, जो उसकी किशोरावस्था का आघात दे गया। उपन्यास में बूढ़ी मां के सामने बेटी का आंचल इतना फैल जाता है कि एक दिन मां बेटी हो जाती है और बेटी मां। मध्यम वर्गीय परिवारों के मूल्य, उलझनें और रिसाव में समाज की झलक, लेखन की क्षमता को पारंगत कर देती है। यहां समाज की स्त्री से उम्मीदें बढ़ जाती हैं, लेकिन वक्त की रेत पर चिन्हित नहीं होतीं। अस्सी वर्षीया महिला के माध्यम से लेखिका का सफर आखिर उसी बार्डर पर पहुंच जाता है, जहां एक दिन हजारों सरहदें दिलों के आरपार हुई थीं, फिर भी बार्डर पार तक संवेदनाओं की धारा में बहना इस उपन्यास के विस्तार को मानवता के साथ जोड़ देता है। गीतांजलि श्री ने न केवल एक उपन्यास की मिट्टी जोड़ी है, बल्कि बुकर तक पहुंचकर भारतीय लेखन परंपरा के सशक्त पहलू सामने रख दिए हैं। यह उपन्यास कोरी कल्पना भी नहीं और न ही आज के राष्ट्रीय विषयों का मार्गदर्शक है, लेकिन मानवीय इतिहास के कठोर पन्नों को सहज व संपन्न जरूर करता है। यह अलग बात है कि इस पुरस्कार को उपलब्धि भरी निगाहों से देखने की विरासत में, आज की राष्ट्रीय परख कहीं खामोश जरूर है। राष्ट्रीय स्तर पर अगर भारतीय साहित्य का अनुवाद एक लक्ष्य बन जाए, तो निश्चित रूप से सारे संसार के सामने भारतीय चिंतन के कई मौलिक दरवाजे खुलेंगे और इस रोशनी में स्पष्ट हो जाएगा कि यहां शब्द खामोश नहीं हैं।

# बढ़ती आर्थिक एवं कृषि अहमियत

डा. जयंतीलाल भंडारी-

हाल ही में 26 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद के इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 देशों में भारत सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाला देश है और देश में अब तक का सबसे ज्यादा पूंजी निवेश हुआ है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय यूक्रेन संकट के कारण जब अमेरिका और जापान सहित दुनिया की विभिन्न अर्थव्यवस्थाएं मंदी और गिरावट का सामना कर रही हैं, तब संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि चालू वित्त वर्ष 2022-23 में 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है और भारत सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। गौरतलब है कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने 27 मई को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सामर्थ्यवान बनाने में देश के कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। देश में खाद्यान्न की प्रचुरता है तथा गेहूं की भी कोई कमी नहीं है, लेकिन केंद्र ने इस खाद्यान्न की अनियंत्रित विदेशी बिक्री पर अंकुश के लिए गेहूं पर निर्यात प्रतिबंध लगाया है। बाजार में संतुलन बनाए रखना सरकार का फर्ज है। यह बात महत्वपूर्ण है कि पड़ोसी, गरीब और अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत सरकार के द्वारा गेहूं का निर्यात उपयुक्त रूप से किया जाता रहेगा। हाल ही में कृषि मंत्रालय के द्वारा प्रस्तुत चालू फसल वर्ष 2021-22 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, फसल वर्ष 2021-22 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.45 करोड़ टन होगा जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है। यद्यपि इस वर्ष गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन होगा जो कि पिछले साल के मुकाबले 31 लाख टन कम है, लेकिन चावल, मोटे अनाज, दलहन और तिलहन का रिकॉर्ड उत्पादन चमकते हुए दिखाई दे रहा है। 2021-22 के दौरान चावल का कुल उत्पादन 12.97 करोड़ टन रिकॉर्ड अनुमानित है। मोटे अनाज (पोषक तत्वों वाली फसलें) वाली फसलों का उत्पादन 5.07 करोड़ टन और मक्के का उत्पादन रिकार्ड 3.3 करोड़ टन रहेगा। दलहनी फसलों की पैदावार 2.78 करोड़ टन होने का अनुमान है। सरकार ने दालों के उत्पादन का लक्ष्य 2.5 करोड़ टन ही रखा था। तिलहनी फसलों की भी रिकार्ड 3.85 करोड़ टन पैदावार होगी। ऐसे सुकूनदेह कृषि परिदृश्य से जहां महंगाई और गरीबी नियंत्रित रहेगी, वहीं कृषि निर्यात से जरूरतमंद देशों की मदद करते हुए विदेशी मुद्रा की कमाई भी की जा सकेगी। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच वित्त वर्ष 2021-22 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में रिकॉर्डतोड़ बढ़ोतरी हुई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के द्वारा 19 मई को जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत ने 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर का रिकॉर्ड एफडीआई प्राप्त किया है। पिछले वर्ष 2020-21 में देश में 81.97 अरब डॉलर का एफडीआई हुआ था। एफडीआई के प्रमुख निवेशक देशों के मामले में सिंगापुर 27 फीसदी के साथ शीर्ष पर मौजूद है। इसके बाद अमेरिका और मॉरीशस का नंबर है। अमेरिका 18 फीसदी के साथ दूसरे जबकि मारीशस 16 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में सबसे अधिक एफडीआई प्राप्त हुआ है। इसके बाद सेवा क्षेत्र और ऑटोमोबाइल उद्योग में सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दर्ज किया गया है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी इस समय करीब 600 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विदेशी निवेश के लिए एक पसंदीदा देश के रूप में तेजी से उभर रहा है। मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में वर्ष 2021-22 में पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के मुकाबले 76 प्रतिशत की भारी भरकम बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दुनियाभर में यह माना जा रहा है कि भारत सस्ती लागत के विनिर्माण में चीन को पीछे छोड़ सकता है। भारत में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले कम लागत के उत्पाद बनाए जा सकेंगे और विनिर्माण उद्योग जितनी अधिक बिक्री करेंगे उससे अर्थव्यवस्था में उतने ही अधिक रोजगार सृजित होंगे। भारत में श्रम लागत चीन की तुलना में सस्ती है। भारत के पास तकनीकी और पेशेवर प्रतिभाओं की भी कमी नहीं है। केंद्र सरकार ने उद्योग-कारोबार, कारोपण और विभिन्न श्रम कानूनों को सरल बनाया है। इससे भी उद्योग-कारोबार आगे बढ़ रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि कोविड-19 के बीच चीन के प्रति बढ़ी हुई वैश्विक नकारात्मकता और वर्ष 2022 में चीन में कोरोना संक्रमण के कारण उद्योग-व्यापार के ठहर जाने से चीन से बाहर निकलते विनिर्माण, निवेश और निर्यात के मौके भारत की ओर आने लगे हैं। इस समय वोकल फार लोकल को बढ़ावा और विदेशी वस्तुओं के उपयोग को कम करने के साथ देश में प्रतिभा, उद्योग, व्यापार और प्रौद्योगिकी को तेजी से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# मुद्रा ऋण: समानता पर आधारित समृद्धि का एक सेतु

**बहिष्करण की यह संस्कृति और कुछ नहीं बल्कि हाशिए व पिरामिड के सबसे निचले पायदान पर बैठे लोगों को छोड़कर आगे बढ़ने की संस्कृति थी! इस स्थिति ने नए नीति-निमार्ताओं को हमारे विशाल देश के कोने-कोने में समानता पर आधारित उद्यमशीलता के विकास के लिए बेचैन कर दिया। इस संबंध में, दो योजनाओं यानी प्रधानमंत्री जन धन योजना और मुद्रा ऋण ने इस देश की उद्यमशीलता की भावना को एक नई आजादी के वादे के साथ यहां के वित्तीय समावेशन, जमा एवं उधार, दोनों, से जुड़े परिदृश्य को बदलकार रख दिया है। पिछले सात वर्षों में, बैंकों (आरआरबी सहित)/एनबीएफसी/एमएफआई ने कुल मिलाकर लगभग 18 .4 लाख करोड़ रुपये की राशि के 35 .32 करोड़ मुद्रा ऋण वितरित किए हैं, जिसमें सबसे छोटे उधारकताओं के लिए औसतन 52,000 रुपये का ऋण शामिल है। इनमें से लगभग दो-तिहाई ऋण महिला उद्यमियों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।**





**सौम्य कांति घोष**
**लेखक भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। ये उनके निजी विचार हैं**

अपने शुरूआती दिनों से ही, मोदी सरकार आजादी के बाद के छह दशकों के दौरान गुप्त रूप से बनाई गई बहिष्करण की संस्कृति को अनिवार्य रूप से बदलना चाहती थी। बहिष्करण की यह संस्कृति और कुछ नहीं बल्कि हाशिए व पिरामिड के सबसे निचले पायदान पर बैठे लोगों को छोड़कर आगे बढ़ने की संस्कृति थी! इस स्थिति ने नए नीति-निमार्ताओं को हमारे विशाल देश के कोने-कोने में समानता पर आधारित उद्यमशीलता के विकास के लिए बेचैन कर दिया। इस संबंध में, दो योजनाओं यानी प्रधानमंत्री जन धन योजना और मुद्रा ऋण ने इस देश की उद्यमशीलता की भावना को एक नई आजादी के वादे के साथ यहां के वित्तीय समावेशन, जमा एवं उधार, दोनों, से जुड़े परिदृश्य को बदलकार रख दिया है। पिछले सात वर्षों में, बैंकों (आरआरबी सहित)/एनबीएफसी/एमएफआई ने कुल मिलाकर लगभग 18.4 लाख करोड़ रुपये की राशि के 35.32 करोड़ मुद्रा ऋण वितरित किए हैं, जिसमें सबसे छोटे उधारकताओं के लिए औसतन 52,000 रुपये का ऋण शामिल है। इनमें से लगभग दो-तिहाई ऋण महिला उद्यमियों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। यह मानते हुए कि प्रत्येक इकाई में कम से कम दो व्यक्ति कार्यरत हैं, एक रूढ़िवादी आकलन के आधार पर, ये इकाइयां 10 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रही हैं।

वित्तीय समझ के मामले में थोड़े कम जानकार, लेकिन व्यावसायिक कौशल और कुछ बड़ा करने के सपनों से भरपूर लोगों की विभिन्न जरूरतों से अवगत रहते हुए सरकार ने विशेष रूप से उद्यमियों की विभिन्न श्रेणियों- शिशु, तरुण और किशोर- के हितों के संरक्षण के लिए मुद्रा ऋण की तीन श्रेणियां बनाईं। इस संबंध में मार्गदर्शक सिद्धांत यह था कि बदलते समय के साथ एक शिशु ऋणी हमेशा के लिए शिशु की श्रेणी में नहीं रहेगा, बल्कि वह एक तरुण के रूप में विकसित होगा, एक तरुण समय के साथ किशोर बन जाएगा और इसी क्रम में वह आगे समानता और समृद्धि सुनिश्चित करता जाएगा!

लेकिन, सरकार को 2014 के बाद की परिस्थितियों में कई चुनौतियों से पार पाना पड़ा। कोई कारगर व्यवस्था मौजूद नहीं थी। इस प्रस्तावित विशाल आकार की योजना को सहारा देने के लिए कोई संरचना या बुनियादी ढांचा उपलब्ध नहीं था। सरकार ने आपसी विश्वास का माहौल बनाकर प्रचलित संस्कृति को अनुशासित किया। सरकार एक साफझ्रसुथरे मॉडल के जरिए इतने बड़े पैमाने पर उद्यमशीलता को बढ़ावा दे रही थी जिसे पहले कभी नहीं आजमाया गया था। विकास और आय सृजन के अवसर उपलब्ध थे, लेकिन हाशिए पर बैठे लोगों को इस बात का यकीन नहीं था कि उनकी उद्यमशीलता की भावना को बैंकिंग प्रणाली से उत्साहवर्द्धक समर्थन भी मिलेगा।

सरकार द्वारा गारंटी और भरोसे (सीजीएफएमयू) के निर्माण ने यह सुनिश्चित किया कि बैंक तथा अन्य वित्तीय मध्यस्थ ऋण स्वीकृति एवं वितरण के लिए आश्वस्त हो जायें। 10 लाख रुपये तक के ऋण पर अब केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ट्रस्ट से गारंटी मिलती है। उधारदाताओं के पास बिना किसी अन्य संपाश्र्विक प्रतिभूति के उधार देने की अतिरिक्त सुविधा है। जल्द ही यह एक सर्वव्यापी परिघटना बन गई जिसमें इस देश के आम नागरिकों ने बड़ी वित्तीय संस्थाओं के पोर्टल को अपने लिए खुला पाया!

सरकार ने इस प्रक्रिया को कारगर बनाने और इसकी निगरानी करने के लिए प्रौद्योगिकी का भी इस्तेमाल किया। इस योजना की व्यापक स्वीकृति को प्रोत्साहित करने और लोगों को इस योजना के विवरण एवं बारीकियों से परिचित कराने के लिए बैंकिंग संवाददाताओं का सहारा लिया गया।

मुद्रा योजना के माध्यम से लोगों के सफल सशक्तिकरण की कई आकर्षक कहानियां हैं। सफलता की कई ऐसी कहानियां उन महिला कर्जदारों की हैं, जिन्होंने अपने परिवारों को आजीविका सहायता प्रदान करने के मामले में खुद को अग्रणी साबित किया है और यहां तक कि उन्होंने अन्य परिवारों को भी रोजगार प्रदान किया है। उन्होंने खुद को अनौपचारिक साहूकारों के चिरस्थायी बंधन से मुक्त कर लिया है और बैंकों द्वारा प्रदान किए गए वित्तीय सहायता के सहारे आगे बढ़ी हैं। मुद्रा ऋण पाने वाले कुल लाभार्थियों में दो-तिहाई महिलाएं हैं। उनमें से कई सामाजिक रूप से वंचित समूहों से आती हैं और वे देश के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को बदल रही हैं।

सफलता की ये कहानियां इस बात की याद दिलाती हैं कि कोई भी सूक्ष्म व्यवसाय कठिनाइयों एवं नादानियों के जरिए, उथल-पुथल एवं चुनौतियों के जरिए ही बड़ा बन सकता है! कोई भी चुनौती उसके अदम्य साहस और जीवट को तोड़ नहीं सकती।

देश ने कोविड महामारी के दौरान उद्यमशील भारत की दृढ़ भावना को भी देखा। कुछ विद्वान लोगों ने कहा कि व्यवस्था पर काफी दबाव बनेगा, अटके हुए कर्ज कई गुना बढ़ जायेंगे। लेकिन, उन्हें विस्मित करते हुए यह व्यवस्था इतनी मजबूत थी कि बिना किसी खरोच के सुरक्षित तरीके से आगे बढ़ गई। सरकार ने व्यापारी वर्ग की इस निडर नई नस्ल को सहयोग देने का अपना संकल्प बनाए रखा। सरकार ने उधारकताओं के बोझ को काफी हद तक कम करने के लिए 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना भी शुरू की जोकि आज भी जारी है।

एक नया डिजिटल इंडिया उभरकर सामने आ रहा है, जो हमारी वित्तीय प्रणाली में क्रांति ला रहा है। आज, भारत में एक ऐसी सुव्यवस्थित प्रणाली है जो किसी व्यक्ति को अपने घर बैठे ही ऋण के लिए आवेदन करने हेतु बैंक के ऐप का उपयोग करने में मदद करती है। मुद्रा ऋण देने के लिए एनबीएफसी और माइक्रो फाइनेंस संस्थानों ने बैंकों/आरआरबी के साथ हाथ मिलाते हुए नए अवसर पैदा किए हैं। कॉरपोरेट जगत को नई आपूर्ति श्रृंखला प्राप्त हो रही। इस प्रक्रिया का गुणक प्रभाव यह है कि ऋण के रूप में दिया गया एक रुपया चक्रीय अर्थव्यवस्था में काफी कमाई कर रहा है। इसमें उधारकताओं और उनके परिवारों के लिए ऐसी सामाजिक सुरक्षा अंतर्निहित हैं, जिनके बारे में पहले कभी नहीं सोचा गया था! इससे आगे बढ़ते हुए, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के क्षेत्र में विभिन्न सरकारी कल्याणकारी एवं प्रोत्साहन योजनाओं को मुद्रा योजनाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत किया जा सकता है। साथ ही, फिन-टेक और स्टार्ट-अप से संबंधित इकोसिस्टम का बेहतर उपयोग सीमा पार जाकर एक व्यापक एवं चहुमुखी विकास के परिप्रेक्ष्य को सामने लाने के लिए किया जा सकता है।

# सेवा, सुशासन और सशक्त नेतृत्व के आठ साल

**सामान्य जनमानस के मन में था कि अब इस देश का कुछ नहीं हो सकता। ऐसे में वर्ष 2014 के दौरान भारत की जनता को नरेंद्र मोदी में आशा की नई किरण दिखाई दी और हुआ भी वही। आज यह गर्व की बात है कि केंद्र सरकार में बीते आठ वर्षों में एक भी घोटाला नहीं हुआ। यह इसलिए संभव हो पाया, क्योंकि 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने संसद को लोकतंत्र का मंदिर मानकर माथा टेका और देश की देवतुल्य 135 करोड़ जनता के सामने प्रण लिया ना खाऊँगा ना खाने दूंगा। एक नई सोच के साथ नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली और उनकी नई सोच यह थी कि हमारे समक्ष विश्व गुरु भारत का लक्ष्य है और यह लक्ष्य जनभागीदारी से पूर्ण होगा। इसलिए जब हम दुनिया का नेतृत्व करने की बात करते हैं**





**जी. किशन रेड्डी**
**भारत सरकार के संस्कृति,पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं**

निस्संदेह जब 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सत्ता संभाली, तो उस समय देश घोर निराशा के वातावरण से गुजर रहा था। भ्रष्टाचार चरम पर था, हर दिन कोई एक नया घोटाला सामने आता था। सामान्य जनमानस के मन में था कि अब इस देश का कुछ नहीं हो सकता। ऐसे में वर्ष 2014 के दौरान भारत की जनता को नरेंद्र मोदी में आशा की नई किरण दिखाई दी और हुआ भी वही। आज यह गर्व की बात है कि केंद्र सरकार में बीते आठ वर्षों में एक भी घोटाला नहीं हुआ। यह इसलिए संभव हो पाया, क्योंकि 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने संसद को लोकतंत्र का मंदिर मानकर माथा टेका और देश की देवतुल्य 135 करोड़ जनता के सामने प्रण लिया ना खाऊँगा ना खाने दूंगा। एक नई सोच के साथ नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली और उनकी नई सोच यह थी कि हमारे समक्ष विश्व गुरु भारत का लक्ष्य है और यह लक्ष्य जनभागीदारी से पूर्ण होगा। इसलिए जब हम दुनिया का नेतृत्व करने की बात करते हैं तो हमारे देश के सामान्य व्यक्ति की बुनियादी जरूरत सिर्फ रोटी, कपड़ा और मकान नहीं हो सकती, 21वीं सदी में इस सब के अलावा कनेक्टिविटी चाहिए, अच्छी शिक्षा चाहिए, चिकित्सा सुविधा चाहिए, पीने का स्वच्छ जल चाहिए, बिजली चाहिए, इंटरनेट चाहिए, शौचालय चाहिए, सुरक्षा चाहिए, सम्मान चाहिए और विकास में भागीदारी के नए अवसर चाहिए। बस इसी सोच से इस यात्रा की शुरूआत हुई, जिस प्रकार एक पिरामिड बनता है, उसी प्रकार 2014 से लगातार साल-दर-साल विश्वगुरु भारत के लक्ष्य को केंद्रित कर मोदी सरकार ने सैकड़ों योजनाओं का श्रीगणेश किया। सुशासन किसी भी लोकतांत्रिक देश की सबसे बड़ी ताकत होती है, इसलिए मोदी सरकार की दूरदर्शिता, पारदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति, गरीब कल्याण और सेवा भाव की नई सोच के साथ ह्लसबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व सुशासन का मूल मंत्र बना। सुशासन की जड़ें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत पर आधारित हैं, जिसमें उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिलने की बात कही है। मोदी सरकार के पिछले आठ वर्षों में, ना सिर्फ सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिला है, बल्कि पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे सर्वोच्च सम्मान भी उन सामान्य लोगों के हाथों में आए, जो हर दृष्टि से इसके हकदार थे। यह सुशासन, सरकार के प्रति सामान्य जनमानस के मन में विश्वास को और दृढ़ करता दिखाई देता है। यह सत्य है कि छोटी-छोटी बातों से बड़े बदलाव आते हैं। इसलिए सबसे पहले केंद्र सरकार ने उन योजनाओं पर ध्यान दिया, जिन्होंने सामान्य जन के आत्मगौरव, आत्मविश्वास और बुनियादी जरूरतों को पूरा किया। कनेक्टिविटी सबसे पहली जरूरत है, आज बड़ी बात यह है कि देश में सड़कों का जाल बिछ गया है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भारत माला परियोजना और पर्वत माला परियोजना के माध्यम से सारा भारत जुड़ गया है। पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को इन आठ वर्षों में पहली बार ट्रेन का सफर करने का अवसर मिला। देश के करोड़ों लोग ऐसे थे, जिन्होंने बैंक में प्रवेश तक नहीं किया था। जन धन योजना के तहत लगभग 45 करोड़ देशवासियों को बैंक से जोड़ा गया। 2014 में स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया तथा देश में 11 करोड़ से अधिक शौचालय बने व देश के 6 लाख से अधिक गाँव खुले में शौच मुक्त हुए। उज्ज्वला योजना के तहत देश की 9 करोड़ महिलाओं को धुएं से आजादी मिली और उन्हे गैस कनेक्शन मिला। सरकार ने नया जल शक्ति मंत्रालय बनाया और 9 करोड़ से अधिक परिवारों को पीने का स्वच्छ जल दिया। देश में 22 एम्स हॉस्पिटल का निर्माण हो रहा है तथा स्वस्थ भारत की दिशा में आयुष्मान भारत योजना से गरीब लोगों का पांच लाख तक मुफ्त इलाज हो रहा है। दूसरी बात कि देश के जनमानस को स्वावलंबी बनाने और उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में मुद्रा योजना, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और ग्राम उदय से भारत उदय जैसे अभियानों की शुरूआत हुई। हुनर हॉट जैसी गतिविधियों के जरिए देश की स्थानीय कारीगरी, कला और कौशल को उचित सम्मान मिला तथा उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। तीसरी बात यह है कि केंद्र सरकार ने बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति और हर क्षेत्र में महिला भागीदारी सुनिश्चित करने की सकारात्मक पहल की। चौथी बात, देश में नए आर्थिक सुधार हुए जैसे- डिजिटाइजेशन और एक राष्ट्र-एक टेक्स जीएसटी देश के इतिहास में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की दिशा में एक नया अध्याय था। देश के किसान को समृद्ध करने की दिशा में भी अनेक कदम उठाए गए, केमिकल फ्री नेचुरल फार्मिंग अर्थात आर्गेनिक खेती के बल पर भारत वैश्विक बाजार में विश्व नेता बन सकता है। इसलिए ड्रोन सिस्टम, कृषि सिंचाई योजना, सॉलोर पंप, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि, इको सिस्टम, सॉलोर पेनेल आदि सुविधा देने की नीति सामने आई है। इसी प्रकार सैन्य शक्ति को मजबूत करते हुए ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड का पुनर्गठन किया, भारत ने लड़ाकू राफेल विमान और 48,000 करोड़ रुपये से 83 स्वदेशी तेजस विमान खरीदे। हमने दुनिया को अपनी ताकत का एहसास भी कराया, जब हमारे जवानों ने दुश्मन के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की तथा सुरक्षित अपने वतन लोटे। इन आठ वर्षों में भारत की विदेश नीति भी अभूतपूर्व रही है। अफगानिस्तान प्रकरण और यूक्रेन व रूस के बीच हो रहे युद्ध से पता चलता है कि अब भारत के रुख को न केवल विशेष महत्व दिया जा रहा है बल्कि उससे मध्यस्थता की मांग की जा रही है।

# नशे की अंधी गलियों में भटकता देश का भविष्य

नरेन्द्र भारती-

बेशक 31 मई 2022 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जा रहा है प्रतिवर्ष ऐसे दिवसों पर लाखों रुपया खर्च किया जाता है। मगर ऐसे दिवस औपचारिकता भर ही रह गए है। औपचारिकता मत निभाईए। धरातल की सच्चाईयां बेहद खौफनाक होती जा रही हैं। युवा देश की धरोहर है। नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है। समूचे विश्व में केवल मात्र एक दिन सैमिनार व गोष्ठीयां की जाती हैं, रैलियां निकाली जाती हैं। विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर एक संकल्प लेना होगा। युवा पीढी. नशें की गुलाम हो चुकी है। देश में हर साल लाखों युवा नशे के कारण असमय ही मौत के आगोश में समाते जा रहे है। नशे की सब कुछ मान बैठी है। आज छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो चुके है। अभी उनके दूध के दांत भी नही। टूटे है कि मगर ऐसे नशे करते है कि रुह कापती है। हर साल लाखों लोग नशें के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे है। प्रतिवर्ष लाखों लोग नशें के कारण अकाल मौत मर रहे है। आजकज चिटटे का नशा किया जा रहा है। देश के हर राज्य मे यह नशा किया जा रहा है। हर रोज चिटटे व हैरोइन के अवैध कारोबार करने वालों कों पकड़ा जा रहा है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशें के कारण आज कई घरों के चिराग बूझ गए तो कुछ जेलों में चक्की पीस रहें है। जेलों में सड़ रहे है। अक्सर देखा गया है कि उच्च घरानों के युवा मंहगें नशें कर रहे है। नशें के बिना रह नहीं सकते। जिंदगियां दाव पर लगा चुके है। जिंदा लाशें बनते जा रहे है। युवा आज कई लाईलाज बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे है। आज लाखों युवा नशें के कारण मर चुके है। नशें की दलदल में धसतें जा रहे है। इस दलदल से निकला बहुत ही मुशिकल है। आज मां-बाप दुखी है कि उनके चिराग नशें की गिरफत में आते जा रहे है। आज नशे के सौदागर युवाओं के भविष्य खराब करते जा रहे है। अगर युवा ही नशें का प्रयोग करेगा तो आने वाला कल अंधकारमय ही होगा। युवा के कंधों पर देश टिका है मगर यह कंधें थक चुके है। नसों में नशा भर चुका है। जवान काया शिथिल होती जा रही है। नशे के कारण सड़क हादसों में हर साल लाखों युवस बेमौत मारे जा रहे है। सरकारों को राजस्व प्राप्त होता है। सरकारों को देश के कर्णधारों की कोई फिक्र नहीं हैं। राजस्व से ही खजाना भरा जा रहा है। युवा मर रहे है। चंद मिन्टों के मजे के लिए अनमोल जीवन बरबाद कर रहे है। युवतियां भी नशे की दलदल में फंस चुकी है। समाचार पत्रों में डरावने समाचारों से पता चलता है कि आज लड़कियां भी चार कदम आगे जा चुकी है। सिगरेट व अन्य चरस जैसे नशे शरीर के अंगों को प्रभवित करती है। कैंसर व तपेदिक व गले के कैसर से मौतों का आंकडा. हर साल बढ़ता ही जा रहा है। अगर इन नशे को नहीं रोका तो आने वाले साालों में भयावह परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। नशा समाज के लिए नासूर बन गया है। नशे को मिटाने की कसम लेनी होगी। आज नशें के कारण इकलौते बच्चे मारें जा रहे है। नशें के लिए पैसा न मिलने कें लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सामने मर रहे है। अगर सरकारों ने अभी भी कुभंकरणी नींद न तोड़ी तो फिर सब कुछ लुट जाएगा। नशे के कारण अपराधों में इजाफा हो रहा है। समाज को इस बुराई पर मंथन करना होगा ताकि चिरागों को बचाया जा सके। तम्बाकू उत्पादों पर रोक लगानी होगी। अगर सरकारें चाहे तो क्या नहीं कर सकती। राजस्व के लिए और भी साधन है। ऐसा राजस्व किस काम जो युवाओं की मौत से प्राप्त हो रहा है। युवाओं की बलि ली जा रही है। नशें का कारोबार करने वालों पर दंडात्मक कारवाई करनी होगी। स्कूलों व कोलेजों के सौ मीटर के दायरे में धूम्रपान बेचने वालों को सजा दी जाए जो चंद चांदी के सिक्कों की कमाई के लिए युवाओं का जीवन लील रहे है। लावारिस लाशें मिल रहीं है। युवाओं को बचाना हमारी जिम्मेवारी है। नशें के कारण दगें व फसाद होतें जा रहे है। नशें में अंधा होकर दुष्कर्म किए जा रहे है। युवा अनमोल पूंजी है। समाज में एक कमेटी गठित करनी होगी तभी यह नशा बंद हो सकता है। नशा करने वालों को समाज से बहिष्कृत किया जाए उनका हुक्का पानी बंद किया जाए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके और युवाओं का जीवन बचाया जा सके। सामाजिक संस्थाओं को नशे के खिलाफ अभियान चलाने होगें। युवा ही देश को आगे ले जा सकते है। समय अभी संभलने का है। समाज को नशें के विरुद्ध आवाज उठानी होगी। ताकि युवाओं का भविष्य संवर सके। अगर समाज अब भी नहीं जागा तो युवा नशें की दलदल में धंसता जाएगा। समाज से इस बुराई को जड़ से मिटाना होगा। केन्द्र सरकार को नशे को बंद करने के लिए कानून बनाना चाहिएं। हर राज्यों की सहभगिता हो तो नशे पर लगाम लग सकती है। देश में नशा मुक्ती केन्द्र खोलने चाहिए ताकि युवाओं की काउंसलिग की जा सके। सरकार को बिना समय गंवाए इस पर रोक लगानी होगी ताकि युवाओं की पीढ़ियां बचाई जा सके। देश की आने वाली पीढ़ीओं को नशे को त्यागना होगा। जीवन को मत गंवाओ जीवन एक बार ही मिलता है। नशे का खात्मा करना होगा। तभी ऐसे दिवसों की सार्थकता होगी। यह देशहित में है।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ग्रामीण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक ने फ्लैग मार्च निकाला

नगीना। नगीना नगर की जनता को सुरक्षा का विश्वास दिलाने लिए एसपी ग्रामीण राम अर्ज एवं थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा शाम शनिवार को पूरे पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जामा मस्जिद, श्री मुक्तेश्वर नाथ (बड़ा मंदिर), प्रेम पुस्तकालय, मंडी मूलगंज, नगर पालिका, गांधी मूर्ति, स्टेशन तक पैदल फ्लैग मार्च किया तथा फ्लैग मार्च में उपस्थित कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह राणा, लाल सराय पुलिस चैकी के इंचार्ज अजय कुमार, मीर हसन, देवेंद्र सिंह, कमल सिंह, केपी सिंह, सोमेश, सहित पूरा पुलिस बल फ्लैग मार्च में उपस्थित रहा।

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

चांदपुर। थाना चांदपुर पुलिस द्वारा नथराम सिंह पुत्र शौराज सिंह निवासी ग्राम नवादा थाना चॉदपुर जनपद बिजनौर द्वारा थाना चॉदपुर पर सूचना दी कि उसका पुत्र धन्नी सिंह उम्र करीब 21 वर्ष प्रातः 10 बजे खाना खाकर निकला था, ग्राम शाहपुर भसौड़ा के पथनौरा में उसका शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस द्वारा ह्नशव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के उपरान्त पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। मृतक के शरीर पर अस्पष्ट फपोले जैसे निशान हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने एक आरोपी दबोचा

स्योहारा। थाना स्योहारा पुलिस द्वारा थाना स्योहारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 245/22 धारा 379/411 भादवि0 के वांछित अभियुक्त फुरकान पुत्र इरफान निवासी मोहम्मदपुर राजोरी थाना अफजलगढ़ जनपद बिजनौर को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। सम्बन्ध में थाना स्योहारा पर मु0अ0सं0 249/22 धारा 3/25 एक्ट अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### जून के द्वितीय सप्ताह मे किसानो के लिए होगा केता-विक्रेता मीट व कृषि उत्सव का आयोजनः डीएम

बिजनौर। जनपद मे माह जून के द्वितीय सप्ताह मे किसानो के लिए बायर-सेलर (केता-विक्रेता) मीट व कृषि उत्सव का आयोजन वृहद रूप से किया जाएगा। जिससे किसान लाभान्वित होंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित बैठक मे दी। उन्होंने कहा कि किसान कलस्टर, जैविक, प्राकृतिक खेती व कृषि विवधीकरण को अपनाये। उन्होंने जनपद मे जिला व ब्लॉक स्तर किसानो के व्हॉटसप ग्रुप बनाने व प्रत्येक ब्लॉक के बासमती उत्पादक दो-दो किसानो को एपीडा संस्था के प्रतिनिधियों से मिलाने के लिए कहा। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि बिजनौर के किसानो की दशा-दिशा व किस्मत बदलने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने है। उन्होंने कहा कि बिजनौर कृषि उत्पाद राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय ख्याती पाये इसके लिए सकारात्मक प्रयास करने होगें। उन्होंने प्रगतिशील व प्रतिभावान किसानो को सुना व उनके प्रयासो की सराहना करते हुए कहा कि आपकी प्रतिभाओं से अन्य किसान भी जागरूक व लाभान्वित हो इसके लिए आपके विचार व प्रयासो को एक जगह संकलित कर उसकी एक पुस्तिका बनाकर पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

# कोविड काल में अपने माता-पिता खो चुके अनाथ बच्चों को उनकी हर सहायता के लिए अभिभावक के रूप में वे स्वयं हर समय तत्पर: डीएम

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कोविड काल में अपने माता-पिता खो चुके अनाथ बच्चों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी हर सहायता के लिए अभिभावक के रूप में वे स्वयं हर समय तत्पर हैं, उनकी किसी भी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा तथा उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनके भविष्य को उज्जवल और उनके जीवन को सफल बनाने के लिए पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि कोविड काल में अनाथ बच्चों के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और पालन-पोषण के लिए न केवल उनकी आर्थिक मदद की बल्कि उनके मनोबल को बढ़ाने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए उनकी काउन्सिलिंग की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे बिना किसी मानसिक एवं शारीरिक बाधा के जीवन में सफलता की उँचाई पर पहुंच सकें।

इस अवसर पर पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत एनआईसी बिजनौर में प्रधानमंत्री, भारत सरकार के द्वारा ऐस सभी बच्चे जिनके माता-पिता अथवा एक की मृत्यु पूर्व में हो गई हो तथा दूसरे की मृत्यु 11 मार्च,20 से 31 दिसम्बर,21 के बीच कोविड से ग्रस्त होने के कारण हुई हो या कानूनी अभिभावक दत्तक माता-पिता एकल दत्तक माता-पिता 11 मार्च,20 से 31 दिसम्बर,21 के बीच कोविड-19 से हुयी हो, के बच्चों को सभी आवश्यक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से विगत 29 मई,21 को लांच की गई योजनातंर्गत जिले के 09 बच्चों को दस्तावेज प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उक्त योजना के लाभ के हकदार बच्चों के माता-पिता दोनों या जीवित माता पिता या कानूनी अभिभावक दत्तक माता-पिता एकल दत्तक माता-पिता जैसी भी स्थिति हो, की मृत्यु के दिनांक को बच्चे की आयु 18 वर्ष पूरी नही होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पी० एम० केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के अन्तर्गत अनाथ बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ, बीमा आदि हेतु रू० 10 लाख (दस लाख) की कार्पस फण्ड के रूप में सहायता प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। पी० एम० केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के अन्तर्गत जिले में कुल 09 अनाथ बच्चों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया है। जिलाधिकारी श्री मिश्रा द्वारा उक्त योजना के तहत अनाथ बच्चों को आयुष्मान भारत- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान कार्ड के द्वारा लाभान्वित जिसके अन्तर्गत रू० 05 लाख का स्वास्थ्य बीमा वार्षिक से लाभान्वित कराये जाने सम्बन्ध प्रपत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत रू० 4 हजार प्रति माह की दर से लाभान्वित होने, रू0 10 लाख कार्पस फण्ड के रूप में पी० एम० केयर्स योजना के अन्तर्गत बच्चों के खातो में पी0 एफ0 एम० एस० के माध्यम से अन्तरित किए जाने तथा पी० एम० केयर्स योजना के अन्तर्गत कक्षा 01 से कक्षा 12 तक स्कूल जाने वाले लाभार्थी बच्चों को रू० 20000 की वार्षिक छात्रवत्ति (स्कॉलरशिप फॉर पी० एम० केयर्स फॉर चिल्ड्रेन) से प्रदान किये जाने की व्यवस्था है, जिसमें रू0 1000 प्रति माह एक वर्ष तक कुल रू0 1200- तथा रू0 8000- बच्चे की किताबे, वर्दी, जूते एवं शिक्षा से सम्बन्धित अन्य सामग्री दिये जाने का प्रावधान है, सम्बन्धित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए।

दस्तावेज वितरण से पूर्व प्रधानमंत्री का सम्बोधन किया गया, जिसमें बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि हर बड़े व्यक्ति जिसका नाम इतिहास में दर्ज है, का जीवन संघर्षपूर्ण और विभिन्न कठिनाईयों से झूझते हुए गुजरा है, परन्तु उन्होंने हार नहीं मानी और जीवन में सफलता की चरम सीमा पर पहुंचे और आमलोगों के मार्गदर्शक बने। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोग संघर्ष करें पूरा देश आपको सहयोग, सहायता और मार्गदर्शन करने के लिए तत्पर है।

## राष्ट्रीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सम्मेलन में समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया

नजीबाबाद। राष्ट्रीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सम्मेलन में किसानों, मजदूरों, तथा आम आदमी की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह तोमर ने नगर के युवा नेता मोहम्मद फरमान को प्रदेश महासचिव घोषित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करना ही संगठन का मकसद है। महावतपुर मार्ग स्थित मंडी समिति के गेट के निकट कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान कराना ही उनका मकसद है। इस मौके पर सपा नेता हाजी मोहम्मद फैसल ने अध्यक्ष महिपाल सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष अनीस अहमद जिलाध्यक्ष विनीत चिकारा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इरशाद ठेकेदार की अध्यक्षता व दिलशाद प्रधान के संचालन में आयोजित सम्मेलन में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे सम्मेलन में जिला कमेटी, व नगर कमेटी के पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। राष्ट्रीय संरक्षक भूपेंद्र प्रधान, जिला अध्यक्ष राजेश प्रधान, आदिल जैदी, कपिल राठी, ललित कुमार, चंद्रवीर सिंह, अंजार अहमद, आजाद अंसारी, शहजाद फरीदी, मो आयान, महताब सैफी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कुत्तों के हमले में मासूम की मौत, दूसरा घायल, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम



प्रात : किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

हसनपुर। क्षेत्र में कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कुत्ते जानलेवा हमला कर रहे हैं। घर के बाहर खेलते समय दो मासूम बच्चों पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिसमें नौ वर्षीय मासूम ने दम तोड़ दिया जबकि 12 वर्षीय बच्चे को हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना से नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। घटना के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है। घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर की है। गांव निवासी किसान इमरत सिंह का नौ वर्षीय बेटा शशिकांत और परिवार के ही मदन सिंह का 12 वर्षीय बेटा कृष्ण सोमवार सुबह को घर के बाहर खेल रहे थे। घर बाहरी छोर पर बना हुआ है। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। चीख पुकार मचने पर ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। लाठी-डंडा लेकर उन्होंने कुत्तों को दौड़ाया। घायल दोनों बच्चों को परिजन अस्पताल में ले गए, जहां शशिकांत को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जबकि कृष्ण को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना से नाराज लोगों ने अतरासी चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। वन क्षेत्राधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। जाम लगने से आवागमन प्रभावित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस लोगों को समझा कर जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है लेकिन लोग मौके पर वन क्षेत्राधिकारी को बुलाने की मांग कर रहे हैं। घटना से क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। कुत्तों को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि कुत्तों को पकड़ा जाए।

# प्राथमिक शिक्षक संघ : सूचनाओं के लिए टीचर्स को परेशान न करें

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त और लेखा अधिकारी से मिला।जिसमें शिक्षकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र अति शीघ्र करने की मांग उठाई।संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल ने कहा कि वर्तमान समय में 20 मई से 15 जून तक परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश चल रहा है ।ऐसी स्थिति में विद्यालय संबंधित सूचनाए दिया जाना संभव नहीं है ग्रीष्मावकाश के चलते अध्यापक अपने निजी कार्य में व्यस्त हैं अतः विद्यालय प्रबंध समिति के खाते बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं में विद्यालय खुलने के पश्चात ब्लॉकों पर कैंप लगाकर खुलवाएं जाएं।सूचनाओं के लिए अध्यापकों को परेशान न किया जाए।संघ के जिला मंत्री श्री मुकेश चौधरी ने कहा कि वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में शिक्षकों के अवशेष एरियर लंबित हैं ।जल्द से जल्द शिक्षकों के अवशेष देयों का भुगतान किया जाए।नगर परिधि में आने वाले शिक्षकों को नगरीय आवास भत्ता शीघ्र दिलाया जाए ।इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षकों की पत्रावलियों को स्वीकृत कर अवशेष भुगतान भी किया जाए।जीपीएफ का भुगतान भी शीघ्र किया जाए।इसके अलावा अन्य विभिन्न मांगों को भी उठाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री चंद्रशेखर ने जिला अध्यक्ष श्री यशपाल सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि एसएमसी के खाते विद्यालय खुलने के पश्चात 16 जून से खुलवाने के लिए आश्वस्त किया जिस पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष धनोरा योगेश चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष अमरोहा विपिन चौहान, ब्लॉक मंत्री धनौरा जितेंद्र कटारिया , ब्लॉक उपाध्यक्ष जोया अर्पित खंडेलवाल, देवेंद्र शर्मा विरेंद्र सिंह सिरोही आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशपाल सिंह ने की व संचालन मुकेश चौधरी ने किया।

## सोमती अमावस्या, वटवृक्ष पूजा व शनि जयंती के संयुक्त महापर्व पर हजारों ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

नांगल सोती। सोमती अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओ ने गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाई। नांगल सोती गंगा तट पर आज जहां हजारों श्रद्धालुओ ने गंगा के पवित्र जल में दूरदराज से आए श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए जमा थे वही सुरक्षा के लिए भारी पुलिस मौके पर मौजूद रही आज सोमवती अमावस्या व वटवृक्ष पूजा और शनि जयंती के संयुक्त महापर्व पर नजीबाबाद, मंडावली, सराय आलम, जालपुर, अभीपुरा, शहजादपुर, खानपुर, हरचंदपुर, क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओ ने नांगल गंगा तट पर गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाकर धर्म व पुण्य लाभ कमाया स्नान के बाद श्रद्धालु ब्लाक प्रमुख तप राज सिंह, बीजेपी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, संदीप जोशी, सतीश वर्मा, जीतू कश्यप, राजवीर काकरान, अर्पित वर्मा, आदित्य शर्मा, गौरव वर्मा, मुकेश शर्मा, सुबोध वर्मा, सोनू शर्मा, ने पंडितों को दान दक्षिणा देकर धर्म लाभ लिया गंगा तट पर आज सुबह सवेरे से ही महिला व पुरुषों का रेला पहुंचना शुरू हो गया था श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नांगल थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह के नेतृत्व मे नांगल के अतिरिक्त थाना किरतपुर, थाना मंडावली, थाना नजीबाबाद का पुलिस बल गंगा स्नान तट पर तैनात रहा।

# सोमवती अमावस्या : तिगरी धाम एवं बृजघाट पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



गजरौला, प्रात : किरण संवाददाता

सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं ने बृजघाट और तिगरीगंगा धाम में आस्था की डुबकी लगाई। अमरोहा तथा आसपास जिलों के साथ ही दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों से भी श्रद्धालु गंगास्नान करने पहुंचे।सोमवार तड़के से बृजघाट व तिगरीधाम के घाटों पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। बहुत से श्रद्धालु रविवार आधी रात को ही यहां पहुंच गए।अमरोहा व आसपास जिलों के अलावा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के साथ गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। विधि विधान से पूजा कर जरूरतमंदों को दान किया। परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। बहुत से श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर भंडारों का आयोजन भी किया।

## फेल साबित हुआ पुलिस का प्लान, हाईवे पर लगा जाम



गजरौला।सोमवती अमावस्या पर गंगास्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तो दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। नेशनल हाईवे पर जाम न लगे, इसको लेकर किए गए पुलिस-प्रशासन के सभी दावे भी हवाई साबित हुए। भीषण गर्मी के बीच जाम में फंसे वाहन चालकों व यात्रियों का पसीना टपकता रहा।सोमवार को सोमवती अमावस्या पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के गंगास्नान करने का अनुमान पूर्व से था। इसे देखते हुए हापुड़ व अमरोहा जिले की पुलिस ने संयुक्त रूप से प्लान तैयार किया था। नेशनल हाईवे के किनारे अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की थी। हाईवे के यू-टर्न भी बंद कराए गए थे। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर पुलिस की तैनाती भी की गई थी। बावजूद इसके सोमवार सुबह गंगास्नान के लिए भीड़ उमड़ी तो नेशनल हाईवे पर जाम लगना शुरू हो गया।सुबह करीब तीन बजे से जाम लगना शुरू हुआ, जो दिन निकलने तक कई किलोमीटर लंबा हो गया। पुलिस को गजरौला, हसनपुर, मंडी धनौरा की ओर से आने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट करना पड़ा। इस बीच जाम में फंसे लोगों को भीषण गर्मी के बीच परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम खुलवाने में जुटी पुलिस टीमो का भी पसीना छूटता नजर आया। हालांकि लाख कोशिशों के बावजूद भी जाम नहीं खुल सका।

# जंगल में घूम रहा तेंदुआ, पंजे के निशान मिलने से दहशत

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

जटीवन स्थित डीएफओ कार्यालय से सटे जंगल में दो-तीन खेतों में तेंदुए के पंजे के निशान मिले हैं। जंगल में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों के बीच खौफ बना है। बीते एक सप्ताह से अलग-अलग खेतों में तेंदुए के पंजे के निशान देखने को मिल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर बेफिक्र नजर आ रहे हैं। इस ओर दहशतजदा ग्रामीण जरूर सतर्कता बरत रहे हैं। महिलाओं और बच्चों के खेत पर अकेले जाने पर रोक लगा दी गई है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर पट्टी के जंगल का है। इसी जंगल से सटे जटीवन में डीएफओ भी कार्यालय संचालित है। किसानों की माने तो पिछले कई दिनों से आसपास खेतों में तेंदुए के पंजों के निशान देखने को मिल रहे हैं। ग्रामीणों के बीच खौफ बना है। रविवार सुबह भी सिकंदर अली के खेत में तेंदुए के पंजे के निशान देखे गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन अधिकारियों को दी लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने मौके पर पहुंचकर जांच करना तक भी मुनासिब नहीं समझा। हालात ये हैं कि जंगल से सटे आसपास गांवों की आबादी पर तेंदुए का खौफ हावी हो रहा है। महिलाओं और बच्चों के खेतों पर अकेले जाने पर रोक लगा दी गई है। उधर, वन अफसरों की लापरवाही की ये इंतेहा तब है, जब कि तेंदुए ने बीते दिनों थाना क्षेत्र के ही गांव मखदूमपुर में खेत पर काम कर रहे दो किसानों पर हमला कर दिया था।

इसके बाद ग्रामीणों ने तेंदुए को जंगल में घेर लिया था। पकड़ने के बाद लाठी-डंडों से हमला कर उसे अधमरा कर दिया था।डीएफओ कार्यालय में उपचार के दौरान तीन दिन पूर्व घायल तेंदुए की मौत हो गई थी, जिसका जिम्मेदार वन अधिकारियों को माना जा रहा है। डीएफओ देवमणि मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों ने इस बावत कोई सूचना नहीं मिली है। टीम को मौके पर भेजकर तेंदुए की तलाश की जाएगी।

# पत्रकारिता दिवसः पत्रकारिता की गरिमा को बचाए रखना चुनोतीः महताब अमरोही

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



उर्दू प्रेस क्लब अमरोहा के तत्वावधान में हिन्दी पत्रकारिता दिवस नायाब अब्बासी डिग्री कॉलिज में मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ पत्रकार क्लब के अध्यक्ष डॉ0 महताब अमरोहवी ने कहा कि पत्रकारिता सदैव चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है परन्तु वर्तमान परिवेश में जिस प्रकार पत्रकारिता का अपराधीकरण हुआ है तब से इस पैशे पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकारे सभी पत्रकारों का सत्यापन और चरित्र की जाँच कराऐं तथा सोशल मीडिया के विषय में स्पष्ट करें कि उनकों किस श्रेणी का पत्रकार माना जाना चाहिए अथवा नहीं, उन्होंने पत्रकारों पर बढ़ते हमलों पर चिन्ता जताते हुए पत्रकारिता की गरिमा को बचाने का आहवान किया। वरिष्ठ पत्रकार चौधरी महेन्द्र सिंह ने कहा कि आज पत्रकारिता की गरिमा की पहचान को बचाना अहम मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ भ्रष्ट और बेईमान लोगों के कारण पत्रकारिता बदनाम हो गई है जबकि भ्रष्ट पत्रकार हर स्तर पर वाह-वाही लूट रहे है। हमारा भारतीय समाज के सम्पादक नकी मेहदी अमरोहवी ने कहा कि पत्रकारिता मिशन है और उसे मिशन ही रहने दिया जाये जो आज व्यवसाय बनता जा रहा है जिस कारण पत्रकार रास्ते से भटक रहे हैं आज पत्रकार अपना कर्तव्य भूल चुके हैं जिससे पत्रकारिता को सबसे ज्यादा नुकसान सोशल मीडिया से हो रहा है। फर्जी यू ट्यूब चेनल एवं कथित संचार माध्यम पत्रकारिता को बदनाम कर रहे हैं। आवाम का पैगाम के सम्पादक इमरान अहमद ने कहा कि कभी देश की गरिमा कहलाने वाली भारतीय पत्रकारिता पर विश्व स्तर पर सवाल उठ रहे हैं जो चिन्ता का का विषय है।इस अवसर पर बृजेश कुमार, मुजाहिद अब्बास, अली आबिदी, विजय सिंह, नाजिम चौधरी, इकरामुद्दीन मलिक, मोमिनीन कुरैशी, सैय्यद जमशेद, सलार गाजी, इमरान अहमद ,राहुल कुमार व हनी सिंह,इकरामुद्दीन मलिक, जितेंद्र शर्मा समेत अन्य पत्रकार मौजूद थे। अध्यक्षता डॉ0 महताब अमरोहवी ने एवं संचालन नकी मेहदी अमरोहवी ने किया।

# गणेश चैथ समिति ने किया प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान



धामपुर, प्रात : किरण संवाददाता

गणेश चैथ समिति के संरक्षक विजय जैन ने उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी को नगर में हो रहे कार्यो की सहराना करते हुए सम्मानित किया प्राप्त समाचार के अनुसार गणेश चैथ समिति के संरक्षक विजय जैन के नेतृत्व में पिछले काफी वर्षो से मछली बाजार में लग रही फल मंडी को स्थान्तरित कराने की मांग उठाई जा रही थी जिसमे विजय जैन ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ लोकडॉन मे अपने ही आवास पर फल मंडी को स्थान्तरित कराने के विषय मे आमरांशन भी किया था उस समय प्रशाशनिक अधिकारियों ने विजय जैन को आश्वाशन देकर धरना समाप्त करवा दिया था पिछले कुछ दिनों पूर्व ही फल मंडी को नहटौर रोड पर स्थान्तरित करवा दिया गया है जिसको लेकर आज समिति के पदाधिकारियों ने प्रशाशनिक अधिकारियों को सम्मानित चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया समिति के अध्यक्ष डॉ आदित्य अग्रवाल महामंत्री जयवीर सिंह सिसोदिया कोषाध्यक्ष विजय जैन संरक्षक संजय भईया मुनिया , राजीव अग्रवाल खाद वाले व संयम जैन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह का हुआ आयोजन

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता







उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजी0 शाखा बिजनौर के तत्वावधान में हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह का आयोजन जैन धर्मशाला बिजनौर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों द्वारा देश के मूर्धन्य पत्रकार स्व0 बाबू सिंह चैहान के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके तथा चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बिजनौर डा0 धर्मवीर सिंह एवं मुख्य वक्ता समालोचन पत्रिका के प्रधान संपादक एवं उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजी0 के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमणी रघुवंशी की अध्यक्षता और यूनियन के जिला महामंत्री अनिल चैधरी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में साहित्यकार श्रीमति अनुदेव, साहित्यकार डा0 भोलानाथ त्यागी तथा यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिन्दी पत्रकारिता की दशा और दिशा तथा पत्रकारिता एवं पत्रकारों के सम्मुख उत्पन्न सकटों चुनौतियों पर चिन्तन किया। मुख्य अतिथि एसपी डा0 धर्मवीर सिंह ने पत्रकारिता के इतिहास तथा महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी शुरूआत आजीविका के लिये नहीं देश समाज के लिये कुछ कर गुजरने की सोच के साथ हुई थी। उहोंने माना कि सच्चाई लिखने में तमाम खतरे रहते हैं फिर भी पत्रकार निर्भिकता, साहस के साथ भ्रष्टाचार अन्याय के खिलाफ लिखते हैं। उन्होंने यह भी माना कि पत्रकारों की आर्थिक स्थिति वास्तव में चिंतनीय है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार वेदवृत वेणु, राशिद मलिक, अतीक अली जैदी, फिरोज आलम, मरगूब रहमानी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत के जिला उपाध्यक्ष मुशब्बर हुसैन, विनीत चैधरी, अभिशेक अग्रवाल, अनुज चैधरी, आसिफ अंसारी, ज्योतिलाल शर्मा, संजीव शर्मा, मोईन अहमद, सुशील कर्णवाल, जुबैर खान, किसान नेता बाबूराम तोमर, सरदार कमलजीत सिंह, सुमन चैधरी, शकील अहमद, रूकन राजपूत, चै0 मूलचंद सहित काफी संख्या में पत्रकार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता




पुलिस अधीक्षक डा० धर्मवीर सिंह के दिशा निर्देशन में क्षेत्र के गांव बढ़ापुर सीकरी में किरतपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें ग्रामीण महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मौअज्जमपुर चैकी के अंतर्गत गांव ज्वाला चंडी एंव गांव बढ़ापुर सीकरी में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में महिला पुलिस कर्मी जय माला ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाओं को किसी से भी डरने की कतई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा पुलिस ने हैल्पलाइन नम्बर 1090, 181, 10 76, 112, 1098, 102, 108 जारी किये गये हैं और महिला शोषण के खिलाफ उक्त नम्बरों पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी या रिश्तेदारी में भी किसी महिला का शोषण हो रहा है तो उसकी मदद के लिए तत्काल इसकी सूचना उक्त हैल्पलाइन नम्बर पर दें।इस अवसर पर एसआई जागेश गिरि,कां० सुधीर एंव बड़घी संख्या में ग्रामीण महिलायें मौजूद रहीं।थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि थाने में भी महिला हेल्प डेस्क है जहां सिर्फ महिला पुलिस कर्मी तैनात हैं,कोई भी पीड़ित महिला बेखौफ होकर थाने में आकर महिला हेल्प डेस्क पर अपनी समस्या बता सकती है जिसकी तुरंत सुनवाई होगी।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था युगान्तर का गठन किया

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था युगान्तर का गठन किया गया। इस अवसर पर पत्रकार विश्वास द्विवेदी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। रविवार की शाम गुरुनानक कालोनी में साहित्यकार जितेंद्र कंकड़ के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ष्नई सोच नई दिशाष शीर्षक से सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था युगान्तर का गठन किया गया। प्रसिद्ध उघोगपति व समाजसेवी सरदार त्रिलोचन सिंह सोबती व धामपुर से आये स्वामी कमल दुआ ने फीता कांटकर संस्था युगान्तर का ऐलान किया। इस अवसर पर निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता के लिए नगर के पत्रकार विश्वास द्विवेदी को शॉल ओढाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहित्यकारो ने पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज के दबे कुचले लोगो की आवाज उठाने तथा सच्चाई को उजागर करने पर जोर दिया। इस अवसर पर श्याम प्रकाश तिवारी, शादाब जफर, विजय कुमार महेश्वरी एडवोकेट, अनिल शर्मा अनिल, सरदार त्रिलोचन सिंह सोबती, विश्वास द्विवेदी, स्वामी कमल दुआ, कुमुद शर्मा, जितेंद्र कंकड़, जितेंद्र कौर, कुलबीर कौर, सरदार तिरलोचन, नीलम दिवेद्वी, परविंदर कौर, परमजीत कौर, आरती सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेरठ में दो भाइयों के मर्डर में अदालत ने आठ आरोपितों को दोषी करार दिया

मेरठ। मेरठ के फलावदा के सनोता में गाड़ी खड़े करने को लेकर हुए विवाद में दो भाई दिलशाद कुरैशी (23) और मंशाद (20) को गोली मार दी गई थी। पांच साल बाद कोर्ट में सुनवाई के दौरान दोहरे हत्याकांड में आठ मुल्जिमों को मुजरिम करार दे दिया गया है। सजा कल सुनाई जाएगी। दोनों मृतक के ममेरे भाई हाजी जाकिर ने बताया कि दोनों को की योजनाबद्ध तरीके से गोली मारकर हत्या की गई थी गांव के चश्मदीद साबिर के अनुसार, यह लोग किसी शादी में आए थे, दूसरे लोगों ने इन्हें उनके घर के आगे गाड़ी खड़े करने को मना किया था। इन्होंने कहा अभी हटा रहे हैं। इस बात पर कहासुनी हुई और फिर अंदर से बन्दूक लाकर दोनों भाइयों को गोली मार दी गई। बता दें कि 14 सितंबर 2017 इस घटना में काफी गवाह पेश किए गए जिसके बाद सोमवार को सुनवाई के बाद सभी को दोषी करार दे दिया गया है। अब कोर्ट मंगलवार को इस मामले में सजा का ऐलान करेगी।

### लेनदेन के विवाद में हवाई फायरिंग

मेरठ। लेनदेन के विवाद में एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दी। आरोपित को पकड़ने का प्रयास किया तो वह तमंचा लहराते हुए फरार हो गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई थी। धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। परतापुर थाना क्षेत्र के अच्छरोंडा निवासी विजय राणा गाड़ियों के फाइनेंस का काम करते हैं। उनके साथ सिवाल खास निवासी आबिद भी जुड़ा हुआ है। बताया गया कि दोनों में लेनदेन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। रविवार देर शाम दोनों पक्षों में अच्छरोंडा रोड पर बातचीत चल रही थी। इस दौरान कहासुनी के बाद हाथापाई शुरू हो गई। आरोप है कि आबिद ने तमंचे से हवाई फायरिंग कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने उसे पकड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन वह फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। एसएसपी विवेक यादव ने बताया कि दोनों पक्षों में रुपयों को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपित को पकड़ने के लिए टीम लगा दी गई है। जल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा।

### मऊ में विवाहिता संग सामूहिक दुष्कर्म कर बनाया वीडियो

मऊ। मऊ जिले में विवाहिता संग पारिवारिक लोगों ने ही दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और दुष्कर्म करने का वीडियो बना लिया। इस बात की जानकारी होने के बाद महिला ने पति को बताया तो पति ने विवाहिता को ही दोषी ठहरा दिया। इस मामले में महिला ने अदालत की शरण ली। वहीं इस मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नवंबर 2021 में क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता संग हुए दुष्कर्म के मामले में तीन के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत कर लिया है। युवती ने मऊ जिले में एक गांव के युवक से 22 जून 2020 को प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद दोनों ही लोग हरियाणा चले गए थे। अप्रैल 2021 में पति-पत्नी गांव में ही आकर रहने लगे। महिला के अनुसार गांव आने के बाद उसके जेठ विनय कुमार ने कई बार उसके साथ छेड़खानी का प्रयास किया पर हर बार बच निकलती रही। बीते वर्ष 16 नवंबर 2021 को जेठ ने गांव के पास के ही अमित उर्फ अभय मौर्य और बगली पिजड़ा निवासी नंदोई आशुतोष कुमार को आमंत्रित किया।

# ज्ञानवापी की अगली सुनवाई चार जुलाई को

## सोमवार को अदालत में सुनवाई के अधिकार पर बहस

वाराणसी, एजेंसी



ज्ञानवापी मामले में आज सुनवाई का दिन है। प्रमुख मामलों के अलावा भी कई मामलों को लेकर अदालत में गहमागहमी बनी हुई है। इसके अलावा भी अन्य नए मामले भी सामने आने की उम्मीद है, क्योंकि निमोर्ही अखाड़ा की ओर से भी एक पक्ष बनने की जानकारी दी गई है। सोमवार को जिला जज की अदालत में इस बाबत वाद की सुनवाई हो या न हो इसको लेकर सुनवाई की जानी है। इसके साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को हिंदू पक्ष को देने और प्राप्त शिवलिंग की पूजा किए जाने की मांग पर सुनवाई होनी है।

दोपहर तय समय पर ढाई बजे के करीब मामले की सुनवाई शुरू हुई तो दोनों पक्षों के वकीलों ने जिला जज की अदालत का रुख किया। सबसे पहले मुस्लिम पक्ष अदालत को मामले की सुनवाई के अधिकार को लेकर जिरह की। वहीं शाम चार बजे तक ज्ञानवापी प्रकरण में जिला जज की अदालत में आज की सुनवाई पूरी कर ली गई। अब भी अदालत में इस मामले की सुनवाई जारी रहेगी। अब अदालत ने चार जुलाई को होगी अगली सुनवाई की तिथि तय की है।

दोनों पक्ष तैयारी में जुटे : ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित मां श्रृंगार गौरी की दैनिक पूजा-अर्चना करने एवं अन्य देवी-देवताओं को संरक्षित करने के जिला जज की अदालत में होने वाली सुनवाई के मामले में पक्षकार बनने के लिए, स्वयंभू ज्योतिर्लिंग आदिविश्वेश्वर के वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी ने पक्षकार बनने के लिए अदालत में अर्जी दी है। जिला जज डा.अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो बजे सुनवाई होगी। वहीं ज्ञानवापी प्रकरण में जिला जज की अदालत में लंबित प्रकरण में पक्ष रखने के कचहरी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील हरिशंकर जैन एवं उनके पुत्र वकील विष्णु शंकर जैन के साथ ही वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी एडवोकेट भी दोपहर में अदालत पहुंच गए। दोपहर दो बजे से जिला जज की अदालत में ज्ञानवापी मस्जिद मामले में अदालत प्रकरण सुन सकती है या नहीं इसपर मुस्लिम पक्ष की दलीलों को सुनेगी।

नेताओं के बयान पर रार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव, चर्चित सांसद असदुद्दीन ओवैसी एवं अन्य के दिए गए बयान से हिंदू समाज की भावना आहत होने को लेकर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पंचम) की अदालत में लंबित प्रार्थना पत्र पर प्रतिवादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने आपत्ति जताई है।

### विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने सभी पत्रकारों को दी हार्दिक बधाई

संभल। विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने पत्रकार महोदय एवं प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी बंधुओं को हिंदी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बताया हिंदी पत्रकारिता दिवस है। आज ही के दिन यानि 30 मई 1826 को कलकत्ता (कोलकाता) से पहला हिंदी अखबार ह्यउदन्त मार्तण्डह्न निकाला गया था लेकिन आर्थिक तंगी के कारण इसे डेढ़ साल बाद ही बंद करना पड़ा। अखबार के संपादक पंडित जुगलकिशोक शुक्ल थे। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने अपने ट्वीट में लिखा ह्य हिंदी पत्रकारिता दिवस की सभी को शुभकामनाएँ। हिंदुस्थानियों के हित के हेत ध्येय वाक्य के साथ 1826 में आज के दिन पहला हिंदी अखबार उदन्त मार्तण्ड प्रकाशित हुआ। अपनी सुदीर्घ यात्रा में हिंदी पत्रकारिता ने अनेक सोपान तय करते हुए उस पवित्र ध्येय के प्रति सत्यनिष्ठा सुनिश्चित की। संभल के आस मोहम्मद ने भी इस मौके पर शुभकामनाएं दीं हिंदीपत्रकारिताद्विवस पर शुभकामनाएं। हिंदी पत्रकारिता का देश में स्वर्णिम इतिहास रहा है। स्वाधीनता आंदोलन में पत्रकारिता ने स्वतंत्रता की अलख जगाने में अहम भूमिका निभायी।

# पीएचडी छात्राओं को फिर मिलेगी छात्रवृत्ति

लखनऊ, एजेंसी



लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही शोध मेधा छात्रवृत्ति योजना के दूसरे चरण की शुरूआत करेगा। इसके अंतर्गत प्रतिभाशाली पीएचडी छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा दी जाएगी। योजना का लाभ देने के लिए जून के पहले सप्ताह में आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। चयनित छात्राओं को प्रति माह पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 में प्रतिभाशाली महिला शोधार्थियों को शोध कार्यों में बढ़ावा देने के उद्देश्य से शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरूआत की थी। अब उसके दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ये होंगे पात्र : इसमें नेट और गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग) उत्तीर्ण होने के साथ-साथ लखनऊ विश्वविद्यालय से पीएचडी के लिए पंजीकृत छात्राएं ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। इसके अलावा उन्हें कोई अन्य छात्रवृत्ति या फेलोशिप न मिल रही हो। छात्राओं के चयन के लिए कमेटी बनाई गई है। जो मेरिट तय करेगी।

तीन साल मिलेगी छात्रवृत्ति : आवेदन के समय पीएचडी छात्राओं को वर्तमान सत्र की फीस रसीद और अन्य शैक्षिक अभिलेख आनलाइन अपलोड करने होंगे। चयनित छात्राओं को अधिकतम तीन साल तक छात्रवृत्ति के रूप में पांच हजार रुपए प्रति माह दिया जाएगा।

कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के दिसंबर-2021 के नियमित और बैक पेपर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इनमें एमबीए (सीबीसीएस) में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन तीसरे सेमेस्टर, एमएससी न्यूट्रिशन तीसरा सेमेस्टर, एलएलबी इंटीग्रेटेड (इम्प्रूवमेंट, बैक पेपर), बीबीए टूरिज्म पांचवें सेमेस्टर, शास्त्री तीसरे सेमेस्टर, बीएससी होम साइंस तीसरे सेमेस्टर, एमकाम कामर्स तीसरे सेमेस्टर के परिणाम शामिल है।

# विस में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव बोले यूपी सरकार का बजट किसानों के साथ धोखा

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र में सोमवार को भी विधानसभा तथा विधान परिषद में कार्यवाही जारी रही। कार्यवाही के सातवें दिन सोमवार को विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ सरकार को घेरा। उधर विधान परिषद में सरकार के पुरानी पेंशन प्रणाली को फिर से लागू करने से इन्कार करने पर विपक्ष ने जमकर हंगामा भी किया।

विधानसभा में मुख्यमंत्री तथा नेता भाजपा विधायक दल योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने बजट पर चर्चा के दौरान सरकार को धोखा देने वाली बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट तो बजट किसानों को धोखा देना वाला बजट है। यह बजट नहीं बंटवारा है। सरकार यह भी नहीं बता पा रही है कि बीते पांच वर्ष में कहां-कहां निवेश किया है। हमको तो संदेश है कि जो बजट पेश किया गया है वो खर्च किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में हेल्थ सेक्टर में इंफ्रास्ट्रक्चर की काफी कमी है। सभी जगह पर डॉक्टर, नर्स और स्टॉफ की कमी है। इतना ही नहीं हाउसिंग सेक्टर का सबसे बुरा हाल है। सभी जगह पर हाउसिंग सेक्टर के काम ठप पड़े हैं।

केन्द्र के साथ प्रदेश सरकार भले ही स्वच्छ भारत के नाम का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन आज शहरों में गंदगी की भरमार है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में डेयरी के क्षेत्र में कोई काम नहीं हो रहा है। डेयरी विकास में कुछ खास नहीं किया गया। डेयरी के क्षेत्र को पीछे करने का काम हो रहा है। पराग के बजट को कम किया गया। इसके साथ ही सरकार की गलत नीति से फैसलों से गायों की संख्या कम हो रही है। गाय के दूध के लिए भी बजट होना चाहिए। कन्नौज की पहचान इत्र से है गोबर से नहीं। कन्नौज में हमें पर्फ्यूमरी पार्क चाहिए। मिजार्पुर का सोलर प्लांट समाजवादियों की देन है। सस्टेनेबल गोल्स पर सदन में खूब चर्चा हुई है। उन्होंने ग्वालियर से लिपुलेक तक सड़क मांगी थी। सरकार बताए यह सड़क किस स्टेज पर है। यूपी में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नहीं क्राइम है। यहां ईज ऑफ डूइंग क्राइम चल रहा है। विधानसभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दो वर्ष में कोरोना वायरस संक्रमण से मौत का आंकड़ा दिया।

### दारोगा ने की गंदी बात तो युवती पेट्रोल डालकर पहुंची गई एसपी आफिस

उन्नाव। एसपी कार्यालय में सोमवार की दोपहर उस समय पुलिस कर्मियों के हाथ पांव फूल गए जब माखी से आई युवती शरीर पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास करने लगी। समय रहते पुलिस कर्मियों ने हाथ से माचिस छीनकर उसकी जान बचा ली। भाई ने थाने के दारोगा पर बहन के लिए गंदी नीयत से कमरे में भेजने की बात कहने का आरोप लगाया है। माखी थाना क्षेत्र के गांव खुमानखेड़ा निवासी अतुल कुमार ने डीएम को दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि गांव के दबंगों ने उसके घर के पास सहन की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। इसमें उनका साथ थाना पुलिस दे रही है। थाने के दारोगा व सिपाही खड़े होकर कब्जा करवा रहे हैं। आरोप लगाया कि जब बहन ने वीडियो बनाना शुरू किया तो दबंगों ने मारपीट की। इसकी शिकायत करने पर कार्रवाई की बजाय दारोगा ने गंदी नीयत जाहिर करते हुए बहन को कमरे में भेजने पर कब्जा न कराने देने की बात कही। वह बहन के साथ सोमवार को एसपी आफिस अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंचा तो कोई सुनवाई नहीं हुई।

# 8 साल बेमिसाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



अब्बासी वेलफेयर हेल्थ एंड एजुकेशनल सोसायटी रजि0 की जानिब से सोसायटी द्वारा सफलतापूर्वक आठ वर्ष पूर्ण करने पर किया गया आठ साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन नई कार्यकरिणी का हुआ गठन फरूख जमाल बने प्रदेश उपाध्यक्ष काफी संख्या में उपस्थित रहे शहर के गणमान्य व्यक्ति शिक्षा व चिकित्सा जगत से जुड़ी हस्तियां संभल सदर कोतवाली इलाके मोहल्ला जगत स्थित हिंदी स्पोर्ट्स स्टेडियम में अब्बासी सोसाइटी की ओर से आठ साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत स्कूली छात्रा इंशा अजीम द्वारा हम होंगे कामयाब गीत से की जिसमें काफी संख्या में वक्ताओं ने विचार रखे इस दौरान सोसाइटी अध्यक्ष अजीम अब्बासी के नेतृव में नई प्रदेश स्तरीय कार्यकरिणी गठन भी किया गया इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉक्टर यूसी सक्सेना ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों से निरंतर कार्य कर रही अब्बासी सोसाइटी के सभी कार्य सराहनीय है और इसके लिये सोसाइटी के पदाधिकारीगण प्रशंसा के पात्र है क्योंकि यह सोसाइटी बिना किसी भेदभाव के लगातार शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में जनसेवी कार्य करती चली आ रही है हिंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खन्ना अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में शहर के अन्य संगठनों को भी अब्बासी सोसाइटी की तरह जोरदार तरीके से आगे आना चाहिए विशिष्ट अतिथि हाजी अशरफ अंसारी ने कहा कि अब्बासी सोसाइटी लगातार कमजोर असहाय वर्ग के लिए समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर वह निर्धन बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था करती है जो काबिले तारीफ है और वह हर तरह से सोसाइटी के साथ हैं हिंद स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आतिथि के रूप में विचार रखते हुए भीष्म सिंह देवल जी ने कहा कि अब्बासी सोसाइटी वास्तव में ही समाजसेवा के क्षेत्र प्रगति कर रही है और सच्ची लगन व मेहनत के चलते एक नया मुकाम बनाने में जुटी हुई है शहर के अन्य संगठनों को भी ऐसे कार्यो में आगे आना चाहिये इस दौरान सभी अतिथिगण ने सोसाइटी की नई कार्यकरिणी पदाधिकारियों को गठन के बाद मनोनयन पत्र वितरित किये जिसमें अध्यक्ष अजीम अब्बासी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमुख जमाल एडवोकेट मंडल उपाध्यक्ष जमील उर रहमान मुन्नू प्रदेश संगठन मंत्री फरमान हुसैन अब्बासी जिला अध्यक्ष शादाब अब्बासी जिला उपाध्यक्ष नावेद शान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज नगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ संस्थापक सदस्य डॉक्टर मोहम्मद रशिक अनवर वा मोहम्मद जैद अन्हार पाशा व सैयद फारूक हाफिज शहादत हुसैन को सदस्य बनाया गया।

# जयंत चौधरी ने सपा के समर्थन से राज्य सभा के लिए किया नामांकन



लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता

आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सपा के समर्थन से राज्य सभा के लिए नामांकन किया। नामांकन के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं रालोद के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। नामांकन करने के बाद जयंत चौधरी ने कहा ,ह्वअखिलेश यादव ने विश्वास के साथ हमे अवसर दिया है, सम्मान रखा है। इसके लिए मै उनका आभार व्यक्त करता हूं।ह्वगौरतलब है कि जयंत चौधरी से पहले सपा समर्थन से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल एवम् सपा के उम्मीदवार मो.जावेद अली अपना नामांकन करा चुके हैं। यूपी में 11 सीटों पर राज्य सभा के लिए होने वाले चुनाव में सपा ने अपने तीन उम्मीदवारों का चयन कर लिया है।आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी के नामांकन से पूर्व कयास लगाए जा रहे थे कि अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल यादव को राज्य सभा भेजने की तैयारी कर रहे हैं।लेकिन अखिलेश ने अंतोगत्वा जयंत चौधरी का नामांकन कराकर सपा - रालोद गठबंधन के मजबूत बने रहने का संदेश दे दिया।

### पांच साल के मासूम बेटे का घर से अपहरण

हमीरपुर। जनपद मुख्यालय के विवेकनगर मोहल्ला में रहने वाले कलेक्ट्रेट में लिपिक के पांच साल के मासूम बेटे को दिन दहाड़े दो युवकों ने अगवा कर लिया। अपहर्ता बाइक पर मासूम को बिठाकर ले गए हैं, जो पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में नजर आए हैं। अपहताओं ने लिपिक के फोन पर कॉल करके बेटे को छोड़ने के एवज में पचास लाख रुपये की फिरौती मांगी है। हमीरपुर कलेक्ट्रेट में प्रधान सहायक पद पर तैनात प्रभात तिवारी मुख्यालय के विवेकनगर मोहल्ले में परिवार के साथ मकान में रहते हैं। सोमवार की दोपहर करीब 1:30 बजे घर पर आए दो युवकों ने विवके के पांच वर्षीय बेटे वैभव का अपहरण कर लिया और बाइक पर बिठाकर ले गए। जबतक मोहल्ले के लोग कुछ समझ पाते तबतक अपहर्ता रफूचक्कर हो गए। जानकारी होने पर लिपिक के घर लोगों की भीड़ लग गई और सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए, जिसमें बच्चे को बाइक पर बिठाकर ले जाते दो नकाबपोश युवक दिखाई दिए।

# तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम विषय पर परिचर्चा एवं संभाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता



नवयुग कन्या महाविद्यालय में एनसीसी विंग एवं दर्शन शास्त्र विभाग के संयुक्त प्रयास से होप इनिशियेटिव के सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम विषय पर परिचर्चा एवम् संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने एनसीसी केडेट्स एवं छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सदैव समाज के प्रति अपने दायित्वो का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी एवं समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.मनमीत कौर सोढ़ी ने करते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाना नुकसान दायक है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में होप इनिशियेटिव से हेल्थ काउंसलर बिंदु त्रिपाठी,महाविद्यालय से डॉ.शमिता नंदी एवम् संगीता कोतवाल ने अपने विचार व्यक्त कर सभी को तम्बाकू और नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागी केडेट्स तनु सारस्वत, साक्षी गुप्ता,विदुषी शुक्ला, दीपांशी निगम, प्रियंका गुप्ता, प्राची वर्मा, अनन्या पाठक, हर्शीन कौर, सुप्रिया गोपाल, दीपाली तिवारी, सोनी सिंह, खुशी कनौजिया , कीर्ति रस्तोगी, खुशी सिंह, नंदिनी सिंह, ईशा कुमारी शर्मा तथा शशि त्रिवेदी ने अपने विचार व्यक्त कर कहा कि तंबाकू के सेवन से हृदय रोग,कैंसर, फेफड़े संबंधी गंभीर रोग और विकार उत्पन्न होते हैं।इसलिए तंबाकू का सेवन शरीर के लिए अत्यंत नुकसान दायक है। संभाषण प्रतियोगिता में केडेट तनु सारस्वत - प्रथम, हर्शीन कौर- द्वितीय, सोनी सिंह - तृतीय स्थान पर रही जबकि सुप्रिया गोपाल, खुशी सिंह तथा दीपाली तिवारी को सांत्वना सम्मान प्राप्त हुआ।इसके साथ ही केडेट्स द्वारा पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से भी तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक किया गया।

### उन्नाव : मानसिक बीमार युवक को बेरहमी से पीटा

उन्नाव। आसीवन क्षेत्र के एक गांव में मानिसक बीमार युवक को कुछ लोगों ने बेरहमी से पीटा, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस आरोपितों को पकड़ने गांव पहुंची तो उनसे भी अभद्रता करते हुए एक सिपाही की वर्दी फाड़ दी। पुलिस ने दो युवकों व एक युवती को हिरासत में लिया और मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू की है। आसीवन क्षेत्र के गांव कनिगांव में मानसिक बीमार युवक को बांधकर सरेआम बेरहमी से पीटने का वीडियो इंटरनेट मीडिया के सोशल प्लेटफार्म वाट्सएप और फेसबुक पर तेजी से वायरल हो गया। जानकारी होने पर पुलिस अफसरों ने जांच के लिए दारोगा तेजपाल पांडेय की अगुवाई टीम गांव भेजी। छानबीन में सामने आया कि मानसिक बीमार शंकर सिंह गमेल को गांव के अशोक चौरसिया, ननकू रैदास, रघुवीर रसिया व पूनम आदि ने पीटा है, जिसका वीडियो वायरल हुआ है। दारोगा ने आरोपितों से पूछताछ शुरू की तो उन लोगों ने पुलिस टीम से अभद्रता शुरू कर दी।

# संडीला की बनी इस रिवाल्वर की देशभर में डिमांड

हरदोई

हथियारों और सुरक्षा उपकरणों में आत्म निर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों में हरदोई के संडीला में बनी पहली स्वदेशी वेब्ले स्काट रिवाल्वर धूम मचाए है। रिवाल्वर की मांग पूरी करने के लिए कंपनी उत्पादन बढ़ाने जा रही है, जिसके लिए मशीनें आ गईं हैं। इंग्लैंड के इंजीनियर भ्रमण भी कर गए हैं। कंपनी के निदेशक का कहना है कि 400 रिवाल्वर प्रति माह के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

औद्योगिक क्षेत्र संडीला में मेक इन इंडिया के तहत इंग्लैंड की मशहूर कंपनी वेब्ले स्काट ने कानपुर-लखनऊ की आर्म्स कंपनी स्याल ग्रुप के साथ रिवाल्वर तैयार कर रही है। इसकी बिक्री तो अक्टूबर 2021 से शुरू हुई थी, लेकिन बुकिंग काफी पहले से हो चुकीं थी और यही कारण रहा कि रिवाल्वर बाजार में आते ही धूम सी मच गई और कंपनी मांग नहीं पूरी कर पा रही है। कंपनी के निदेशक सुरेंद्र पाल सिंह स्याल ने बताया कि प्रदेश में लखनऊ व कानपुर के साथ ही अन्य प्रांतों में 12 आर्म्स सप्लायर रिवाल्वर की बिक्री कर रहे हैं। पूरे देश में से करीब चार हजार रिवाल्वर की बुकिंग हो चुकी है, जिस हिसाब से बुकिंग हैं उसके अनुसार रिवाल्वर नहीं बन पा रही हैं, उसी को देखते हुए कंपनी रिवाल्वर का उत्पादन बढ़ाने जा रही है। अभी तक प्रति माह 175 से 200 रिवाल्वर तैयार होती थीं, लेकिन उन्हें 400 तक ले जाने का लक्ष्य है, इसके लिए मशीन आ चुकी हैं और मेन पावर भी बढ़ाया गया है। निदेशक सुरेंद्र पाल सिंह स्याल के अनुसार पिछले महीने ही इंग्लैंड से इंजीनियर भी कंपनी का भ्रमण कर दिशा निर्देश दे गए हैं और उन पर काम भी चल रहा है। वैसे तो दो माह में ही उत्पादन क्षमता बढ़ाकर एक साल के अंदर बुकिंग की वेटिंग खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है और उसी पर काम भी हो रहा है।

आयोजन — हिंदू जागृति महिला मंच के तत्वाधान में आज ...

# वट सावित्री की पूजा धूमधाम से की गई

संभल, प्रात: किरण संवाददाता



नगर में स्थित अमृतकूप मंदिर में वट सावित्री की पूजा अर्चना सभी सुहागिन महिलाओं ने समूह में की। सभी सुहागिन महिलाओं ने व ट वृक्ष की पूजा की रोली ,चावल ,फूल ,मिष्ठान, धूप, दीप आदि चढ़ाकर की सभी महिलाओं ने हाथ में चावल ,फूल लेकर बट सावित्री की कथा पढ़ी। विवाहित महिलाओं के बीच अत्यधिक प्रचलित जेष्ठ कृष्ण अमावस्या के दिन आने वाले बट सावित्री की कथा निम्न प्रकार से है: भद्र देश के राजा थे ,जिनका नाम अश्वपति था।उनके कोई संतान न थी। उन्होंने संतान की प्राप्ति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिदिन एक लाख आहुतियां दी। 18 वर्षों तक यह क्रम जारी रहा। इसके बाद सावित्री देवी ने प्रकट होकर वर दिया कि राजन तुझे एक तेजस्वी कन्या पैदा होगी ।सावित्री देवी की कृपा से जन्म लेने के कारण से कन्या का नाम सावित्री रखा गया। कन्या बड़ी होकर बेहद रूपवान हुई। योग्य वर ना मिलने की वजह से सावित्री के पिता दुखी थे ।उन्होंने कन्या को स्वयंवर तलाशने भेजा। सावित्री तपोवन में भटकने लगी । वहां सॉल्व देश के राजा द्रुमत्सेन रहते थे ,क्योंकि उनका राज्य किसी ने छीन लिया था। उनके पुत्र सत्यवान को देखकर सावित्री ने पति के रूप में उनका वरण किया ।

ऋषि राज नारद जी को जब यह बात पता चली तो वह राजा अश्वपति के पास पहुंचे और कहा कि हे राजन !यह कल क्या कर रहे हैं आप? सत्यवान गुणवान है ,धर्मात्मा है और बलवान भी है पर उसकी आयु बहुत छोटी है, वह अल्पायु है। 1 वर्ष के बाद ही उसकी मृत्यु हो जाएगी। ऋषिराज नारद की बात सुनकर राजा अश्वपति घोर चिंता में डूब गए ।सावित्री ने उनसे कारण पूछा, तो राजा ने कहा ,पुत्री तुमने जिस राजकुमार को अपने वर के रूप में चुना है वह अल्पायु है। तुम्हें किसी और को अपना जीवनसाथी बनाना चाहिए। इस पर सावित्री ने कहा कि पिताजी आर्य कन्याएं अपने पति का एक बार ही वरन करती हैं ।राजा एक बारी आज्ञा देता है और पंडित एक बार ही प्रतिज्ञा करते हैं और कन्यादान भी एक बार ही किया जाता है ।

सावित्री हठ करने लगी और बोली में सत्यवान से विवाह करूंगी ।राजा अश्वपति ने सावित्री का विवाह सत्यवान से कर दिया। सावित्री अपने ससुराल पहुंचते ही सास ससुर की सेवा करने लगी ।समय बीतता चला गया नारद मुनि ने सावित्री को पहले ही सत्यवान की मृत्यु के दिन के बारे में बता दिया था ।वह दिन जैसे-जैसे करीब आने लगा, सावित्री अधीर होने लगी। उन्होंने 3 दिन पहले से ही उपवास शुरू कर दिया। नारद मुनि द्वारा कथित निश्चित तिथि पर पितरों का पूजन किया । हर दिन की तरह सत्यवान उस दिन भी लकड़ी काटने जंगल चले गए साथ में सावित्री भी गई। जंगल में पहुंचकर सत्यवान लकड़ी काटने के लिए एक पेड़ पर चढ़ गए। तभी उनके सिर में तेज दर्द होने लगा ,दर्द से व्याकुल सत्यवान पेड़ से नीचे उतर पड़े। सावित्री अपना भविष्य समझ गई। सत्यवान के सिर को गोद में रखकर सावित्री सत्यवान का सिर सहलाने लगी ।तभी वहां यमराज आते दिखे।

# देवरिया में एसटीएफ की जांच में पकड़ा गया नियुक्ति में फर्जीवाड़ा

देवरिया




एसटीएफ की जांच में फर्जीवाड़ा की पुष्टि होने पर बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात तीन शिक्षकों को बीएसए ने बर्खास्त कर दिया। दो लोग बलिया व महराजगंज जनपद में तैनात दो शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों और एक व्यक्ति शिक्षा शास्त्री (बीएड) के फर्जी व कूटरचित अंक व प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहा था। बीएसए संतोष कुमार राय ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया है।

बलिया जनपद के गड़वार ब्लाक के विसुकिया गांव के रहने वाले रणजीत कुमार यादव अपने जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय कनैला गडवार में सहायक अध्यापक हैं। उनके शैक्षिक अभिलेखों पर जालसाज भाटपाररानी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जावाडीह में प्रधानाध्यापक पद पर नौकरी कर रहा था। जालसाज ने भटनी ब्लाक के मायापुर इमिलिया गांव को अपना पता अंकित कराया था। महराजगंज जनपद के नौतनवां ब्लाक के मुडिला निवासी रितेश कुमार सिंह अपने गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर तैनात हैं। उनके शैक्षकों अभिलेखों पर जालसाज देसही देवरिया ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय नंद टोला में प्रधानाध्यापक पद पर नौकरी कर रहा था। उसने अपना पता जनपद के बेलडरिया गांव अंकित कराया था।

दोनों मामले मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि समान होने पर पकड़े गए। एसटीएएफ मुख्यालय लखनऊ के एसएसपी ने कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट बीएसए को भेजा।

## संक्षिप्त खबरें

### इमरान प्रतापगढी को राज्यसभा सांसद प्रत्याशी बनाए जाने पर मेवात में खुशी



नूंह। रविवार को जैसे ही देर रात्रि में कांग्रेस पार्टी ने आगामी राज्यसभा के लिए अपने उम्मीदवार घोषित किए तो महाराष्ट्र से कांग्रेस माइनॉरिटी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढी को बनाए जाने पर मेवात इलाके में उनके प्रसंशकों में खुशी की लहर दौड गई। पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष तौसीफ खान बीसरु ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अब राज्यसभा में इमरान प्रतापगढी उनकी आवाज को बुलंद करेंगे। जिससे अल्पसंख्यक लोगों में खुशी है। तौसीफ खान बीसरु ने कहा कि इमरान प्रतापगढी हमेशा लोगों के सुखदुख में शामिल होते रहते हैं। मेवात इलाके से उनका खास लगाव है। इस अवसर पर सद्दाम बिछोर, वासिद अली बीसरु, जानू नवलगढ, आमिर सिंगारिया, मौसम नई, सपात झारोकडी, अजरुद्दीन पिनगवां, लल्ला पुन्हाना, रासिद ठेक, अख्तर इंदाना, मोइन सीहरी, राम अवतार सहित दर्जनभर युवाओं ने कांग्रेस पार्टी हाईकमान का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया है।

### स्कूली छात्रा का अपहरण कर गैंग रेप का आरोप

पुन्हाना। पुन्हाना बिछोर थाना के एक गांव में नाबालिग स्कूल की छात्रा का अपहरण कर उसके साथ गैंग रेप करने का मामला प्रकाश में आया है। बिछोर पुलिस ने पीड़ित छात्रा के पिता की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री गांव के ही स्कूल म 9 वीं कक्षा में पढती है। 28 मई को उसकी बेटी स्कूल गई थी। स्कूल की छुट्टी होने पर जब वो घर नहीं पहुंची तो उसको इधर उधर तलाश किया और रिश्तेदारों में पता किया लेकिन उसकी बेटी नहीं मिली। दूसरे दिन उसकी बेटी गांव के ही जंगलों में मिली जिसने बताया कि उसे साहिल व जुनेद हथियार के बल पर अपहरण कर ले गए। आरोप है कि उसकी बेटी को आरोपी लहरवाडी और बडेड गांव अपनी रिश्तेदारों में भी लेकर गए जहां आरोपियों ने उसके साथ रेप किया।

# सोहना नगर परिषद चुनाव के लिए आज से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया : जितेंद्र गर्ग



चुनाव

- नही हुए पहले दिन एक भी नामांकन इंतजार करते रहे अधिकारी

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना नगर परिषद के चुनाव को लेकर आज एक भी नामांकन नही हुआ। वहीं सुबह 11 बजे से ही चुनाव के नामांकन को लेकर प्रशासन ने नगर परिषद सोहना के अध्यक्ष व सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार 30 मई से आरंभ हो गई है। एसडीएम न्यायालय में आगामी चार जून तक चलने वाली नामांकन प्रक्रिया के लिए प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे का समय निर्धारित है।

नगर परिषद सोहना के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने नगर परिषद के आम चुनाव 2022 सुचारू रूप से कराने के लिए सोहना के तहसीलदार की सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्ति की है। वहीं एक अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति के लिए उन्होंने उपायुक्त से निवेदन किया है। गर्ग ने बताया कि 30 मई से शुरू हुई नामांकन प्रकिया चार जून को दोपहर तीन बजे तक जारी रहेगी। ये नामांकन इन दिनों के दौरान प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक ही भरे जा सकते हैं।

इसके बाद 6 जून सोमवार को प्रातः 11:30 बजे से नामांकन पत्रों की जांच होगी। प्रत्याशी 7 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से सांय 3 बजे तक अपना नामांकन वापिस ले सकते हैं। दो जून को सरकारी अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि सोहना नगर परिषद में 21 वार्डो में 44 बूथ पर मतदान होना है। जिसमें 12 बूथ संवेदनशील श्रेणी व 11 बूथ अति संवेदनशील श्रेणी के हैं। वहीं इच्छुक उम्मीदवारों की सहायता के लिए उपमंडल कार्यालय परिसर में एक सहायता कक्ष भी बनाया गया है। हेल्प डेस्क से नामांकन पत्र के फार्म की प्रति प्राप्त कर सकते हैं और नामांकन पत्र भरने संबंधित जानकारी व पूछताछ कर सकते हैं। गर्ग ने बताया कि इसके बाद 7 जून को ही सांय 3 बजे के बाद चुनाव मैदान में रहने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नगर परिषद सोहना के इस आम चुनाव के लिए मतदान 19 जून रविवार को होगा। यदि कहीं पुर्न मतदान की आवश्यकता पड़ी तो वह 21 जून को होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतगणना 22 जून को प्रातः 8 बजे से उपायुक्त द्वारा निर्धारित स्थान पर होगी और उसी दिन मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि इन नगर परिषद व नगरपालिका चुनाव में भी मतदाताओं को नोटा अर्थात किसी को भी नहीं का प्रावधान भी उपलब्ध होगा। इस मौके पर अंशुल बंसल, दीपक, देवेंद्र, सियाराम, लखपत, नवीन, डी एस वर्मा, लोकेंश आदि मौजूद थे।

# ट्रक चालक शौकीन की हत्या मामले में शामिल तीसरा आरोपी गिरफ्तार



बधाई

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

पलवल, प्रात : किरण संवाददाता

थाना प्रभारी छतरपाल ने बताया कि राजेश दुग्गल आईपीएस पुलिस अधीक्षक पलवल द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के निदेर्शों की पालना में उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ट्रक चालक की पीट-पीटकर हत्या करने वाला एक आरोपी फिलहाल अपने गांव में ही मौजूद है, जोकि कहीं बाहर जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी को काबू कर लिया गया।

*पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आरीफ पुत्र अमरुदीन उर्फ बाऊ निवासी नोहरिया मोहल्ला उटावड़ गांव बताया।* गहन पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पंद्रह मई को नूंह जिले के सिंगार गांव निवासी ट्रक चालक शौकीन की तेल चोरी के आरोप में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गए। जिस संबध में मृतक के भाई तौफीक की शिकायत पर नौ नामजद व तीन-चार अन्य आरोपियों के खिलाफ सोलह मई को मामला दर्ज किया गया था। प्रभारी थाना ने बताया कि मामले में पहले ही त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 19 मई 2022 को आरोपी सेकूल को गिरफ्तार कर उससे 2 दिन की पुलिस रिमांड अवधि के दौरान वारदात में प्रयुक्त कपड़ा चुन्नी जिससे मृतक का गला दबाया गया था, मारपीट मे प्रयोग की गई केबल डोरी तथा गाड़ी कार नंबर HR-51-CE-0366 बरामद की गई तथा आरोपी को बाद रिमांड 22 मई को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद आरोपी साहिल को 25 मई 2022 को गिरफ्तार कर उससे 3 दिन की पुलिस रिमांड अवधि के दौरान मृतक का मोबाइल रेडमी तथा वारदात के दौरान मृतक शौकीन की पिटाई वीडियो वायरल मैं प्रयोग किया गया मोबाइल विवो बरामद कर बाद रिमांड अवधि जेल भेज दिया गया था।

उन्होंने बताया कि अब आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर उससे वारदात में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बाकी फरार आरोपियों की गिरफतारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर कराई गई लेखन प्रतियोगिता



रेवाडी, प्रात : किरण संवाददाता

हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर युवा राजपूत सभा द्वारा बावल के गांव चिरहाडा में पृथ्वीराज चौहान की मूर्तिपर ध्वजारोहण व पुष्प अर्पित करने के साथ ही एक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपनी कलम से पृथ्वीराज चौहान की जीवनी का उल्लेख करते हुए पृथ्वीराज चौहान के व्यक्तित्व और उनकी महानता का उल्लेख किया। लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लगभग 22 गांव के प्रतिभागियों में से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया। परीक्षा में 215 बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें 9 वी ओर 10 वी लेवल पर प्रथम स्थान विष्णु गांव चिराहड़ा, द्वितीय स्थान हिमांशु चिराहड़ा, तीसरा स्थान पायल गांव चिराहडा, इसी के साथ 7 वे और 8 वे लेवल में प्रथम स्थान प्राप्त करने में मानव गांव भाड़ावास, द्वितीय स्थान हर्ष भाड़ावास, तृतीय स्थान प्राप्त करने में मुस्कान चिरहड़ा रहे। 7वे और 8 वे लेवल में प्रथम स्थान अभिसारिका ओढ़ी, द्वितीय स्थान हर्ष कनुका और दीपांशु ऑढ़ी तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को सम्मानित करने में एडवोकेट संदीप चौहान कुलदीप चौहान राजबाला अजीत चौहान सोमवीर चौहान वह राकेश चौहान ने अपनी भूमिका निभाई।

# प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल डा.बनवारी

- रेवाड़ी जिला के दो प्रभावित बच्चों को दिया योजना के माध्यम से सहयोग

रेवाड़ी, प्रात : किरण संवाददाता


हरियाणा सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ.बनवारी लाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सेवा के स्वभाव के साथ जरूरतमंद लोगों को योजनाओं से जोड़ते हुए लाभांवित कर रही है। जनसेवा को समर्पित योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। सहकारिता मंत्री डा.बनवारी लाल सोमवार को रेवाड़ी लघु सचिवालय सभागार में आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से जुड़ते हुए मौजूद योजना के पात्रों को प्रोत्साहित कर रहे थे।

रेवाड़ी में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में पहुंचने पर सहकारिता मंत्री का एडीसी सुरेंद्र सिंह ने स्वागत किया। जिलावासियों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना और उसके उपरांत सहकारिता मंत्री द्वारा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत कोरोना महामारी में अपने मां-बाप को खोने वाले दो बच्चों को आर्थिक सहयोग पत्र व आयुष्मान भारत कार्ड देकर सरकार की ओर से हर संभव सहयोग निरंतर दिए जाने का विश्वास दिलाया।

**पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना जरूरतमंद बच्चों की सहयोगी : सहकारिता मंत्री**

सहकारिता मंत्री डा.बनवारी लाल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता पिता को खो दिया है उन बच्चों की परवरिश व शिक्षा का जिम्मा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत लिया है जोकि सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जनसहभागिता के साथ जरूरतमंद बच्चों की मदद सरकार द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 12 हजार रूपए वार्षिक तथा 2500 रूपए मासिक लाभ दिया जा रहा है तथा इसी प्रकार उन्हें 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता भी सरकार की ओर से दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस योजना में चिन्हित बच्चों की आयु 18 वर्ष होने पर 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जबकि डाकघर मासिक आय योजना में 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के नाम 10 लाख रुपए की राशि जमा कराई गई है। इसके अलावा बच्चों को 18 वर्ष के बाद से 23 वर्ष की आयु तक मासिक वजीफा प्राप्त होगा। बच्चों को 23 की आयु प्राप्त करने पर 10 लाख रुपए की राशि प्राप्त होती है। अवसर पर लक्ष्मण सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हुकम चंद यादव सहित एडीसी सुरेंद्र सिंह व सीटीएम देवेंद्र शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी उर्मिल सिवाच सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शिकरावा में कल लगेगा हज यात्रा प्रशिक्षण कैंप: डॉ.ईसा



नूंह, प्रात : किरण संवाददाता

पिनगवां के शिकरावा गांव के मदरसा फैजुल उलूम पुन्हाना रोड शिकरावा में जमीयत अहले हदीश हरियाणा की तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी १ मई को हज यात्रा पर जाने वाले लोगों के लिए प्रशिक्षण कैंप लगाया जाएगा। जिसमें जहाज यात्रा से लेकर हज के दौरान काम आने वाली सभी जानकारियां दी जाएंगी। कैंप का आयोजन हरियाणा जमीयत अहले हदीश अध्यक्ष डॉक्टर ईसा अनीश की निगरानी में होगा।

जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में दिल्ली के मौलाना शिरकत करेंगे। जमीयत अहले हदीश हरियाणा के अध्यक्ष डॉक्टर ईसा अनीश ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण कैंप सुबह ८ बजे से दोपहर १२ बजे तक चलेगा। जिसमें हज यात्रा पर जाने वाला कोई भी व्यक्ति पहुंचकर हज यात्रा का प्रशिक्षण ले सकता है। कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों के लिए खाने पीने की व्यवस्था भी जमीयत अहले हदीश की तरफ से की जाएगी। कैंप में प्रशिक्षण लेने के लिए आने वाली महिलाओं के लिए पर्दे के साथ बैठने की सुविधा भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कैंप में शामिल होने के लिए मेवात के सभी उलेमाओं को न्यौता दिया गया है। इस कैंप में शामिल होकर हज यात्रा पर जाने वाले लोग हज प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रशिक्षण कैंप के इंतजाम में मौलाना मोहम्मद अकबर सल्फी, हाजी सहाबुद्दीन सहित जमीयत अहले हदीश के सभी लोग अपनी सेवाएं देंगे।

# बीडीपीओ और ग्राम सचिवों ने स्थगित किया 2 दिन का घोषित अवकाश

- आत्मसम्मान की बहाली को लेकर भी बीसी को सौंप चुके हैं ज्ञापन

अंबाला, प्रात : किरण संवाददाता

पंचायती राज प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा आत्मसम्मान बहाली को लेकर 2 दिन के किए गए सामूहिक अवकाश कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है सेवा संघ ने 30 मई व 1 जून को 2 दिन के लिए सामूहिक अवकाश की घोषणा की थी ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार धनखड़ ने बताया कि इस मामले को लेकर पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली से प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बातचीत हुई है।

जिससे उन्होंने आत्मसम्मान बहाली का आश्वासन दिया है जिससे प्रदेश प्रतिनिधिमंडल भी संतुष्ट हो गया है इसी आश्वासन के कारण प्रशासनिक सेवा संघ ने दो दिवसीय सामूहिक अवकाश कार्यक्रम को रद्द कर दिया है पंचायत मंत्री ने 15 दिन में प्रतिनिधिमंडल की बैठक बुलाकर सभी समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया है उल्लेखनीय है कि आत्मसम्मान बहाली मामले को लेकर प्रदेशभर के बीडीपीओ ग्राम सचिवों ने वित्तीय शक्तियों के कामकाज को बंद कर दिया था उन्होंने 2 दिन के सामूहिक अवकाश की घोषणा की थी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शर्मा व ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार धनखड़ ने बताया कि फिलहाल आश्वासन के बाद 2 दिन का सामूहिक अवकाश कार्यक्रम टाल दिया गया है इस मौके पर ग्राम सचिव अमनदीप महादेव विजेंद्र कुमार अमित कुमार मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**यह था मामला:**

हाल ही में पलवल जिले में मनरेगा से संबंधित कार्यों का रिकॉर्ड ना सौंपने पर 23 ग्राम सचिवों व चार बीडीपीओ पर एफ आई आर दर्ज होने तथा बीडीपीओ की वित्तीय पावर कम करने की कार्रवाई से खफा जिले के बीडीपीओ और ग्राम सचिवों ने हड़ताल की घोषणा की थी बीते मंगलवार को डीसी को सौंपा ज्ञापन के साथ ही बीडीपीओ और ग्राम सचिवों ने अपनी वित्तीय शक्तियों का भी परित्याग कर दिया था यानी अब यह विभाग में किसी भी प्रकार का लेनदेन नहीं करेंगे ऐसा करने के चलते ग्रामीण विकास पर ब्रेक लग गया था।

# तावडू क्षेत्र के बच्चों ने जीते कांस्य, रजत व स्वर्ण पदक



तावडू, प्रात : किरण संवाददाता

शहर व क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बशर्त उन्हें निखारने वाला चाहिए। ऐसा ही कारनामा क्षेत्र के खिलाडियों ने कर दिखाया है। गांव खोरी कलां में स्थित पांचाल ताईक्वांडो अकेडमी के 5 बच्चों ने गत दिवस जिला पलवल में हुई ताक्वांडो प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाकर मैडल हांसिल कर अपने माता-पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया। अकेडमी के कोच बिजेन्द्र पांचाल ने बताया कि रविवार को जिला पलवल में जिला स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता जोगिन्द्र सिंह व ललित बेनीवाल द्वारा आयोजित कराई गई। जिसमें उनकी अकेडमी के लुवया पुत्र अनिल कुमान ने जुनियर अंडर-26 किलोग्राम में कांस्य पदक, उपमंडल के गांव डिढारा निवासी ललित पांचाल पुत्र पूर्णमल ने जूनियर अंडर-58 किलोग्राम में कांस्य, आकाश पुत्र धनंजय गिरी ने रजत पदक, सीनियर वर्ग अंडर-65 में दीपक पाठक, अंडर-6० किलोग्राम में रोहित राणा ने स्वर्ण पदक जीत कर अपने माता-पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# फिरोजपुर झिरका तक किया जाए मेट्रो के विस्तार :रजत जैन



पुन्हाना, प्रात : किरण संवाददाता

पुन्हाना देश के सबसे पिछड़े जिलों में सम्मिलित जिला नूह को भी मेट्रो रेल सेवा परियोजना से जोड़ने की मांग जोर पकड़ने लगी है। मेट्रो रेल सेवा से जुड़ने के बाद मेवात के विकास में तेजी आएगी। ये बात सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता रजत जैन ने कही।

उन्होंने कहा की मेवात शैक्षिक, आर्थिक, स्वास्थ्य सेवाओं, के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में काफी पिछड़ा हुआ है। मेवात में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है ,मात्र अवसरों की कमी है। अगर यहां की जनता को उचित समय पर ,उचित अवसर मिले तो वो भी अपनी प्रतिभा के बल पर अग्रणी साबित होंगे उन्होंने कहा की यहां की जनता को व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी होने के कारण गुड़गांव ,दिल्ली ,नोएडा गाजियाबाद सहित देश के कई अन्य स्थानों पर आना जाना पड़ता है लेकिन संसाधनों के अभाव की वजह से मात्र कुछ जनता ही बाहर आ जा पाती है, बाकी जनता के अरमान मिट्टी में मिल जाते हैं साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ आने जाने में मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। जैन ने कहा कि मेट्रो रेल सेवा का गुडगांव से फिरोजपुर झिरका तक विस्तारीकरण होने के बाद जनता को देश के अन्य हिस्सों में आने जाने में काफी आसानी हो जाएगी,जिससे समय व पैसे की भी बचत होगी।

उचित समय पर उचित अवसरों का लाभ उठाकर मेवात की जनता भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकेगी। इनकी केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग है कि जिला नूँह के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए जिला नूँह को भी मेट्रो रेल परियोजना से जोडकर मेट्रो का विस्तार फिरोजपुर झिरका तक किया जाए इसका लाभ अन्य प्रदेशो की जनता को भी मिलेगा और मेवात के विकास को एक नई दिशा मिलेगी साथ ही पर्यावरण को भी लाभ होगा।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चला सफाई अभियान



फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के लिए ली गई पहल के साथ चलते हुए एनटीपीसी फरीदाबाद स्टेशन मे 16 से 31 मई तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2022 के तहत स्टेशन की प्रशासनिक भवन और आसपास के इलाके मे सफाई अभियान चलाया गया। के. एन. रेड्डी परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी फरीदाबाद), पी. के. गुप्ता एजीएम (ओ एंड एम), प्रवीण गर्ग एजीएम (एचआर), शक्ति दुआ एजीएम (सी एंड आई) और स्टेशन के वरिष्ठ प्रबंधन और कर्मचारियों व अन्य सदस्य सफाई अभियान में शामिल रहे।

इस पखवाड़े में लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण के संरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए क्विज, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता, टाउनशिप, कार्यालयों और बाजारों की सफाई जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल है। स्वच्छता पखवाड़ा, 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत स्वच्छता पहल करना और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने में योगदान देने के उद्देश्य से किया जाता है।

# मारपीट के मामले में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप

- आरोप है कि पुलिस आरोपित पक्ष के साथ मिली हुई है और जानबूझकर मामले में कार्यवाही नही कर रही

पुन्हाना, प्रात : किरण संवाददाता

करीबन एक माह पूर्व गांव मल्हाका में हुए झगड़े के मामले में एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी पक्ष के खिलाफ उचित कार्यवाही नही किये जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस आरोपित पक्ष के साथ मिली हुई है और जानबूझकर उनके मामले में कार्यवाही नही कर रही है। बल्कि उन्ही के ऊपर फैसले के लिए दबाब बनाया जा रहा है।

जिसको लेकर वे पुन्हाना थाना प्रभारी से मिलकर भी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगा चुके है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हो पाई है। शिकायतकर्ता शिवचरण पुत्र छुटकन निवासी मल्हाका ने शिकायत में बताया कि बीती 22 अप्रैल को वह अपने घर के बाहर सफाई कर रहा था तो तभी रंजिशन के चलते ताराचंद व उसके परिवार के आधा दर्जन सदस्य हाथो में लाठी डंडे व फरसे, रॉड इत्यादि लेकर आये और धमकाते हुए जान से मारने की धमकी देने लगें। उन्हें देखकर जब मैं अपने घर मे जाने लगा तो सभी मेरे पीछे आये और ताराचंद ने मेरे सिर में फरसा मारा व उसके लड़के ने पैर में रॉड मारी। इसी तरह उन्होंने मेरे परिवार के अन्य सदस्यों पर भी बारी बारी सभी ने लाठी डंडों फरसा व रॉड से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर लहूलुहान कर दिया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि पुलिस ने इस घटना का मामला तो दर्ज किया है, लेकिन जानबूझकर इस मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी आरोपित पक्ष से सांठगांठ करके मामले को निपटाने के लिए दबाब बना रहा है। फरसे व रॉड से आई चोटों के बावजूद आज तक पुलिस द्वारा अस्पताल से मेडिकल रिपोर्ट नही लाई गई है और ना ही आरोपित पक्ष को गिरफ्तार करने की पुलिस ने कोशिश की है। चोट लगने के कारण वे तथा उनके परिवार के सदस्य पूरी तरह लाचार है, उन्होंने बताया कि उन्हें व उनके परिवार आरोपित पक्ष से अपनी जान का खतरा बना हुआ है।

मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर वे पुन्हाना थाना प्रभारी से मिल चुके है, लेकिन सिवाय आश्वासन के कोई सुनवाई नही हो पाई है। पीड़ित शिकायतकर्ता का कहना है वे मामले में कार्यवाही के लिए पुन्हाना डीएसपी व पुलिस कप्तान नूंह से मिलेंगे। इन तरह बनाये जा रहे दबाब में वे कोई फैसला नही करेंगे। इस सम्बंध में पुन्हाना थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। चांदडाका चौकी प्रभारी को मामले में उचित कार्यवाही के निर्देश दे दिए है। किसी भी सूरत में पीड़ित पक्ष के साथ अनदेखी नही होने दी जायेगी।

# चोरी के वाहन खरीदने वाले दो आरोपी गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद

**फरीदाबाद ।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की टीम ने चोरी के वाहन खरीदने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गजराज और मनीष फरीदाबाद के गांव अमीपुर में रहने वालों के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी मनीष को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर डबुआ कॉलोनी से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल अपने गांव के गजराज से खरीदी है। और अपनी गजराज को क्राइम ब्रांच टीम ने अमीरपुर गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी गजराज ने किसी अन्य व्यक्ति से मोटरसाइकिल खरीद ली है जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# तावडू में पार्क में फैली कांग्रेस घास के चलते नहीं आ रहे लोग



तावडू, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के वार्ड नंबर 13 पटौदी रोड के समीप स्थित सर छोटू राम पार्क की दुर्दशा से शहरवासियों में पालिका प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। शहरवासियों का आरोप है कि पार्क में कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं आता, जिससे पार्क की दुर्दशा ऐसी है कि पार्क में कांग्रेस घास चारों तरफ फैल चुकी है।

जिस कारण शहरवासी तो प्रातः काल व सांय काल घूमने व व्यायाम करने के लिए आते थे, उन्होंने पार्क में आना बंद कर दिया है। चेयरमैन सवाई सिंह सहरावत, दीपक, भारत, योगेश, सूबे सिंह, करतार सिंह, रविन्द्र कुमार, कर्ण सिंह, रमेश चंद आदि ने बताया कि जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार योग पर विशेष ध्यान देकर कार्यक्रमों का आयोजन करवा रही है। वहीं उक्त पार्क में चारों तरफ भारी मात्रा में कांग्रेस घास लगी होने के कारण घूमने व व्यायाम तथा योग करने के लिए आने वाले लोगों ने पार्क में आना बंद कर दिया है। जिससे लोगों में पालिका प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है।

## संक्षिप्त खबरें



### जल्द ही आपकी आवाज पहचानेगा गूगल असिस्टेंट

नई दिल्ली। गूगल असिस्टेंट जल्द ही आपकी आवाज को पहचान लेगा, क्योंकि कंपनी एक पर्सनलाइज्ड स्पीच रिकग्निशन फीचर पर काम कर रही है। 9टु5गूगल के अनुसार, टूल गूगल असिस्टेंट को आपके लगातार शब्दों और नामों को पहचानने में बेहतर होने में मदद करेगा। पर्सनलाइज्ड स्पीच रिकग्नीशन फीचर गूगल असिस्टेंट सेटिंग में दिखाई देगा। कंपनी ने बताया, इस डिवाइस पर ऑडियो रिकॉर्डिंग स्टोर करें ताकि गूगल असिस्टेंट को आपकी बात को पहचानने में बेहतर मदद मिल सके। ऑडियो इस डिवाइस पर रहता है और पर्सनलाइज्ड स्पीच रिकग्नीशन को बंद करके किसी भी समय हटाया जा सकता है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह क्षमता कब लॉन्च होगी। यह फीचर कमांड और संपर्क नामों की अधिक उन्नत पहचान की अनुमति देगी। गोपनीयता की चिंताओं के कारण, गूगल यूजर्स को पर्सनलाइज्ड स्पीच रिकग्नीशन से बाहर निकलने का ऑप्शन देगा यदि वे नहीं चाहते कि उनकी आवाज स्टोर की जाए। वर्चुअल असिस्टेंट सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन अब यूजर्स को अपना पासवर्ड बदलने की आवश्यकता होने पर चेतावनी भी दे सकता है और यहां तक कि उन्हें इसे बदलने में भी मदद कर सकता है। कंपनी ने कहा था कि नया अनुभव धीरे-धीरे शुरू होगा, लेकिन यह केवल अब के बारे में है कि कुछ मुट्ठी भर से अधिक यूजर्स ने इसे अपने डिवाइसों पर प्राप्त करना शुरू कर दिया है।

### एलएंडटी को चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना का ऑर्डर मिला

नई दिल्ली। अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने सोमवार को कहा कि उसे चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के लिए एक और महत्वपूर्ण अनुबंध ऑर्डर मिला है। कंपनी के परियोजना वर्गीकरण के अनुसार इस ऑर्डर का मूल्य 1,000 करोड़ रुपये से 2,500 करोड़ रुपये के बीच है। एलएंडटी ने एक बयान में कहा, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन को चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना (सीएमआरएल) से एक और बड़ा अनुबंध प्राप्त हुआ है। इसके तहत लगभग 10 किलोमीटर लंबे एलिवेटिड वायडक्ट का निर्माण करना है जिसमें एलिवेटिड रैंप और 10 एलिवेटिड मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इसका निर्माण 35 महीनों में किया जाना है।

### विदेशी निवेश की सीमा घटाएगी नेपाल सरकार

काठमांडु। नेपाल सरकार ने घोषणा की है कि वह विदेशियों के लिए हिमालयी राष्ट्र में निवेश करने के लिए न्यूनतम राशि में 60 प्रतिशत की कमी करेगी। जुलाई के मध्य में प्रतिनिधि सभा में शुरू होने वाले 2022-23 वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट पेश करते हुए, वित्त मंत्री जनार्दन शर्मा ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए न्यूनतम सीमा को मौजूदा 50 मिलियन नेपाली रूपया से घटा कर 20 मिलियन नेपाली रूपया (160,760 डॉलर) किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य देश में और अधिक एफडीआई आकर्षित करना है।

# भारत में अपने उपभोक्ता रोबोट के लिए सॉफ्टवेयर विकसित करेगा अमेजन

## भारत केंद्र अमेजन के अंतर्राष्ट्रीय रोबोटिक्स डिवीजन का समर्थन करने में मदद करेगा

बेंगलुरु, एजेंसी

ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने सोमवार को घोषणा की है कि वह भारत में एक नया उपभोक्ता रोबोटिक्स सॉफ्टवेयर विकास केंद्र खोलेगा जो दुनिया के लिए समाधान तैयार करेगा। भारत केंद्र अमेजन के अंतर्राष्ट्रीय रोबोटिक्स डिवीजन का समर्थन करने में मदद करेगा, जिसने पिछले साल अपना पहला रोबोट एस्ट्रो लॉन्च किया था। अमेजॅन में उपभोक्ता रोबोटिक्स के उपाध्यक्ष, केन वॉशिंगटन ने कहा, पिछले साल हमने अपने पहले उपभोक्ता रोबोट का अनावरण किया था, लेकिन यह निश्चित रूप से हमारा आखिरी नहीं होगा।

यह नया उपभोक्ता रोबोटिक्स सॉफ्टवेयर विकास केंद्र हमारे बढ़ते उपभोक्ता रोबोटिक्स डिवीजन का समर्थन करने और विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी उत्पादों पर काम करने के लिए शीर्ष प्रतिभा को आकर्षित करने में मदद करेगा। एस्ट्रो को ग्राहकों को




घर की निगरानी और परिवार के संपर्क में रहने जैसे कई कार्यों में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर विजन, सेंसर टेक्नोलॉजी, और वॉयस और एज कंप्यूटिंग में एक पैकेज में नई प्रगति लाता है जिसे मददगार और सुविधाजनक बनाया गया है। वाशिंगटन ने कहा, भारत एक नवाचार केंद्र है और यहां केंद्र होने से अमेजन को दुनिया भर के ग्राहकों के लिए बेहतर उपभोक्ता रोबोटिक्स अनुभव बनाने में मदद मिलेगी।

एस्ट्रो इन-बिल्ट एलेक्सा के साथ आता है और घर के आसपास अपना रास्ता खोजने के लिए उन्नत नेविगेशन तकनीक का उपयोग करता है।

उपयोगकर्ता विशिष्ट कमरों, लोगों या चीजों की जांच के लिए एस्ट्रो को दूरस्थ रूप से भेज सकते हैं और अगर एस्ट्रो किसी अपरिचित व्यक्ति या कुछ आवाज का पता लगाता है तो वे अलर्ट प्राप्त कर सकते हैं। अमेजन के अनुसार, एक बटन के एक प्रेस के साथ माइक, कैमरा और मॉशन बंद करें और एस्ट्रो ऐप का उपयोग सीमा क्षेत्रों से बाहर निकलने के लिए करें ताकि एस्ट्रो को यह पता चल सके कि इसे कहां जाने की अनुमति नहीं है।

**जानकारी**

- केन वॉशिंगटन ने कहा, पिछले साल हमने अपने पहले उपभोक्ता रोबोट का अनावरण किया था, लेकिन यह निश्चित रूप से हमारा आखिरी नहीं होगा
- एस्ट्रो को ग्राहकों को घर की निगरानी और परिवार के संपर्क में रहने जैसे कई कार्यों में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है

# टाटा मोटर्स और फोर्ड इंडिया ने साणंद संयंत्र के अधिग्रहण के लिए गुजरात सरकार के साथ किया करार

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएमएल) ने फोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफआईपीएल) की साणंद वाहन विनिर्माण इकाई के अधिग्रहण के लिए गुजरात सरकार के साथ करार किया है। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजारों को बताया कि टीपीईएमएल और एफआईपीएल ने गुजरात सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जो एफआईपीएल की साणंद वाहन विनिर्माण इकाई के संभावित अधिग्रहण से संबंधित है। इसमें भूमि, इमारतों, वाहन विनिर्माण इकाई, मशीनरी और उपकरणों का अधिग्रहण शामिल है।

इसमें एफआईपीएल साणंद वाहन विनिर्माण परिचालनों के सभी पात्र कर्मचारियों का स्थानांतरण भी शामिल है हालांकि यह करार और संबंधित मंजूरियों पर निर्भर करेगा।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हिकल्स लिमिटेड और टीपीईएमएल के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, एक दशक से भी अधिक समय से टाटा मोटर्स की गुजरात में मजबूत




**जानकारी**

- एफआईपीएल साणंद वाहन विनिर्माण परिचालनों के सभी पात्र कर्मचारियों का स्थानांतरण भी शामिल है हालांकि यह करार और संबंधित मंजूरियों पर निर्भर करेगा
- शैलेश चंद्रा ने कहा, एक दशक से भी अधिक समय से टाटा मोटर्स की गुजरात में मजबूत उपस्थिति है

उपस्थिति है, साणंद में उसकी अपनी विनिर्माण इकाई है। इस समझौते से और रोजगार तथा कारोबारी अवसरों का सृजन होगा जो राज्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

कंपनी ने कहा कि इस समझौते के बाद अब टीपीईएमएल और एफआईपीएल के बीच अगले कुछ हफ्तों में निश्चित लेनदेन समझौते होंगे। गुजरात के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि यह समझौता सभी हितधारकों के लिए लाभदायक है। इससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का भरोसा जमेगा और देश में शीर्ष निवेश स्थल के रूप में गुजरात की स्थिति मजबूत होगी।

# हीरो इलेक्ट्रिक ने खुदरा वित्त की पेशकश के लिए चोलामंडलम के साथ किया करार




नई दिल्ली, एजेंसी

हीरो इलेक्ट्रिक ने सोमवार को कहा कि बिजली चालित दो-पहिया वाहनों के वास्ते खुदरा वित्त की पेशकश के लिए उसने चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनेंस कंपनी के साथ करार किया है।

बिजली चालित दो-पहिया वाहन विनिमार्ता कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक ने एक बयान में कहा कि चोलामंडलम की देशभर में व्यापक उपस्थिति है और इस साझेदारी से कंपनी को नए बाजारों में उतरने का मौका मिलेगा। हीरो इलेक्ट्रिक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सोहिंदर गिल ने कहा, बाजार परिदृश्य में अस्थिरता और टिकाऊ वाहनों के लिए बढ़ती प्राथमिकता को देखते हुए यह जरूरी है कि बिजली चालित वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ठोस वित्तीय योजनाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनेंस कंपनी में कार्यकारी निदेशक रवींद्र कुंडु ने कहा, सरल और नवोन्मेषी वित्तीय पेशकशों के साथ हम हीरो इलेक्ट्रिक के दो-पहिया वाहन खरीदारों के लिए बिजली चालित वाहनों को अपनाना आसान बनाएंगे।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों के सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन ना करने से इनके दाम लगातार आठ दिनों से स्थिर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल पर है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। केंद्र सरकार ने 25 मई को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.54 प्रतिशत बढ़कर 120.08 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.54 प्रतिशत चढ़कर 116.08 डॉलर प्रति बैरल पर रहा है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# फ्रंट रनिंग मामले में नियामकीय अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं : एक्सिस एएमसी

नई दिल्ली, एजेंसी

एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एक्सिस एएमसी) ने कहा कि वह नियामकीय अधिकारियों के साथ फ्रंट रनिंग (भेदिया कारोबार) मामले में पूरा सहयोग कर रही है। इस तरह की खबरें आई हैं कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा म्यूचुअल फंड कंपनी में भेदिया कारोबार से संबंधित मामले में कई इकाइयों के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियान चलाया जा रहा है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, एक्सिस एएमसी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए फरवरी, 2022 में ही मामले की आंतरिक जांच शुरू कर दी थी। जांच में बाहरी सलाहकारों की मदद भी ली गई। जांच के तहत अतिरिक्त कदम भी उठाए गए हैं।

ऐसी खबरें आई थीं कि सेबी एक्सिस म्चूयुअल फंड के कार्यालयों, शेयर ब्रोकरों और अन्य लोगों समेत विभिन्न संस्थानों में तलाशी एवं जब्ती




**अभियान**

- म्यूचुअल फंड कंपनी में भेदिया कारोबार से संबंधित मामले में कई इकाइयों के खिलाफ तलाशी और जब्ती अभियान चलाया जा रहा है

अभियान चला रहा है। ऐसा एक्सिस एएमसी के दो पूर्व कोष प्रबंधकों द्वारा की गई गड़बड़ी की जांच के सिलसिले में किया जा रहा है।

बयान में कहा गया, एक्सिस एएमसी नियामकीय अधिकारियों के साथ सहयोग जारी रखेगी। इससे पहले एक्सिस एएमसी ने मुख्य कारोबारी एवं कोष प्रबंधक वीरेश जोशी को गोपनीय सूचना सार्वजनिक होने से पहले उसका लाभ उठाने के आरोपों (फ्रंट-रनिंग) के बाद 18 मई को बर्खास्त कर दिया था। 20 मई को एक अन्य कोष प्रबंधक दीपक अग्रवाल को भी बर्खास्त कर दिया गया था।

हालांकि, कंपनी ने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी कि किस प्रकार के उल्लंघनों की वजह से दोनों कोष प्रबंधकों को बर्खास्त किया गया है।

### सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण की दिशा में काम आगे बढ़ाः सचिव

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि बजट घोषणा के अनुरूप सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों के निजीकरण की दिशा में काम चल रहा है। मल्होत्रा ने छह जून से 12 जून के बीच आयोजित होने वाले आइकॉनिक वीक समारोह के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, बैंकों के निजीकरण के संदर्भ में वित्त मंत्री संसद के पटल पर बयान दे चुकी हैं। इस दिशा में काम आगे बढ़ चुका है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2021-22 का बजट पेश करते हुए इस साल सार्वजनिक क्षेत्र के दो बैंकों के निजीकरण की मंशा जताई थी। नीति आयोग निजीकरण के लिए गठित सचिवों के कोर ग्रुप को दो बैंकों के नाम पहले ही सुझा चुका है। सूत्रों का कहना है कि नीति आयोग ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक के निजीकरण की सिफारिश की है। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाला कोर ग्रुप बैंकों के निजीकरण के बारे में अपना प्रस्ताव मंजूरी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था (एएम) को भेजेगा।

# शेयर बाजार तीन सप्ताह के शिखर पर

मुंबई, एजेंसी

अमेरिका में अप्रैल में उपभोक्ता व्यय बढ़ने और बढ़ती महंगाई की रफ्तार धीमी पड़ने से विदेशी बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज घरेलू शेयर बाजार तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1041.08 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर और 55 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 55925.74 अंक पर पहुंच गया। इससे पूर्व सेंसेक्स इस वर्ष 05 मई को 55702.23 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 308.95 अंक की उड़ान भरकर 16661.40 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक




लिवाली हुई। मिडकैप 2.28 प्रतिशत चढ़कर 23,031.29 अंक और स्मॉलकैप 2.23 प्रतिशत मजबूत होकर 26,192.30 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3615 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2369 में तेजी जबकि 1091 में गिरावट रही वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 45 कंपनियां हरे जबकि शेष पांच लाल निशान पर रही। अमेरिकी आर्थिक गतिविधि में दो-तिहाई से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाले उपभोक्ता खर्च में पिछले महीने 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निवेशधारणा मजबूत हुई। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23, जर्मनी का डैक्स 0.79, जापान का निक्केई 2.19, हांगकांग का हैंगसेंग 2.06 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.60 प्रतिशत चढ़ गया।

इससे उत्साहित निवेशकों ने स्थानीय स्तर पर चौतरफा लिवाली की, जिससे बीएसई के सभी 19 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों ने सर्वाधिक 4.41 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। इसी तरह रियल्टी 3.96, आईटी 3.75, टेक 3.53, सीडीजीएस 2.85, ऊर्जा 2.72, इंडस्ट्रियल्स 2.62, कैपिटल गुड्स 2.92 और तेल एवं गैस समूह के शेयरों में 2.47 प्रतिशत की बढ़त रही।

### इथोस के शेयर निर्गम मूल्य से छह फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** लग्जरी घड़ी विक्रेता कंपनी इथोस लिमिटेड के शेयर सोमवार को अपने निर्गम मूल्य 878 रुपये के मुकाबले छह फीसदी की गिरावट के साथ शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य के मुकाबले 5.46 फीसदी की गिरावट लेकर 830 रुपये प्रति शेयर पर सूचीबद्ध हुआ, फिर यह और टूटकर 796.80 पर आ गया जो 9.24 फीसदी की गिरावट दशार्ता है। एनएसई पर यह छह फीसदी की गिरावट के साथ 825 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इथोस के आईपीओ को 20 मई को 1.04 गुना अभिदान मिला था। कंपनी ने आईपीओ के तहत 375 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए और 11,08,037 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) की। इथोस ने अपने 472 करोड़ रुपये के निर्गम के लिए मूल्य दायरा 836-878 रुपये प्रति शेयर तय किया था।

# सेंट्रम ब्रोकिंग ने अदानी बंदरगाहों के लिए खरीद का किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

ब्रोकरेज हाउस सेंट्रम ब्रोकिंग ने अदानी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयरों के लिए खरीद का आह्वान किया है। शेयर के लिए लक्ष्य मूल्य 862 रुपये पर आंका गया है, जबकि सोमवार के समापन पर यह 735 रुपये था।

ब्रोकरेज ने कहा कि 2022 की तीसरी तिमाही के दौरान टैक्स के बाद कंपनी का लाभ 10.2 बिलियन रुपये था, जो कम टैक्स प्रावधान के कारण 9 बिलियन रुपये के अनुमान से आगे था। इसने वित्तवर्ष 2022 में 312 मिलियन टन कार्गो को संभाला और 12-15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तवर्ष 2013 के लिए 350-360 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग




के लिए मार्गदर्शन किया। ब्रोकरेज ने कहा कि वित्तवर्ष 2023 के लिए मार्गदर्शन थर्मल कोयला आयात में पुनरुद्धार के नेतृत्व में पहुंच के भीतर प्रतीत होता है। ब्रोकरेज ने आगे कहा, थर्मल कोल वॉल्यूम के आयात में रिकवरी वित्त वर्ष 2023 वॉल्यूम मार्गदर्शन के लिए प्रमुख उत्प्रेरकों में से एक है। एपीएसईजेडके लगातार कार्गो विविधीकरण प्रयासों के अलावा कंटेनरों (गंगावरम में), धामरा में एलएनजी और प्रमुख बंदरगाहों पर अधिक शुष्क और तरल कार्गो में वृद्धिशील मात्रा में सहायता करनी चाहिए। नए गठजोड़ से कृष्णापट्टनम में कंटेनर कार्गो रिकवरी में मदद मिलेगी।

# विश्व बैंक श्रीलंका को 70 करोड़ डॉलर देने के लिए तैयारः रिपोर्ट

कोलंबो, एजेंसी

विश्व बैंक ने गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका को 70 करोड़ डॉलर की राशि जारी करने की मंशा जताई है। मौजूदा कर्जों को ही नए मद में आवंटित करने से श्रीलंका को फौरी राहत मिलने की उम्मीद है।

समाचार वेबसाइट कोलंबो गजट में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक के श्रीलंका प्रमुख चियो कांडा ने पिछले हफ्ते विदेश मंत्री जी एल पेइरिस से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक पहले से स्वीकृत परियोजनाओं की राशि पुनर्नियोजित कर जारी करेगा।

विदेश मंत्रालय के हवाले से प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, कांडा ने पेइरिस को आश्वासन दिया है कि विश्व बैंक इस बारे में एशियाई विकास बैंक (एडीबी), एशियाई अवसरंचना निवेश बैंक (एआईआईबी) एवं संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के साथ मिलकर काम करेगा। इस दौरान श्रीलंकाई




**आश्वासन**

- विश्व बैंक के श्रीलंका प्रमुख चियो कांडा ने पिछले हफ्ते विदेश मंत्री जी एल पेइरिस से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया था

विदेश मंत्री ने कांडा से यह मांग की कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से दीर्घकालिक मदद नहीं मिलने तक विश्व बैंक से मदद मुहैया कराई जाए। इस पर कांडा ने कहा कि आने वाले महीनों में श्रीलंका को 70 करोड़ डॉलर दिए जाएंगे।

विदेशी मुद्रा के गहरे संकट और उच्च मुद्रास्फीति के दौर से गुजर रहे श्रीलंका ने आईएमएफ से राहत पैकेज देने का अनुरोध किया हुआ है। आईएमएफ ने भी इस दिशा में सकारात्मक संकेत दिए हैं।

# भारत में मौजूद हैं जीवन के हर क्षेत्र से संबंधित पांडुलिपियां : डॉ. उत्तम सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय पांडुलिपियां विषय-वस्तु के मामले में काफी समृद्ध हैं। इसमें जीवन एवं जगत के प्रायः सभी आयामों की चर्चा है। इनमें साहित्य, कला, समाज, दर्शन, राजनीति, अर्थतंत्र, ज्योतिष, रसायनशास्त्र, खगोल विज्ञान, गणित, भौतिकी, अभियांत्रिकी, जीव विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, व्याकरण, आयुर्वेद, कृषि, वित्त, वाणिज्य, प्रबंधन आदि शामिल हैं।

यह बात केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, अगरतला परिसर, अगरतला (त्रिपुरा) में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उत्तम सिंह ने कही। वे सोमवार को तीस दिवसीय उच्चस्तरीय राष्ट्रीय कार्यशाला में व्याख्यान दे रहे थे। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन योजना के तहत यह कार्यशाला केंद्रीय पुस्तकालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय,



मधेपुरा में आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि आज हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अंतर आनुषांगिक एवं बहु आनुषंगिक अध्ययन की बात कर रहे हैं। यह हमारे देश में पूर्व विद्यमान रहा है। हमारे ऋषि-मुनि साहित्य एवं दर्शन के साथ ही कृषि कला, वाणिज्य कला, युद्ध कला एवं शासन कला के भी मर्मज्ञ होते थे। पांडुलिपि संरक्षण की भारतीय विधि सर्वोत्तम उन्होंने कहा कि भारत में पांडुलिपियों को प्राकृतिक रूप से उनको संरक्षित किया जाता था, जो आज भी सर्वोत्तम है। पांडुलिपियों में अक्षरों को अंकित करने के लिए गोंद, बबूल एवं भृंगराज आदि का प्रयोग किया जाता था और उसके चारों ओर अमलतास आदि से बने एक विशेष रंग का प्रयोग किया जाता था।

इन प्राकृतिक उपायों से बने हमारी सैकड़ों वर्ष पुरानी प्राचीन पांडुलिपियों के मोतियों की तरह चमकते हैं और पांडुलिपियों का रंग भी आज तक बरकरार है। पांडुलिपियों को कीड़ों से बचाने के लिए नीम, हल्दी, चंदन, पुदिना, काला जीरा, करंच, लौंग, सिनुआर, आजवाइन, अश्वगंधा आदि जड़ी-बूटियों का प्रयोग किया जाता था। इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. अशोक कुमार, उप कुलसचिव अकादमिक डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. राजीव रंजन, नीरज कुमार सिंह, डॉ. संगीत कुमार, जयप्रकाश भारती, त्रिलोकनाथ झा, ईश्वरचंद सागर, रवींद्र कुमार, बालकृष्ण कुमार सिंह, सौरभ कुमार चौहान, कपिलदेव यादव, शंकर कुमार सिंह, अरविंद विश्वास, अमोल यादव, रश्मि कुमारी, ब्यूटी कुमारी, मधु कुमारी, जयश्री कुमारी, श्वेता कुमारी, इशानी, प्रियंका, निधि, खुशबू, अंजली कुमारी, डेजी, लूसी कुमारी, रुचि कुमारी, स्नेहा कुमारी आदि उपस्थित थे।

पांडुलिपि संरक्षण की अपील आयोजन सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने लोगों से अपील की है कि यदि उनके पास कुछ महत्वपूर्ण अप्रकाशित पांडुलिपियां हैं, तो वे केंद्रीय पुस्तकालय के प्रोफेसर इंचार्ज से संपर्क करें। उनकी पांडुलिपि का निःशुल्क संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी और पांडुलिपि उनको वापस लौटा दिया जाएगा।

**योजना**

- राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन योजना के तहत यह कार्यशाला केंद्रीय पुस्तकालय, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में आयोजित हो रही है

### सन फार्मा का चौथी तिमाही में 2,277 करोड़ रुपये शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज को बीते वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में एकीकृत आधार पर 2,277 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुंबई की दवा कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 894 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बीती चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन से एकीकृत आय बढ़कर 9,386 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। वित्त वर्ष 2020-21 की इसी अवधि के दौरान कंपनी की परिचालन आय 8,464 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान कुछ देशों में परिचालन के पुनर्गठन के लिए उसकी एकबारगी लागत 56.35 करोड़ रुपये बैठी है। कंपनी ने मार्च, 2022 को समाप्त पूरे वित्त वर्ष के लिए 3,273 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया। वित्त वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 2,904 करोड़ रुपये रहा था। बीते वित्त वर्ष में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 38,426 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 33,233 करोड़ रुपये रही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### वाणी बेल्जियम में संयुक्त 41वें स्थान पर

वांजे। भारतीय गोल्फर वाणी कपूर लेडीज यूरोपीय टूर पर मित्रा बेल्जियन लेडीज ओपन में संयुक्त 41वें स्थान पर रही। दिल्ली की 28 वर्ष की गोल्फर वाणी ने 75.70.71 का स्कोर किया। भारत की अमनदीप ड्राल और रिधिमा दिलावारी कट में प्रवेश से चूक गई थी। स्वीडन की लिन ग्रांट ने पांच अंडर 67 का स्कोर करके खिताब अपने नाम किया।

### शुभंकर डच ओपन में 14वें स्थान पर

क्रॉम्वॉयर्ट। भारत के शुभंकर शर्मा डीपी विश्व टूर के डच ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 14वें स्थान पर रहे। शर्मा ने टूर्नामेंट के दौरान 18 बर्डी की लेकिन 13 बोगी भी कर गए। शुभंकर ने अंतिम दौर में छह बर्डी की लेकिन तीन बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर तीन अंडर 69 रहा। शुभंकर का इस प्रदर्शन से आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वह पिछले पांच टूर्नामेंट में से चार में कट हासिल करने में नाकाम रहे थे। दो अन्य भारतीय गगनजीत भुल्लर (73-74) और एसएसपी चौरसिया (74-77) कट से चूक गए।

### तैराक माना पटेल ने सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय हासिल किया

नई दिल्ली। भारतीय तैराक माना पटेल ने फ्रांस में मारे नोस्ट्रम तैराकी के कैनेट चरण में महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला। गुजरात की 22 साल की ओलंपियन तैराक ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन रविवार रात को एक मिनट 03.69 सेकंड के समय के साथ अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में भाग ले चुकी इस तैराक के नाम ही था। उन्होंने पिछले साल बेलग्रेड में एक मिनट 03.87 सेकंड का समय लिया था। माना ने 15वें स्थान पर रहते हुए बी स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में उन्होंने एक मिनट 03.87 सेकंड का समय निकाला। तैराकी में राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप के रिकॉर्ड को राष्ट्रीय रिकॉर्ड माना जाता है, जबकि किसी अन्य प्रतियोगिता के रिकॉर्ड समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है।

### बीसीसीआई ने क्यूरेटर और मैदानकर्मियों को एक करोड़ 25 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान पिच तैयार करने वाले क्यूरेटर और मैदानकर्मियों को एक करोड़ 25 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। पदार्पण कर रहे गुजरात टाइटंस ने रविवार रात खिताबी मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर आईपीएल 2022 का खिताब जीता। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ट्वीट में कहा, मुझे उन व्यक्तियों के लिए एक करोड़ 25 लाख रुपये का पुरस्कार घोषित करने की खुशी है जिन्होंने टाटा आईपीएल 2022 के दौरान हमें सर्वश्रेष्ठ मुकाबले दिए। गुमनाम नायकः इस सत्र में आईपीएल के छह स्थलों के क्यूरेटर और मैदानकर्मी। उन्होंने कहा, हमने कुछ शानदार मुकाबले देखे और मैं कड़ी मेहनत के लिए उनमें से प्रत्येक को धन्यवाद देना चाहता हूं। सीसीआई, वानखेड़े, डीवाई पाटिल और पुणे के एमसीए स्टेडियम के क्यूरेटर और मैदानकर्मियों के लिए 25-25 लाख और ईडन गार्डन्स तथा नरेंद्र मोदी स्टेडियम के लिए 12 लाख 50 हजार।

# धोनी की तरह अपनी 'कूल' कप्तानी की छाप छोड़ी हार्दिक ने

अहमदाबाद, एजेंसी



फाइनल मैच खत्म होने के चंद पलों बाद ही हार्दिक पंड्या आईपीएल की ट्रॉफी को यूं प्यार से सहेजते नजर आये मानों कोई पिता अपने बच्चे से लाड़ कर रहा हो। आखिर उनकी कड़ी मेहनत का ही फल था कि गुजरात टाइटंस अपने पहले ही सत्र में इस लोक लुभावनी लीग की विजेता बनी। हार्दिक को उनकी पत्नी नताशा ने गले लगाया मानों विश्वास दिला रही हो कि बुरे दौर में उनके पीछे खड़ा रहने वाला परिवार अच्छे दिनों में भी उसी तरह उनके साथ है।

अपने हरफनमौला प्रदर्शन से फाइनल में टीम को जीत दिलाने वाले हार्दिक ने कहा, मैं प्यार पर ही जीता हूं जो मुझे अपने परिवार से भरपूर मिलता है। चमकीले जैकेट और कान में हीरे के टॉप्स पहनने वाले हार्दिक शुरूआती दिनों में ग्लैमर में डूबे युवा की तरह नजर आते थे लेकिन एक लापरवाह युवा से जिम्मेदार कप्तान बनने तक का उनका सफर उनके जीवट की कहानी कहता है। पत्नी नताशा, बेटा अगस्त्य, भाई कृणाल और वैभव, भाभी पंखुड़ी उनकी ढाल की तरह रहे हैं। हार्दिक ने कहा, नताशा काफी भावुक है और मुझे अच्छा करते देख बहुत खुश हो जाती है।उसने मेरे कैरियर में काफी उतार चढाव देखें हैं और उसे पता है कि मैने कितनी मेहनत की है। उन्होंने कहा, मेरा परिवार मेरी ताकत रहा है। मेरा भाई कृणाल, भाभी पंखुड़ी, दूसरा भाई वैभव। इन सभी नहीं कठिन दौर में भी मुझे मानसिक सकून दिया। मैने फोन किया तो भाई और भाभी दोनों रो पड़े। ये खुशी के आंसू थे। मुझे पता है कि जब तक ऐसे लोग मेरे पीछे हैं, मैं अच्छा खेल सकता हूं। महेंद्र सिंह धोनी की तरह शांतचित्त होकर कप्तानी करने वाले हार्दिक को जब गुजरात का कप्तान बनाया गया तो क्रिकेट पंडितों ने टीम को मैदान पर उतरने से पहले ही दौड़ से बाहर मान लिया था। लेकिन हार्दिक ने हार नहीं मानी थी और मोर्चे से अगुवाई करते हुए 487 रन बनाने के साथ आठ विकेट भी लिये। उन्होंने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैने हमेशा जिम्मेदारी का मजा लिया है। मैं मोर्चे से अगुवाई करना पसंद करता हूं ताकि मिसाल दे सकूं। उन्होंने कहा, अगर मैं टीम से कुछ अपेक्षा करता हूं तो मुझे सबसे पहले उसके अनुरूप खेलना होगा ताकि दूसरों के लिये मिसाल बन सकूं। अपने छह बरस के अंतरराष्ट्रीय कैरियर में हार्दिक चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 फाइनल खेल चुके हैं और टी20 विश्व कप 2016 तथा वनडे विश्व कप 2019 सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

### अब भारत के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं हार्दिक

अहमदाबाद। पांच आईपीएल फाइनल और पांच खिताब। कप्तान के रूप में अपने गृह राज्य गुजरात के लिए पहला आईपीएल और फाइनल में जीत के साथ प्लेयर ऑफ द मैच वाला प्रदर्शन। हार्दिक पांड्या की खिताब जीतने की भूख अभी कम नहीं हुई है और वह भारत के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं। हार्दिक ने फाइनल के बाद कहा, मैं विश्व कप जीतने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा सकता हूं। भारत के लिए खेलना हमेशा से सपने के सच होने के जैसा होता है। मुझे लांग टर्म, शॉर्ट टर्म गोल का नहीं पता लेकिन मैं भारत के लिए निश्चित रूप से विश्व कप जीतना चाहता हूं। हार्दिक के रहते हुए 2016 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत, वेस्टइंडीज से हारा था। अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में टीम इंडिया को पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा। वहीं 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में भी हार्दिक के रहते हुए भारत को न्यूजीलैंड से हार मिली थी। हार्दिक ने चार बार मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल का खिताब जीता है, लेकिन इस बार वह एक नई टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान बने और उन्हें पहले ही सीजन में ऐतिहासिक खिताबी जीत दिला दी।

## दक्षिण कोरिया को हराकर एशिया कप फाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

जकार्ता, एजेंसी

गत चैम्पियन भारतीय टीम सुपर 4 चरण के आखिरी राउंड रॉबिन लीग मैच में दक्षिण कोरिया को हराकर एशिया कप पुरूष हॉकी टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी। भारत ने रविवार को मलेशिया के खिलाफ मुकाबले में जीत की ओर कदम रख ही दिया था लेकिन रजी रहीम ने हैट्रिक लगाकर भारत को 3.3 से ड्रॉ पर रोक दिया। भारत ने पहले मैच में शनिवार को जापान को 2.1 से हराया था।

सुपर 4 अंकतालिका में कोरिया प्लस दो के गोल अंतर के साथ शीर्ष पर है जबकि भारत प्लस एक के गोल अंतर के साथ दूसरे स्थान पर है। दो मैच हारने के बाद जापान दौड़ से बाहर है जबकि मलेशिया अगर जापान को न्यूनतम दो गोल से हरा देता है तो उसके पास मौका है बशर्ते भारत और दक्षिण कोरिया का मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम के इरादे कोरिया को हराकर अगर मगर के फेर से बचने के होंगे। वैसे यह चुनौती उतनी आसान भी नहीं है। सुपर 4 चरण में कोरिया ने मलेशिया को 2.2 से ड्रॉ पर रोका और जापान को 3.1 से हराया है। भारत ने भी पहले दो पूल मैचों के बाद अपने खेल में काफी सुधार किया है। मेजबान इंडोनेशिया को 15 गोल के अंतर से हराने के असंभव लक्ष्य को हासिल करके सुपर 4 में जगह बनाई। इसके बाद जापान को 2.1 से हराया जिसके हाथों प्रारंभिक चरण में 2.5 से पराजय मिली थी। मलेशिया के खिलाफ रविवार को भारत ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके 3.2 से बढत बनाई लेकिन रहीम ने आखिरी पलों में पेनल्टी कॉर्नर पर मलेशिया के लिये बराबरी का गोल कर दिया। भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति में उत्तम सिंह, एस वी सुनील और पवन राजभर ने प्रभावी प्रदर्शन किया। सुनील ने पिछले मैच में राजभर के पास पर गोल दागा था। भारतीयों ने कई मौके बनाये लेकिन स्ट्राइकर उन्हें गोल में बदल नहीं सके। मुख्य कोच सरदार सिंह इसमें सुधार करना चाहेंगे। बीरेंद्र लाकड़ा की अगुवाई में रक्षापंक्ति से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है जिसने मलेशिया के खिलाफ कई पेनल्टी कॉर्नर गंवाये।



## एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड के मुख्य कोच नियुक्त हुए खालिद अहमद जमील

बेंगलुरु, एजेंसी



एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड ने इंडियन सुपर फुटबॉल लीग (आईएसएल) के अगले सत्र के लिए खालिद अहमद जमील को मुख्य कोच नियुक्त किया है। जमील पहले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से जुड़े थे।

उन्हें आईएसएल टीम के पहले भारतीय मुख्य कोच और आईएसएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय कोच होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने पूर्वी बंगाल और मोहन बागान के साथ प्रबंधकीय क्षमता में भी काम किया है और 2016-17 सत्र में आइजोल एफसी को उनके पहले आई-लीग खिताब तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड के मालिक गौरव मनचंदा ने क्लब में खालिद जमील का स्वागत करते हुए कहा, खालिद भारतीय फुटबॉल में सबसे अधिक मांग वाले कोचों में से एक रहे हैं। वह अपने साथ बारीक नेतृत्व और तकनीकी कौशल लाते हैं जो उनके दशक भर के प्रबंधन और कोचिंग अनुभव के लिए है। एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड ऊपर की ओर बढ़ रहा है; हम खालिद के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि हम क्लब को और ऊँचाई तक पहुंचाएंगे। जमील ने अपनी नई भूमिका पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मुझे एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड में शामिल होने की खुशी है और मैं क्लब को मजबूत होने और ट्रॉफी जीतने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं। एफसीबीयू टीम युवाओं और अनुभव का मिश्रण है और मैं उनके साथ काम करने और अपनी सारी सीख साझा करने के लिए उत्सुक हूं।

मुझे विश्वास है कि हम एक व्यक्तिगत खिलाड़ी के दृष्टिकोण से और साथ ही एक टीम के रूप में एक साथ काम कर सकते हैं।ह्व जमील ने महिंद्रा यूनाइटेड, एयर इंडिया और मुंबई एफसी जैसे क्लबों के लिए मिडफील्डर के रूप में खेला। उन्होंने 2002 विश्व कप क्वालीफायर में खेलने सहित 10 से अधिक मैचों में भारतीय राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2009 में मुंबई एफसी के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरूआत की, जिसके बाद वे आइजोल एफसी में शामिल हो गए और 2016-17 सीजन में उन्हें आई-लीग खिताब दिलाया।

## अश्विन को प्रदर्शन में सुधार करके आफ स्पिन गेंद अधिक डालनी होंगी : संगकारा

अहमदाबाद, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का मानना है कि रविचंद्रन अश्विन एक महान क्रिकेटर हैं लेकिन उन्हें सुधार के बारे में सोचकर पारंपरिक आफ ब्रेक गेंद अधिक डालनी चाहिये। भारत के लिये सर्वाधिक टेस्ट विकेट (442) लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज अश्विन अपनी गेंदबाजी में काफी प्रयोग करते हैं। वह कई बार पारंपरिक आफ ब्रेक से अधिक कैरम बॉल डालते हैं। संगकारा ने आईपीएल फाइनल में गुजरात टाइटंस से सात विकेट से हार के बाद कहा, अश्विन ने हमारे लिये बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, क्रिकेट के मैदान पर उसकी उपलब्धियां उसे लीजैंड बनाती हैं। इसके बावजूद सुधार की गुंजाइश है, खास तौर पर उसे आफ स्पिन गेंद अधिक डालनी चाहिये। अश्विन इस सत्र में 17 मैचों में 12 विकेट ही ले सके। फाइनल में भी उन्होंने आफ ब्रेक गेंदों की बजाय कैरम बॉल अधिक डाली। उन्होंने तीन ओवर में 32 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिल सकी। राजस्थान की टीम नौ विकेट पर 130 रन ही बना सकी और संगकारा का मानना है कि वह काफी नहीं थे। उन्होंने कहा, 130 रन कभी काफी नहीं थे। हम यह भी बात कर रहे थे कि पहले गेंदबाजी चुनी जाये।जब हम मैदान पर पहुंचे तो पिच सूखी थी और हमें लगा कि यह धीमी हो जायेगी जिससे हमारे स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हम 160.165 रन की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमने दस ओवर में एक विकेट पर 70 रन बनाये थे और हम अच्छी स्थिति में थे लेकिन संजू के आउट होने के बाद उनके गेंदबाजों ने दबाव बना लिया। हमने पावरप्ले में उनके कुछ विकेट निकाले लेकिन शुभमन गिल को पहले ओवर में जीवनदान देना महंगा पड़ा। सत्र में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद संगकारा का मानना है कि टीम को कई क्षेत्रों में प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

## पहलवान सतेंदर के मामले यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने रेफरी जगबीर का फैसला सही माना

नई दिल्ली, एजेंसी

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने राष्ट्रमंडल खेलों के चयन ट्रायल में 125 क्रिग्रा वर्ग में भारतीय पहलवान सतेंदर मलिक के बाउट (मुकाबले) की समीक्षा करने के बाद कहा कि रेफरी जगबिर सिंह का प्रतिद्वंद्वी पहलवान मोहित को दो अंक देने का फैसला सही था। सतेंदर ने सोशल मीडिया पर इस मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था। इसके बाद डब्ल्यूएफआई ने खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू के रेफरी आयोग को इस विवादित बाउट का वीडियो भेज कर उनकी राय मांगी थी। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के रेफरी आयोग के सदस्य एंटोनियो सिलवेस्त्री और इब्राहिम सिसिओग्लू वीडियो की समीक्षा करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि ह्व इस बाउट में रेफरी ने अच्छा काम किया और सही पहलवान को विजेता घोषित किया। डब्ल्यूएफआई को यूडब्ल्यूडब्ल्यू से 29 मई को जबाब मिला है। इस मामले सतेंदर ने उनके खिलाफ फैसला देने के बाद रेफरी जगबीर को चांटा मार दिया था। इस घटना के बाद डब्ल्यूएफआई ने सतेंदर पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। जगबीर ने कहा, मुझे उसी दिन से पता था कि मेरा फैसला सही है। मैंने अपना पूरा जीवन कुश्ती देखने और बाउट का फैसला करने पर बिता दिया। मैं 32 साल से यह काम कर रहा हूं और 2007 से यूडब्ल्यूडब्ल्यू से मान्याता प्राप्त रेफरी हूं। मैंने 15 विश्व चैम्पियनयशिप में रेफरी की भूमिका निभाई है। डब्ल्यूएफआई ने अब मैट चेयरमैन संजय कुमार और जज जितेंदर मान को अपना काम सही से नहीं करने के आरोप में एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया।

# आईपीएल 2022 में चहल और बटलर की जोड़ी का धमाल, हासिल की खास उपलब्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



**आईपीएल**

- बटलर और युजवेंद्र चहल की जोड़ी आईपीएल इतिहास में तीसरी ऐसी जोड़ी बन गई है, जिन्होंने एक ही फ्रैंचाइजी से क्रमशः ऑरेंज कैप और पर्पल कैप हासिल किया

राजस्थान रॉयल्स की टीम जहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के फाइनल में गुजरात टाइटंस से हार गई, वहीं इसके स्टार खिलाड़ी जोस बटलर और युजवेंद्र चहल की जोड़ी आईपीएल इतिहास में तीसरी ऐसी जोड़ी बन गई है, जिन्होंने एक ही फ्रैंचाइजी से क्रमशः ऑरेंज कैप और पर्पल कैप हासिल किया।

आईपीएल के इतिहास में यह केवल तीसरी बार है जब एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला गेंदबाज एक ही टीम से है। बटलर ने 17 मैचों में 57.53 के औसत और 149.05 के स्ट्राइक रेट से कुल 863 रन बनाए। वहीं, दूसरे स्थान पर 616 रनों के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल हैं। जबकि, युजवेंद्र चहल ने 15वें संस्करण में 17 मैचों में 19.51 की औसत और 7.75 की इकॉनमी से कुल 27 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल किया। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्पिनर वानिंदु हसरंगा थे, जिन्होंने 26 विकेट लिए। इससे पहले 2013 में, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए माइकल हसी ने 733 रनों के साथ ऑरेंज कैप हासिल की, जबकि उनके साथी ड्वेन ब्रावो ने 32 विकेट के साथ पर्पल कैप हासिल किया। वहीं, आईपीएल 2017 में सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वार्नर ने 641 रन के साथ ऑरेंज कैप जीता था, जबकि उनके साथी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने सीजन में 26 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल किया था।

खिताबी मुकाबले में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जोश बटलर के 39 और यशस्वी जायसवाल के 22 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 130 रनों का स्कोर खड़ा किया। गुजरात की तरफ से कप्तान हार्दिक पांड्या ने 3, साई किशोर ने 2, राशिद खान, यश दयाल और मोहम्मद शमी ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में गुजरात ने शुभमन गिल के नाबाद 45, हार्दिक के पांड्या के 34 और डेविड मिलर के नाबाद 32 रनों की बदौलत 18.1 ओवर में 3 विकेट पर 133 रन बनाकर खिताब अपने नाम किया। राजस्थान की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेन्द्र चहल और ट्रेंट बोल्ट ने 1-1 विकेट लिया।

## 59वीं बार आमने-सामने आयेंगे नडाल जोकोविच

पैरिस, एजेंसी



टेनिस जगत के दो सबसे बड़े खिलाड़ी राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच मंगलवार को फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में 59वीं बार एक दूसरे का सामना करेंगे। दोनों में से जो भी यह मुकाबला जीतेगा वह रविवार को होने वाले फाइनल में खिताब जीतने का दावेदार होगा। दुनिया के नंबर एक और मौजूदा चैंपियन जोकोविच ने रविवार को नंबर 15 खिलाड़ी डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-1, 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरी ओर, नंबर पांच पुरुष टेनिस खिलाड़ी और 13 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिये नंबर नौ खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को चार घंटे 21 मिनट चले मुकाबले में 3-6, 6-3, 6-2, 3-6, 6-3 से शिकस्त दी। पिछले साल जब जोकोविच और नडाल का सेमीफाइनल में मुकाबला हुआ था, तब जोकोविच ने नडाल के पेरिस में 35 जीत के सिलसिले को रोकते हुए उन्हें चार सेटों में हराया था। नडाल ने मुकाबले से पहले जोकोविच के बारे में कहा, बेशक हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं, हमारा एक साथ काफी इतिहास है। बेशक, वह रोम जीतने के बाद यहां आए हैं।

मेरे लिये यहां तक पहुंचने तक का सफर आदर्श नहीं रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन हम यहाँ हैं। हम रोलैंड गैरोस में हैं, जो निसंदेह मेरी पसंदीदा जगह है। और केवल एक चीज जो मैं आपको बता सकता हूं कि मैं (सोमवार) से ध्यान केंद्रित करने जा रहा हूं, हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कि क्या हो सकता है। मैं केवल एक चीज निश्चित रूप से कह सकता हूं कि मैं अंत तक लड़ने जा रहा हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैच के बारे में बात करते हुए जोकोविच ने कहा, यह मुकाबला बहुत से लोगों के लिये बहुप्रतीक्षित है। मैं खुश हूं क्योंकि मैंने कोर्ट पर ज्यादा समय नहीं बिताया, क्योंकि मैच बहुत रोमांचक होने जा रहा है। मैं तैयार हूं, सामने कोई भी हो, मैं जीत की कोशिश करना ही पसंद करता हूं।

## अगर भारत को अगले कुछ साल में कप्तान की जरूरत होगी तो मैं हार्दिक को चुनूंगाः माइकल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने पदार्पण कर रहे गुजरात टाइटंस को अपनी अगुआई में इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जिताने के बाद भारत के भविष्य के कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या के नाम की वकालत की है। हार्दिक ने पूर्व चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट चटकाने के अलावा 34 रन की उम्दा पारी खेली जिससे टाइटंस ने सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए आईपीएल 2022 का खिताब जीता।

वॉन ने ट्वीट किया, नई फ्रेंचाइजी की शानदार उपलब्धि... अगर भारत को अगले कुछ वर्षों में नए कप्तान की जरूरत है तो मैं हार्दिक पंड्या के अलावा किसी के नाम पर गौर नहीं करूंगा। शानदार काम किया गुजरात। आईपीएल 2022। रोहित शर्मा अभी तीनों प्रारूप में भारतीय टीम के कप्तान हैं। उन्होंने विराट कोहली से यह जिम्मेदारी ली है। हार्दिक के नेतृत्व कौशल की सराहना कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने की है जिनमें सुनील गावस्कर और टाइटंस टीम के मार्गदर्शक गैरी कर्स्टन भी शामिल हैं। हार्दिक ने आईपीएल 2022 में 487 रन बनाने के अलावा आठ विकेट भी चटकाए। फाइनल में उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत टाइटंस ने रॉयल्स को नौ विकेट पर 130 रन के स्कोर पर रोक दिया। हार्दिक ने 34 रन की अहम पारी भी खेली जिसके बाद शुभमन गिल (नाबाद 45) और डेविड मिलर (नाबाद 32) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। टाइटंस ने 18.1 ओवर में जीत दर्ज की।

## दिसंबर में टी20 श्रृंखला के लिये आस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी भारतीय महिला टीम

मेलबर्न, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस साल दिसंबर में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को इस सत्र के लिये महिला और पुरूष टीम के कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार मार्च में वनडे विश्व कप खेला था। अब वह जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेगी और सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली ने कहा, टीम के लिये अगले आठ महीने काफी रोमांचक होंगे जिसमें भारत का दौरा, पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला, द हंड्रेड और अपना घरेलू सत्र शामिल है। इसके बाद टी20 विश्व कप होना है। आस्ट्रेलियाई पुरूष टीम भी सितंबर में तीन टी20 मैच खेलने भारत आयेगी। टी20 विश्व कप आस्ट्रेलिया में 17 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच होना है। आस्ट्रेलियाई पुरूष टीम को इस साल भारत के दौरे पर चार टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 खेलने थे लेकिन कोरोना महामारी के कारण टी20 विश्व कप एक साल खिसकने के कारण अब लाल गेंद के मैच अगले साल फरवरी और मार्च में होंगे।



भारतीय पुरूष टीम नौ से 19 जून तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेगी जिसके बाद आयरलैंड दौरे पर दो टी20 खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां और आखिरी टेस्ट एक जुलाई से होगा जो पिछले साल भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद स्थगित कर दिया गया था।

## फुटबॉल खिलाड़ियों को सही मौका देने की जरूरतः भूटिया

शिलांग, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने सोमवार को कहा कि देश में फुटबॉल के परिदृश्य में काफी बदलाव आ रहा है और खिलाड़ियों को सही मौका देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में खेलों में काफी प्रतिभा है। भूटिया ने यहां असम राइफल्स पब्लिक स्कूल में बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) के उद्घाटन के मौके पर पीटीआई-भाषा से कहा, भारत में फुटबॉल के परिदृश्य में काफी बदलाव आ रहा है और अब खिलाड़ियों के लिए अधिक मौके हैं। हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि खिलाड़ियों को सही तरीके से मौके मिल सके। उन्होंने कहा कि बीबीएफएस शुरू करने का उनका मकसद यह है कि युवा खिलाड़ियों को फुटबॉल में सही उम्र में बेहतर मौका मिल सके। उन्होंने इस मौके पर पूर्वोत्तर भारत में खेल प्रतिभा के बारे में कहा, हमारे लिए इस क्षेत्र में काफी प्रतिभा है। यहां इस तरह के केंद्र शुरू करने की जरूरत है। हम बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने की योजना बना रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भरभरा कर गिरा बहुमंजिला मकान, अब तक 31 लोगों की मौत

दुबई। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी शहर अबादान में दंगा रोधी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प की खबर सामने आई है। इस बीच, सरकारी मीडिया के मुताबिक, पिछले हफ्ते इमारत गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 31 हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि निमार्णाधीन टावर के मलबे में से दो और शव निकाले गए हैं। बचावकर्मियों ने सोमवार को भी मलबा साफ करने का काम जारी रखा और मेट्रोपोल बिल्डिंग के मलबे में और शवों की तलाश में जुटे रहे। घटना में जख्मी हुए 37 में से दो लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। पिछले हफ्ते इमारत ढहने की घटना के बाद अबादान में लोग सड़कों पर उतर आए, जिससे इलाके की शांति व्यवस्था प्रभावित हुई। प्रदर्शनकारियों और दंगा रोधी पुलिस में कई बार संघर्ष भी हुआ। अर्ध सरकारी समाचार एजेंसी फारस ने कहा कि शोकाकुल लोग रविवार रात को घटनास्थल पर जमा हुए, तभी प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने सरकारी टीवी की कैमरा टीम पर हमला कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर किया। विदेश स्थित फारसी भाषी टीवी चैनलों ने अबादान के कुछ फुटेज प्रसारित किए हैं, जिनमें प्रदर्शकारी पुलिस के साथ संघर्ष करते और उन पर पथराव करते नजर आ रहे हैं।

### पाक में घरों को आग लगाने की घटना में बच्ची की मौत

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो बहनों को कथित रूप से अगवा किए जाने के बाद उनके समुदाय के सदस्यों ने आरोपी समुदाय के लोगों के घरों में आग लगा दी जिससे चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। देश में झूठी शान से जुड़े अपराध का यह एक और मामला है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपियों ने रविवार को हैदराबाद के पास रोहरी में घरों को आग लगा दी। इससे पहले चौहान समुदाय की दो बहनों को प्रतिद्वंद्वी पंहवार समुदाय के लोगों ने कथित रूप से अगवा कर लिया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, करीब 10-12 हथियारबंद व्यक्तियों ने रोहरी के पास शाम कालादी गांव में कम से कम 10 घरों को रविवार को आग लगा दी और एक घर में चार वर्षीय बच्ची फंस गई जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, चौहान समुदाय की महिला पहंवार समुदाय के एक शख्स से प्यार करती थी और उससे शादी करना चाहती थी। इसके बाद जब वह अपनी बहन के साथ घर से चली गई तो प्रभावित परिवार ने इसकी शिकायत समुदाय के बुजुर्गों से की और दावा किया कि दोनों बहनों को पहंवार समुदाय के लोगों ने अगवा कर लिया है।

### मोदी सरकार की विदेश नीति है जन केंद्रित : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर आज कहा कि भारत की विदेश नीति अब जन केंद्रित हो चुकी है जो देश की सुरक्षा, सहयोग, संस्कृति और समृद्धि सुनिश्चित करने के साथ विश्व पटल पर भारत को उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयत्नशील है। मोदी की सरकार के आज आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर विदेश मंत्री ने देश की विदेश नीति के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डाला कि मोदी विदेश नीति के आठ वर्षों में जनता केंद्र में रही है। यह ऐसी कूटनीति है जो हमारे विकास, सुरक्षा और सभ्यता के लिए समर्पित है। विदेश मंत्री ने कहा कि पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया में आमूलचूल बदलाव, त्वरित, भ्रष्टाचार मुक्त एवं लोगों के स्थान के नजदीक डिलीवरी सुनिश्चित की गई है।

# चीन 10 प्रशांत राष्ट्रों के साथ व्यापक नए समझौते करने में विफल रहा

**सुवा, एजेंसी**




चीन 10 प्रशांत राष्ट्रों के साथ व्यापक नए समझौते करने में सोमवार को विफल रहा। इस क्षेत्र के कुछ लोगों ने इसको लेकर गहरी चिंता भी व्यक्त की है। हालांकि, चीन के विदेश मंत्री वांग यी की यात्रा के दौरान देश को मामूली ही सही, पर कुछ सफलताएं जरूर मिली हैं। वांग 10 द्वीप राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की सह-मेजबानी करने के लिए फिजी पहुंचे हैं।

वांग और फिजी के प्रधानमंत्री फ्रैंक बाइनीमारामा ने एक संवाददाता सम्मेलन में 30 मिनट तक बात की, लेकिन पत्रकारों के कई तरह के सवाल पूछने पर अचानक वे वहां से चले गए। बैठक से संबंधी सभी जानकारी नहीं मिल पाई, हालांकि यह स्पष्ट हो गया कि चीन के मंसूबे बैठक में सफल नहीं हो पाए। बाइनीमारामा ने कहा, हमेशा की तरह हम नए क्षेत्रीय समझौतों पर किसी भी चर्चा के दौरान अपने देशों के बीच सर्वसम्मती चाहते हैं। इस क्षेत्र में चीन की सैन्य एवं वित्तीय महत्वाकांक्षाओं के बारे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंताए व्यक्त की गई हैं, जबकि फिजी के कई लोग विदेशी निवेश को फायदेमंद मानते हैं, लेकिन तब तक ही, जब तक यह लोगों का उत्थान करता है। फिजी की जॉर्जीना मटिल्डा ने कहा कि चीनी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी चाइना रेलवे के लिए काम करने का मतलब है कि वह अपने बच्चों को भोजन मुहैया करवा पाएंगी। मिलियान रोकोलिता ने कहा कि चीन की बढ़ती उपस्थिति से लोगों को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, उनकी वजह से हमें बड़े घर मिले हैं। फिजी में पैसा आया है। वे अच्छे लोग हैं। वांग को उम्मीद थी कि बैठक में 10 द्वीप राष्ट्र पूर्व-लिखित समझौते का समर्थन करेंगे। हालांकि, वांग इस पर सभी को सहमत नहीं कर पाएं।

**समर्थन**

- माइक्रोनेशिया के संघीय राज्यों के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने अन्य प्रशांत नेताओं से कहा कि वह योजना का समर्थन नहीं करेंगे

माइक्रोनेशिया के संघीय राज्यों के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने अन्य प्रशांत नेताओं से कहा कि वह योजना का समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने एक एक पत्र के जरिए आगाह किया कि यह अनावश्यक रूप से भू-राजनीतिक तनाव को बढ़ाएगा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न करेगा। पैनुएलो ने इसे प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक बदलाव लाने वाला प्रस्तावित समझौता करार दिया और कहा कि इससे एक नया शीत युद्ध युग और सबसे खराब विश्व युद्ध शुरू हो सकता है। वांग ने संवाददाता सम्मेलन में कुछ क्षेत्रों को सूचीबद्ध किया जिस पर देशों ने सहमति व्यक्त की और कहा कि वह अन्य क्षेत्रों पर काम जारी रखेंगे।

वांग ने कहा कि बैठक के बाद, चीन प्रशांत द्वीप देशों के साथ अपने रुख और सहयोग प्रस्तावों पर एक दस्तावेज पोजेशन पेपर जारी करेगा। किसी मुद्दे पर एक तर्कपूर्ण राय प्रस्तुत करने के लिए जारी दस्तावेज को पोजेशन पेपर कहते हैं। उन्होंने कहा, इस पर और सहमति हासिल करने के लिए हम आगे भी गहन चर्चा तथा परामर्श जारी रखेंगे। चीन भले ही व्यापक बहुपक्षीय समझौते करने में विफल रहा हो, लेकिन वांग की इस यात्रा के दौरान वह हर दिन प्रशांत देशों के साथ कुछ छोटे द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर कर रहा है।

गौरतलब है कि चीन ने सोलोमन आईलैंड्स और नौ अन्य द्वीपीय राष्ट्रों के समक्ष सुरक्षा प्रस्ताव रखे थे। मसौदा प्रस्ताव से कहा गया था कि चीन प्रशांत पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के साथ ही परम्परागत और गैर-परम्परागत सुरक्षा को लेकर उन्हें संगठित करना और कानून प्रवर्तन सहयोग को बढ़ाना चाहता है। वह संयुक्त रूप से मत्स्य उद्योग के लिए समुद्री योजना विकसित करना और प्रशांत राष्ट्रों के साथ मुक्त कारोबार की संभावना भी तलाशना चाहता है।

## पियरिस ने अमेरिकी राजदूत को संविधान में प्रस्तावित 21वें संशोधन के बारे में जानकारी दी

**कोलंबो, एजेंसी**



श्रीलंका के विदेश मंत्री जीएल पियरिस ने अमेरिका की राजदूत जूली चुंग को संविधान में प्रस्तावित 21वें संशोधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चुंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों के अलावा श्रीलंका को सबसे बुरे आर्थिक संकट से उबारने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा दी जा रही सहायता पर व्यापक चर्चा भी की। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है।

संविधान में 21वें संशोधन के बाद संशोधन 20ए निरस्त हो जाएगा। इससे पहले, 19वां संशोधन रद्द करके 20ए पारित किया गया था, जिसके बाद राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को असीम शक्तियां मिल गई थीं। अब यदि 21वां संशोधन पारित होता है तो संसद को देश चलाने के लिए ज्यादा शक्तियां मिल जाएंगी। आर्थिक व राजनीतिक मामलों के समाचार पोर्टल इकॉनोमी नेक्स्टह्व ने रविवार को पियरिस और चुंग की मुलाकात के बाद विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान का हवाला देते हुए कहा, विदेश मंत्री ने श्रीलंका में आर्थिक चुनौतियों को कम करने के लिए अमेरिका और अन्य देशों से द्विपक्षीय व बहुपक्षीय माध्यमों से निरंतर समर्थन देने की अपील की। पियरिस ने अमेरिकी राजदूत को संविधान में 21वें संशोधन के मसौदे के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ हुई चर्चा के बारे में भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि संसद द्वारा अनुमोदित 21वें संशोधन से श्रीलंका को कई तरह से मदद मिलेगी।

उन्होंने मौद्रिक शक्तियों के इस्तेमाल के संबंध में संसद को अधिक अधिकार देने के लिए मौजूदा कानूनों को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया था। पियरिस ने संकट के इस दौर में श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मिल रही सद्भावना और मदद की सराहनी की। जवाब में अमेरिकी राजदूत ने अमेरिका को श्रीलंका का मित्र देश बताते हुए कहा कि वाशिंगटन इस मुश्किल दौर में कोलंबो की मदद करना जारी रखेगा।

# नेपाल विमान हादसे में 4 भारतीयों सहित 22 लोगों की मौत, अब तक 16 शव बरामद, रेस्क्यू जारी

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल के पर्वतीय मुस्तांग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हुए, विमानन कंपनी तारा एअर के विमान के मलबे से अभी तक 16 शव निकाले जा चुके हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तारा एअर का ट्विन ओट्टर 9एन-एईटी विमान रविवार की सुबह पोखरा से उड़ान भरने के कुछ समय बाद नेपाल के पहाड़ी इलाके में लापता हो गया था।

कनाडा निर्मित विमान में चार भारतीय, दो जर्मन और 13 नेपाली नागरिकों सहित कुल 22 लोग सवार थे। यह विमान पोखरा से मध्य नेपाल स्थित मशहूर पर्यटक शहर जोमसोम की ओर जा रहा था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने एक बयान में बताया कि कि मुस्तांग जिले में विमान के मलबे से सोमवार को 16 शव बरामद किए गए हैं। बयान के अनुसार, दुर्घटनास्थल से मिली जानकारी के मुताबिक 16 शव निकाले गए हैं और उनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। सीएएएन ने बताया कि मुस्तांग जिले के थसांग-2 में 14,500 फुट की ऊंचाई पर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। अवरुद्ध मार्ग को साफ करने के लिए इलाके में पहुंचे इंदा सिंह ने पाया कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि विमान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। समाचार पत्र ने सिंह के हवाले से कहा, विमान में सवार सभी लोग मृत मिले हैं। शव शिनाख्त करने की स्थिति में हैं। सिंह ने बताया कि शव एक नजदीकी खड्ड में हैं, इसलिए उन्हें निकालने में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि विमान में आग नहीं लगी थी। विमान संभवतः एक चट्टान से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

दुर्घटनास्थल पर नेपाल सेना, एयर डायनेस्टी, कैलाश हेलीकॉप्टर, फिशटेल एयर हेलीकॉप्टर के खोज एवं बचाव दल और अन्य बचाव कर्मियों को तैनात किए गए हैं। फिशटेल एयर का 9एन-एजेआर हेलीकॉप्टर दुर्घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचा और सोमवार को सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर उसने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की। विमानन कंपनी की ओर से जारी यात्रियों की सूची के अनुसार, विमान में मौजूद भारतीयों की पहचान अशोक कुमार त्रिपाठी, उनकी पत्नी वैभवी बांडेकर त्रिपाठी और बच्चों-धनुष त्रिपाठी व ऋतिका त्रिपाठी के तौर पर हुई है। यह परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले का रहने वाला है।

**घटना**

- विमान में सवार सभी लोग मृत मिले हैं। शव शिनाख्त करने की स्थिति में हैं

नेपाल की सेना ने सोमवार को बताया कि लापता होने के करीब 20 घंटे बाद विमान का मलबा मिला। इससे पहले, सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर नारायण सिल्वाल ने ट्वीट किया, सैनिकों और बचावकर्मियों ने दुर्घटनास्थल का पता लगा लिया है। इससे जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी। उन्होंने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, दुर्घटनास्थल मुस्तांग जिले के थसांग-2 के सनोसवेयर में है। सिल्वाल ने बताया कि पुलिस निरीक्षक लेफ्टिनेंट मंगल श्रेष्ठ और एक गाइड दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।

## इंडोनेशिया में नौका डूबने के तीन दिन बाद 10 और लोगों का पता लगाया गया

**इंडोशिया, एजेंसी**

इंडोनेशिया के दक्षिणी सुलावेसी प्रांत में मकास्सर जलडमरूमध्य में एक मालवाहक नौका के डूबने के तीन दिन बाद 10 और लोगों का पता लगा लिया गया है, जिसमें नाव का कप्तान और चालक दल के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। यह नौका शुक्रवार को खराब मौसम के कारण डूब गई थी। इसमें सवार 42 में से 31 लोगों को बचा लिया गया है।

प्रांतीय खोजी और राहत एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख जुनैदी ने बताया कि बचाव अभियान शनिवार को शुरू किया गया था। केएम लदांग पेरतिवी 02 नौका बृहस्पतिवार सुबह मकास्सर के एक बंदरगाह से पैंगकेप रीजेंसी के कलमास द्वीप जा रही थी। नौका में सवार 10 लोगों को सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने बचा लिया और उन्हें पमांतौआन द्वीप स्थित अपने घर ले गए। जुनैदी ने बताया, वे सुरक्षित हैं और उनकी हालत ठीक है। डूबी हुई नौका को शुरू में एक यात्री नौका बताया गया था, लेकिन बाद में जुनैदी ने स्पष्ट किया कि यह निर्माण सामग्री ले जाने वाली एक मालवाहक नौका थी। इस पर 36 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे।



अधिकारियों ने बताया कि खोज एवं बचाव दल 11 शेष यात्रियों की तलाश कर रहे हैं। 17,000 से अधिक छोटे द्वीपों के द्वीपसमूह इंडोनेशिया में नौका हादसे आम हैं। यहां अक्सर परिवहन के लिए नौकाओं का उपयोग किया जाता है और इस दौरान सुरक्षा नियमों की अनदेखी भी की जाती है। उत्तरी सुमात्रा प्रांत में 2018 में ज्वालामुखी से बने एक गहरे गड्ढे वाली झील में एक नौका के डूब जाने से 167 लोगों की मौत हो गई थी।

उस नौका में लगभग 200 लोग सवार थे। वहीं, फरवरी 1999 में इंडोनेशिया में एक यात्री जहाज डूब गया था, जिसमें 332 लोग सवार थे। हादसे में केवल 20 लोग ही जीवित बचे थे। इस हादसे को देश के सबसे दर्दनाक हादसों में से एक माना जाता है।

## एक्यूआईएस की पत्रिका के नाम में बदलाव संगठन के कश्मीर पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत : रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) की पत्रिका के नाम में बदलाव इस बात का संकेत है कि आतंकवादी संगठन अब अफगानिस्तान से एक बार फिर कश्मीर की ओर ध्यान केंद्रित कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है।


अफगानिस्तान की शांति, स्थिरता एवं सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले तालिबान और अन्य संबद्ध व्यक्तियों एवं संस्थाओं के संबंध में संकल्प 2611 (2021) के तहत विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी दल की 13वीं रिपोर्ट शनिवार को पेश की गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अल-कायदा के अधीनस्थ होने के कारण एक्यूआईएस अफगानिस्तान में अधिक चर्चा में नहीं रहता, जहां उसके अधिकतर आतंकवादी मौजूद हैं। इसमें कहा गया है, इस समूह के लड़ाकों में बांग्लादेश, भारत, म्यांमा और पाकिस्तान के नागरिक शामिल हैं। वे गजनी, हेलमंद, कांधार, निमरुज, पक्तिका और जाबुल प्रांत में सक्रिय हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्यूआईएस का कांधार के शोराबक जिले में अक्टूबर 2015 में अमेरिका और अफगानिस्तान द्वारा किए गए संयुक्त हमले से हुए नुकसान के कारण अब भी एक कमजोर संगठनह्व के रूप में आकलन किया जा रहा है। एक्यूआईएस को वित्तीय रुकावटों के कारण कम आक्रामक रुख अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अफगानिस्तान में पिछले साल अगस्त में तालिबान के सत्ता में आने के नौ महीने बाद जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है, अफगानिस्तान में नई परिस्थितियां अल-कायदा की तरह एक्यूआईएस को भी खुद को पुनर्गठित करने की अनुमति दे सकती हैं।












स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129